रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2019 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-64 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी अमृता के कुलपति बनने के कयास



**रायपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की पत्नी अमृता सिंह कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय की कुलपति बन सकती हैं। अमृता ने 5 दिन पहले ही राज्यपाल अनुसुइया उइके को अपना नामांकन भेजा है।

### राज्य सरकार के अधिकारियों-कर्मचारियों को दीपावली से पहले मिलेगा अक्टूबर माह का वेतन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार राज्य सरकार के अधिकारियों-कर्मचारियों को माह अक्टूबर 2019 का वेतन दीपावली के पहले 24 और 25 अक्टूबर को मिलेगा। वित्त विभाग द्वारा आज यहां मंत्रालय से शासन के सभी विभागों, विभागाध्यक्षों, संभागीय कमिश्नरों, जिला कलेक्टरों और अध्यक्ष राजस्व मंडल को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं।

## बाजार.भाव

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 39,197 | -50 |
| चांदी | 49,300 | -300 |

## इनसाइड स्टोरी

**पशु हो सकते है सर्पदंश के शिकार, ग्रामीण पशुओं को...**

पेज-04

### मुख्यमंत्री आज बस्तर जिले के दौरे पर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 19 अक्टूबर को बस्तर जिले के दौरे पर जाएंगे। श्री बघेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रायपुर से पूर्वान्ह 10.45 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर दोपहर 12 बजे बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के ग्राम मारडूम पहुंचेंगे और वहां आमसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री अपरान्ह 2.30 बजे बस्तर जिले के तोकापाल विकासखण्ड के ग्राम कुरेंगा में आमसभा को संबोधित करने के बाद शाम 5.15 बजे रायपुर लौट आएंगे।

### औरंगाबाद में डेंगू का कहर, सात लोगों की मौत

**औरंगाबाद।** महाराष्ट के औरंगाबाद में डेंगू धीरे-धीरे महामारी का रूप लेता जा रहा है। डेंगू से अबतक सात लोगों की मौत हो चुकी है और प्रतिदिन औसतन 15 लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि अब तक 51 लोग डेंगू के शिकार बन चुके हैं।

### अर्थव्यवस्था में सुधार की कोई योजना नहीं सरकार के पास : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि आर्थिक बदहाली के कारण देश की और खासकर ग्रामीण भारत की स्थिति बहुत खराब हो गई है लेकिन सरकार के पास इस संकट से उबरने के कोई योजना नहीं हैं। देश में आर्थिक मंदी को लेकर श्री गांधी सरकार पर लगातार हमला कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को भी सरकार पर तीखा हमला किया।

# चक्रवात का असर : रायपुर में बारिश, पूरे प्रदेश में छाए बादल

**प्रदेश का मौसम खुशनुमा होना शुरू हो चुका है, यानी की गुलाबी ठंड ग्रामीण क्षेत्रों में और शहर के बाहर महसूस की जाने लगी है**

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अनेक हिस्सों में सुबह से बादल छाया हुआ है। दोपहर में रायपुर में तेज बारिश हुई। अगले 24 घंटों में प्रदेश में अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश होने और पूरे प्रदेश में बादल छाए रहने का पूर्वानुमान है। कांकेर में बीती रात करीब चार घंटे तक तेज बारिश होने की खबर है। मानसून की बिदाई के बाद हो रही इस बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अर्ली वेराइटी के धान फसल की कटाई में जुटे किसान उपज की सुरक्षा को लेकर परेशान हैं। वहीं दीपोत्सव की तैयारी में जुटे नागरिकों को घरों की रंगाई पोताई में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मानसून की विदाई के साथ ही प्रदेश के अनेक हिस्सों में गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी।

इस बीच अचानक मौसम का मिजाज बदलने से पेंड्रा और अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान लगातार 20 डिग्री के नीचे बना हुआ है। लेकिन अन्य शहरों का पारा इससे अधिक है। दिन का तापमान बढ़ने की दो वजह माना जा रहा है।

पहला मैदानी इलाकों में गुरुवार को खिली धूप, दूसरा बस्तर-सरगुजा संभाग में बदली। हालांकि प्रदेश का मौसम खुशनुमा होना शुरू हो चुका है।

यानी की गुलाबी ठंड ग्रामीण क्षेत्रों में और शहर के बाहर महसूस की जाने लगी है। गुरुवार को रायपुर में सुबह से ही धूप खिली रही और तापमान चढ़ा हुआ था।

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया था कि शुक्रवार को रायपुर में बदली छाई रहेगी और शाम को गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी होगी। दोपहर में ही तेज बारिश होने लगी। इससे जनसामान्य को परेशानियां हुई। रायपुर में नवंबर के अंत में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के नीचे पहुंचने का पूर्वानुमान है।



फोटो-राजेश जंघेल

### जगदलपुर में 15.4 मिमी बारिश

चक्रवात और द्रोणिका की वजह से प्रदेश में सर्वाधिक बारिश जगदलपुर में दर्ज की गई, जो 15.4 मिमी थी।हालांकि इन दोनों ही सिस्टम का असर अगले 24 घंटे तक पूरे प्रदेश में बना रहेगा। कांकेर में रात में अच्छी बारिश हुई।

## अयोध्या विवाद

# मुस्लिम पक्षकार बोले- सुन्नी वक्फ बोर्ड को छोड़ किसी पक्ष को समझौता मंजूर नहीं

वार्ता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

अयोध्या विवाद में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है और कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। 17 नवंबर के पहले कभी भी अदालत देश के सबसे पुराने विवाद में अपना फैसला सुना सकती है। इस बीच मुस्लिम पक्षकारों ने बयान जारी करते हुए कहा कि सुन्नी वक्फ बोर्ड के अलावा हमें किसी तरह का समझौता मंजूर नहीं है। पक्षकारों ने मध्यस्थता पैनल के सामने हुई बातों को जान-बूझकर लीक किए जाने का भी आरोप लगाया है।

### 'मध्यस्थता के लिए अपनाई प्रक्रिया करते हैं खारिज'

मुस्लिम पक्षकारों की तरफ से छह प्रतिनिधियों ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा, 'सुन्नी वक्फ बोर्ड के अलावा किसी पक्ष को समझौता मंजूर नहीं है। समझौते की शर्तें जो लीक हुई हैं, वह हमें मंजूर नहीं हैं। इसके साथ ही मध्यस्थता के लिए अपनाई प्रक्रिया को भी हम खारिज करते हैं। समझौते के लिए जमीन पर दावा वापस लेने की शर्त हमें मंजूर नहीं है।' इस बीच बाबरी मस्जिद ऐक्शन कमिटी के संयोजक और मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता जफरयाब जिलानी ने विश्वास जताया है कि कोर्ट का फैसला उनके हक में आएगा। उन्होंने कहा कि जिस नक?शे को सुप्रीम कोर्ट में फाड़ा गया, वह 1986 में प्रकाशित किताब का है, जिसे सुप्रीम कोर्ट भी नहीं मानता है।



### हिंदू महासभा के वकील ने पेश किया था रामजन्मभूमि का पुराना नक्शा

सुनवाई के 40वें दिन अखिल भारतीय हिंदू महासभा की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने एक किताब व कुछ दस्तावेज के साथ विवादित भगवान राम के जन्म स्थान की पहचान करते हुए एक नक्शा जमा किया। मुस्लिम पक्ष की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील राजीव धवन ने दस्तावेज के रेकॉर्ड में नहीं होने की बात कहते हुए आपत्ति जताई। अदालत में दस्तावेज को फाड़ने की 5 जजों की बेंच से अनुमति मांगते हुए धवन ने कहा, 'क्या, मुझे इस दस्तावेज को फाड़ने की अनुमति है....यह सुप्रीम कोर्ट कोई मजाक नहीं और इसके बाद उन्होंने दस्तावेज के टुकड़े-टुकड़े कर दिए।'

### सीजेआई 17 नवंबर को होंगे रिटायर

सीजेआई अगले महीने 17 नवंबर को रिटायर होने वाले हैं, ऐसे में माना जा रहा है कि उससे पहले अयोध?या मामले में फैसला आ सकता है। बुधवार को शाम चार बजे अयोध्या मामले पर लगातार 40 दिन तक चली सुनवाई पूरी हो गई। सीजेआई की अध्यक्षता वाली संवैधानिक बेंच ने संबंधित पक्षों को 'मोल्डिंग ऑफ रिलीफ' पर लिखित नोट रखने के लिए 3 दिन का अतिरिक्त समय दिया है।

### इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को दी गई है चुनौती

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 30 सितंबर 2010 को विवादित 2.77 एकड़ जमीन को सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और रामलला विराजमान के बीच बराबर-बराबर बांटने का आदेश दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ 14 याचिकाएं दायर की गईं थीं। शीर्ष अदालत ने मई 2011 में हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के साथ विवादित स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था।

# कांग्रेस सरकार का सर्वर डाउन हो गया है : रमन

- राजनीति का हो रहा अपराधीकरण
- कांग्रेस के कुशासन से बस्तर के बिगड़े हालात

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर-जगदलपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा है कि कांग्रेस सरकार का सर्वर डाउन हो गया है। छत्तीसगढ़ में सत्तासीन कांग्रेस प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण करने में लिप्त है। कांग्रेस के कुशासन में बस्तर के हालात बिगड़ गए हैं। बस्तर में एक भी नया काम विगत 10 महीने में शुरू नहीं हुआ है। पूर्व के आरंभ काम भी बंद हो गये है।आज पत्र वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश को दिवालियेपन की कगार पर खड़ा कर दिया है। अधिकारियों को ताश की गड्डी की तरह फेंटा जा रहा है। जनता से दूर हुई सरकार

श्री सिंह ने कहा कि 10 महीने में ही कांग्रेस छत्तीसगढ़ की जनता से दूर हो गई है। नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस सरकार लगातार पांसे पलट रही है। अपनी पराजय सामने देख कांग्रेस भाग रही है। जनता के वोट देने का हक छीन कर खरीद फरोख्त और दबाव की राजनीति का षड्यंत्र किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र का ढिंढोरा पीटा था।

अब उसकी धज्जियां उड़ रही है। हाथ में गंगाजल और गीता लेकर शराबबंदी का वायदा करने वाली कांग्रेस के शासन में शराब की दुकानों से वसूली हो रही है। शराब को 20 से 50 रूपये तक अधिक कीमतों में बेचा जा रहा है। यह भूपेश टैक्स किसकी जेब में जा रहा है।



### सावरकर महान स्वंतत्रता संग्राम सेनानी

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वीर सावरकर महान स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन पर टिप्पणी करने वालों को इतिहास पढ़ना चाहिए। आज पत्र वार्ता के दौरान भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद रामविचार नेताम, केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी, चुनाव प्रभारी नारायण चंदेल, पूर्व मंत्री केदार कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, श्रीनिवास राव मद्दी, कमलचंद भंजदेव मौजूद थे।

## चित्रकोट उपचुनाव 20 हजार वोटों से जीतेगी कांग्रेस : भूपेश बघेल

**हरियाणा और महाराष्ट्र में भी पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहेगा**



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दावा किया है कि कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ के चित्रकोट में होने वाले विधानसभा उपचुनाव 20 हजार मतों से जीतेगी। नई दिल्ली में उन्होने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि इस विधानसभा चुनाव में चौकाने वाले नतीजे देखने को मिलेंगे। हरियाणा महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में जनता परिवर्तन के मूड है। कांग्रेस को चुनाव में पाना ही पाना है। उन्होने कहा कि वे जल्दी ही वहां प्रचार करने के लिए दुबारा पहुंच रहे है। गौरतलब है कि कि सीएम भूपेश बघेल बस्तर के चित्रकोट में चुनाव प्रचार से लौटकर सीधे लखनउ लिए चले गए थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश की 4 विधानसभा में सघन दौरा किया। इसके बाद मुख्यमंत्री हरियाणा के दौरे पर निकल गए है।

## सशक्त हरियाणा, सशक्त भारत बनाएंगेः मोदी



**मोहाना(हरियाणा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा में सोनीपत के एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सोनीपत का मतलब है किसान, जवान एवं पहलवान। इसकी इन तीन शक्ति यों के दम पर हम सशक्त हरियाणा एवं सशक्त भारत बनाएंगे। श्री मोदी आज सोनीपत में गोहाना विधानसभा के मोहाना गांव में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए अपने भाषण की शुरुआत में कहा कि भक्त फूल सिंह की इस धरा को वह नमन करते हैं तथा अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं कि लोकसभा चुनाव में आपके बीच समय के अभाव में नहीं आ पाया लेकिन आपने बगैर किसी गिला शिकवा के सोनीपत में कमल खिलाया। प्रधानमंत्री ने कहा लोकसभा चुनाव में आपने बड़े बड़ों का अहंकार मिट्टी में मिला दिया। जिनको भ्रम था कि रोहतक, झज्जर, जींद एवं सोनीपत के मालिक हैं।

## सीडी कांड की सुनवाई दूसरे प्रदेश में करने सीबीआई की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रदेश में बहुचर्चित अश्लील सीडी कांड की सुनवाई छत्तीसगढ़ के बजाय किसी दूसरे हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। सीबीआई ने चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच में अर्जी लगाई है। 29 सितंबर को यह याचिका पेश की गई।सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार सुनवाई की तारीख 21 अक्टूबर तय की गई है। गौरतलब है कि सीडी कांड में रिंकू खनूजा की खुदकुशी के बाद सीबीआई ने अप्रत्यक्ष तौर पर जांच में तेजी नहीं दिखाई। सरकार बदलने के बाद से ही मामले की जांच को लेकर कई तरह की चर्चाएं थी।

## नवप्रवर्तन रैंकिंग में कर्नाटक शीर्ष पर, छत्तीसगढ़ सबसे निचले पायदान पर

वार्ता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

नवप्रवर्तन के आधार की गई राज्यों की रैंकिंग में कर्नाटक शीर्ष स्थान पर रहा है। इसके बाद क्रमशः तमिलनाडु और महाराष्ट्र का स्थान रहा। नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। वहीं दूसरी तरफ बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ सूची में सबसे नीचे हैं। भारत नवप्रवर्तन सूचकांक 2019 को वैश्विक नवप्रवर्तन सूचकांक (जीआईआई) के अनुरूप ही तैयार किया गया है। इसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की नई खोज को लेकर माहौल पर गौर किया गया है। इससे नीतिनिर्मांताओं को हर क्षेत्र में नवप्रवर्तन को ➢शेष पेज 8 पर

**अवशेष का प्रबंधन खेतों में ही करें, सरकार प्रति एकड़ 1000 रुपये देगी**

# फसल अवशेष जलाने वालों पर कृषि, राजस्व विभाग की रहेगी कड़ी नजर

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

कटाई के बाद फ़सल अवशेष जलाने का इस बार खेतों पर कृषि और राजस्व विभाग की कड़ी नजर रहेगी। उन हार्वेस्टर मालिकों को भी अपने हार्वेस्टर का रजिस्ट्रेशन करवाना होगा जो कटाई के लिए गांवों तक पहुंचने की तैयारी में लग चुके हैं। फसलों में बालियां लग चुकी है। अर्ली वैरायटी धान की फ़सल की कटाई दीपावली के बाद चालू हो जाएगी। इस बार देर से ही सही लेकिन मॉनसून ने भरपूर साथ दिया। अर्ली वैरायटी की फ़सल की स्थिति को देखते हुए खलिहान साफ़ किए जा रहे हैं। पंजाब हरियाणा के हार्वेस्टर मालिकों का हार्वेस्टर के साथ आना भी शुरू होने लगा है। स्थिति को देखते हुए विभाग ने सभी किसानों को अलर्ट कर दिया है कि यदि कटाई के बाद फ़सल अवशेष जलाया तो ख़ैर नहीं। अवशेष का प्रबंधन खेतों में ही करें। सरकार प्रति एकड़ 1000 रुपये देगी।



### नहीं माने तो तगड़ा जुर्माना

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेश के बाद जो नियम जारी हुए हैं उसके मुताबिक़ कृषि और राजस्व विभाग को संयुक्त रूप से फ़सल अवशेष जलाने पर नियंत्रण की ज़िम्मेदारी दी जा चुकी है। अर्थदंड के प्रावधान कड़ाई के साथ लागू करने के आदेश के बाद इस बार खेत में ही फ़सल अवशेष जलाने की पहली सूचना ग्राम कोटवार से होती हुई पटवारियों के माध्यम से कृषि विभाग तक पहुंचाई जाएगी। विभाग मौक़े पर जाएगा। क्षेत्रफल का आकलन करेगा। फिर दंड के लिए तहसीलदार और एसडीएम को रिपोर्ट भेजी जाएगी। जिस पर क्षेत्रफल के हिसाब से 2500 से 15000 रुपये का जुर्माना किसानों को देना होगा।

### बिना पंजीयन हार्वेस्टर नहीं चलेंगे

इस बार हार्वेस्टर मालिकों को अपनी मशीन का पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा। पंजाब हरियाणा के हार्वेस्टर का आना चालू हो चूका है तो लोकल हार्वेस्टर मालिकों ने मरम्मत और ज़रूरी काम चालू कर दिए हैं। ऐसे हार्वेस्टर मालिकों के लिए विभाग ने अभी से एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि वे तैयारी के साथ साथ कृषि विभाग मुख्यालय में अपने हार्वेस्टर का पंजीयन तत्काल करवा लें। बिना पंजीयन हार्वेस्टर लिया हुआ पाया गया तो न सिर्फ़ अर्थदंड भुगतना होगा बल्कि हार्वेस्टर सीज़ भी किया जा सकता है।

### मिलते हैं ये दुष्परिणाम

फ़ सल अवशेष जलाने पर वातावरण में हाइड्रोकार्बन, कार्बन डाइऑक्साइड, ड्राईआक्सीजन जैसी ➢शेष पेज 8 पर

## हिंदू महासभा के नेता रहे कमलेश तिवारी की दिनदहाड़े हत्या, मिठाई के डिब्बे में चाकू लेकर पहुंचे थे बदमाश

एजेंसी ✓ लखनऊ
www.dailypioneer.com

यूपी की राजधानी लखनऊ में हिंदू समाज पार्टी के अध्यक्ष कमलेश तिवारी की दिनदहाड़े हत्या से हड़कंप मच गया है। कमलेश तिवारी की उनके ऑफिस में गला रेतकर हत्या कर दी गई। गला रेतने से पहले उन्हें गोली भी मारी गई थी। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने कमलेश से उनके घर में ही बने ऑफिस में मुलाकात की और उनके साथ चाय भी पी। इसके बाद घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना लखनऊ के नाका इलाके की है। कमलेश खुद को हिंदू महासभा का नेता बताते थे। पुलिस अभी इसे रंजिश का मामला मान रही है। जानकारी के अनुसार, कमलेश तिवारी से नाका के खुर्शीद बाग स्थित ऑफिस में दो लोग मिलने आए थे। ये दोनों मिठाई का डिब्बा लिए हुए थे, जिसमें चाकू और असलहा था। बताया जा रहा है कि दोनों ने कमलेश तिवारी से मुलाकात की। बातचीत के दौरान दोनों बदमाशों ने कमलेश के साथ चाय भी पी। इसके बाद उनपर गोली चलाई, लेकिन लगी नहीं। इसके बाद बदमाशों ने कमलेश का गला रेत दिया

**मुलाकात से पहले बदमाशों ने कॉल भी की थीः** कमलेश को आनन-फानन में ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बदमाशों ने कमलेश तिवारी से मिलने से पहले ➢शेष पेज 8 पर

# धनतेरस के पहले ही बाजार में अच्छी ग्राहकी से व्यापारियों के खिले चेहरे



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

दीपोत्सव पर्व के लिए महज सप्ताह भर का समय शेष रह गया है। दीपावली पर्व की खुमारी बाजारों में शुरू हो गई है, अच्छी ग्राहकी से बाजार भी अब देर रात तक गुलजार रहने लगा है। 25 अक्टूबर को धनतेरस के साथ ही दीप पर्व का आगाज हो जाएगा। इधर शहर के बाजारों में त्योहारी ग्राहकी अब जोर पकड़ने लगी है।

दीपोत्सव पर्व के लिए महज सप्ताह भर का समय शेष रह गया है। राजधानी के बाजारों में त्योहारी खुमारी अभी से दिखने लगी है। शहर के गोलबाजार, मालवीय रोड, पुरानीबस्ती, शास्त्रीबाजार, पंडरी जैसे बड़े इलाकों में ग्राहकी बढ़नी शुरू हो गई है। त्योहारी ग्राहकी के चलते अब बाजारों में देर रात तक रौनक बढ़ती जा रही है। इधर व्यापारी वर्ग भी दीपावली पर्व को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर चुके हैं। रेडिमेड क्लाथ सेक्टर के अलावा, पटाखा व्यापारियों की तैयारी पूरी हो चुकी है और व्यापार के इन सेक्टरों में अभी से ग्राहकी जोर पकड़ने लगी है। इसी तरह डेकोरेशन आयटमों के साथ ही रंग-रोगन की दुकानों में भी भीड़ बढ़ चुकी है। शहर के मालवीय रोड



स्थित रंग-रोगन की दुकानों में अच्छी ग्राहकी शुरू हो चुकी है। ऑटोमोबाइल सेक्टर के अलावा इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल्स सेक्टर में भी त्योहारी ग्राहकी शुरू हो चुकी है। ऑटोमोबाइल सेक्टर में त्योहारी ग्राहकी की बूम शुरू हो चुकी है। शहर के अधिकांश ऑटो मोबाइल शॉप में धनतेरस के लिए दोपहिया-चारपहिया वाहनों की बुकिंग नवरात्रि के समय से ही शुरू हो चुकी है। अधिकांश शॉप में धनतेरस के लिए वाहनें बुक की गई हैं, जिन्हें ग्राहक धनतेरस के शुभ मुर्हूत में अपनी नई गाड़ियां घर लेकर जाएंगे। इधर इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल्स दुकानों में भी ग्राहकी बढ़ने लगी है। घरों में रंग-रोगन के बाद आकर्षक विद्युत सज्जा के लिए लोग रंगीन झालर, डेकोरेटिव लाईट लेने के लिए उत्सुक दिखाई दे रहे हैं। रेडिमेड क्लाथ स्टोर्स में भी दीपावली की खरीददारी नवरात्रि के साथ ही शुरू हो गई थी। विजयादशमी पर्व के बाद त्योहारी ग्राहकी अब बढ़नी शुरू हो गई है। इसी तरह घरों में सजावट के लिए काम आने वाले रंगोली और अन्य सजावटी सामानों की डिमांड भी बढ़ गई है।

---

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी

# बाल वैज्ञानिकों ने मॉडलों में दर्शाया स्वास्थ्य और गणित की चुनौतियों का समाधान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित विभिन्न विषयों के मॉडल आगंतुकों के लिए उत्साह का केन्द्र बने हुए हैं। मॉडल देखने के बाद विज्ञान की जिज्ञासाओं और जीवन की चुनौतियों का समाधान का हल भी इन नन्हें बाल वैज्ञानिकों ने खोजा है। बीमारियों की जांच के सस्ते तरीके मॉडल के माध्यम से इजाद किए हैं।

राजस्थान से आए गर्वित और उनके साथी ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय में प्राणयंत्र का मॉडल के माध्यम से बताया है कि राजस्थान में प्रतिवर्ष औसत 137 व्यक्तियों की मौत फेफड़ों की बीमारी से होती है। इसकी जांच के लिए रोगी को 250 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। स्वास्थ्य जांच की कीमत भी बहुत अधिक है।

समस्या के समाधान के लिए 18 हजार रूपए की लागत से मशीन बनाई गई है, जो बीमारी की स्टेज को बताती है। जिसके आधार पर उपचार होगा। मशीन की कार्यप्रणाली में जब व्यक्ति मशीन में फूक मारता है और सॉस को मशीन में लेकर दो ग्राफमशीन जो इस मशीन से जुड़े है। जिसमें एक में गुणात्मक जांच होती है जो बीमारी के नाम की पहचान करता है। दूसरी ग्राफ मशीन मात्रात्मक है।

### डाइबिटिक फूट डिसिस डिटेक्टर

मधुमेह ऐसी बीमारी है जो निरंतर बढती जा रही है और इस बीमारी का सीधा प्रभाव पैरों पर पड़ता है, जिसे डायबिटिस फूट कहा जाता है। इसकी जानकारी लोगों को प्रारंभिक अवस्था में नहीं हो पाती और जब होती है उस समय तक लोगों को पैर कटवाने की नौबत आ जाती है। इसी समस्या की



पहचान का यंत्र का प्रदर्शन मॉडल के माध्यम से नोएडा के छात्र शिवम अग्रवाल और मनोज्ञया काबरा द्वारा किया जा रहा है। इस यंत्र का नाम एफएसआर (फोर्स सेंसेटिव रेसिस्टार्स ) है। यह यंत्र एक सामान्य और एक मधुमेह प्रभावित व्यक्ति के पैरों का प्रेशर नापकर बीमारी के बारे में बता देंगा। इस यंत्र को जूतों के तल्ले में लगाने पर यह बैटरी को चार्ज करने और एल.ई.डी. जलाने का काम भी करेगा। पैरों के प्रेशर के माध्यम से इस यंत्र को मात्र दो हजार पॉच सौ रूपए में बनाया गया है।

### खेल-खेल में सीखे गणित

गणित को छोटे बच्चों को खेल-खेल में कैसे सिखाए इसके लिए राजस्थान से आए निहाल पंचाल ने अपने मॉडल के माध्यम से प्राथमिक कक्षा के बच्चों के लिए यह योग सिखाने का रचनात्मक तरीका प्रस्तुत किया है। मॉडल में बताया गया है कि यह एक से लेकर दस तक की संख्याओं में किन्हीं दो को जोड़ने पर क्या प्राप्त होगा। यह जानने के लिए उन्होंने एक बड़े बॉक्स का उपयोग किया है, जिसमे क्रम से अंक 0-9 तक लिखे हुए है। जैसे यदि सात और पॉच का योग प्राप्त करना है तो उसके नीचे की लकड़ी को खींचना पड़ता है यह सात के नीचे की लकड़ी खिंचने पर सात कंचे सबसे नीचे के बाक्से में आएगे साथ ही पॉच के नीचे की लकड़ी खिंचने पर पॉच कंचे निकल कर उसी बॉक्से में आते है अब सभी कंचों को गिनकर सात और पॉच का योग बारह प्राप्त किया जा सकता है।

### गुणनफल सिखाने का बेहतर तरीका

इसी प्रकार प्रतिछेदी रेखाओं के प्रतिछेद बिंदुओं का उपयोग संख्याओं के गुणनफ्ल प्राप्त करने में इन्होंने अन्य मॉडल प्रस्तुत किया है। इसमें जितनी संख्या होगी उसके मान के आधार पर उतनी रेखांए होगी जैसे 32.21 को उसने मॉडल में दर्शाया है। प्रथम अंक 32 में दहाई अंक 3 के लिए तीन रेखांए, बाई ओर इकाई अंक 2 के लिए दो रेखा दाई ओर बनायी गयी है। साथ ही दूसरे अंक 21 दहाई अंक 2 के लिए दो रेखा नींचे एवं इकाई अंक 1 के लिए एक रेखा ऊपर की ओर खींचा है। सभी रेखाओं के प्रतिछेद बिंदुओं को गिनकर लिखा गया है। जैसा पहले प्रतिछेद बिंदु में छः बिंदु है, दूसरा प्रतिछेद बिंदु ऊपर में तीन और नीचे में चार है अर्थात 34.7 जो गुणनफल का दहाई अंक होगा और दाई ओर का प्रतिछेद बिंदु गुणनफल का इकाई अंक होगा जो कि 2 है। अतः गुणनफल 32:21 का योग 672 प्राप्त होगा। यह गुणनफल को सिखाने का बेहतर तरीका है।

---

# बिना व अमानक नंबर के वाहनों के विरूद्ध रायपुर पुलिस ने शुरू की विशेष अभियान

## दो दिनों में डेढ़ दर्जन से अधिक वाहनों पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

बिना नंबर व अमानक नंबर के वाहनों के विरूद्व रायपुर पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। पिछले दो दिनों के अंदर ऐसे कई वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रफुल्ल ठाकुर द्वारा 16 अक्टूबर को शहर भ्रमण के दौरान एक होण्डा कंपनी की वर्ना कार जिसके पीछे के नंबर प्लेट में वाहन की नंबर के स्थान पर अंग्रेजी में प्रजवाल लिखा था। वाहन का चालक वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चला रहा था।इस पर समस्त थाना प्रभारियों एवं यातायात टैंगो को उक्त वाहन जहां कहीं भी दिखें रोककर कार्रवाई करने हेतु प्वाइंट दिया गया था। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्त



थाना प्रभारियों एवं यातायात टैंगो द्वारा शहर में नाकेबंदी कर उक्त वाहन की पतासाजी शुरू की।

इसी दौरान उक्त वाहन को थाना गुढियारी क्षेत्र में भारत माता चौक के पास थाना प्रभारी गुढियारी रविशंकर तिवारी द्वारा पकड़कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् अग्रिम कार्रवाई की।

इसी क्रम में 17 अक्टूबर को पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आरिफ एच शेख द्वारा समस्त थाना प्रभारियों एवं यातायात टैंगो को बिना नंबर एवं अमानक नंबर के वाहनों को पकड़कर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर समस्त थाना प्रभारियों एवं यातायात टैंगो द्वारा बिना नंबर एवं अमानक नंबरों के वाहनों के विरूद्व विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की। अब तक की कार्रवाई में लगभग 18 से अधिक दोपहिया/चार पहिया बिना नंबर एवं अमानक नंबर के वाहनों पर कार्रवाई की गई है तथा कार्रवाई अभी जारी है। बिना नंबर एवं अमानक नंबर के वाहनों के विरूद्व रायपुर पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### राजधानी में पहली बार राज्य स्तर पर लगेगा नौकरियों का मेला 21 अक्टूबर को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की कम्पनियों में रोजगार उपलब्ध कराने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन पर प्रदेश में पहली बार राज्य स्तर पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा यह प्लेसमेंट कैंप रायपुर सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में 21 अक्टूबर 2019 को किया जाएगा। 21 अक्टूबर को आयोजित होने वाले प्लेसमेंट कैंप में प्रदेश एवं देश की लगभग 50 प्रतिष्ठित कंपनियॉ भाग ले रही हैं। तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के अधिक से अधिक विद्यार्थियों का प्लेसमेंट राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित कंपनियों में करवाने हेतु अवसर प्रदान करने के लिए राज्य स्तरीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। राज्य के तीन शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर, बिलासपुर एवं जगदलपुर में तीन हजार 370 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। सत्र 2018-19 में तीनों शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर से 82, बिलासपुर से 15 एवं जगदलपुर से मात्र 13 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट से चयन हुआ था।

---

# अविनाश ग्रुप के स्मार्ट रेसिडेसियल प्रोजेक्ट अविनाश स्मार्ट सेजबहार की लॉचिंग 20 को

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की विश्वसनीय रियल एस्टेट कंपनी अविनाश ग्रुप अपन रेसिडेसिंयल प्रोजेक्ट अविनाश स्मार्टसिटी की भव्य लाचिंग रविवार 20 को करने जा रहा है। अविनाश स्मार्टसिटी की ये परियोजना सेजबहार रायपुर रिंगरोड 1 से लगी हुई है इस संदर्भ मे अविनाश ग्रुप के प्रबंध संचालक आनंद सिंघानिया ने प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए बताया की अविनाश स्मार्टसिटी अपने आप मे विशेष है क्योकि इस प्रोजेक्ट में ऐसे अनेक सुविधाएं दी जाएगी।

जो कियरापुर के अन्य परियोजना से इसे अलग बनाते है अविनाश स्मार्टसिटी में वर्ल्ड कॉल्स सुविधाएं जैसे की सायकल ट्रैक, सेक्टरबेस्ड व ऐपबस्ड इंटीग्रेटेड टाउनशिप रायपुर में पहली टाउनशिप होगी।अविनाश स्मार्टसिटी अपने प्राइम लोकेशन की वजह से




लॉन्चिंग के पहले से लोगो के बिच बहुचर्चित हो चूका है अविनाश स्मार्टसिटी कमल विहार के समीप एजुकेशनल हब से घिरा हुआ है।

अविनाश स्मार्टसिटी में 1000 वर्गफीट से लेकर 4000 वर्गफीट तक के प्लाट उपलब्ध है अविनाश स्मार्टसिटी परियोजना में आपको भव्य प्रवेश द्वार, मंदिर, क्लब हाउस, 8 लैंडस्केप गार्डन, स्विमिंग पूल, किड्स प्ले एरिया,जोगिंगट्रैक, 24 घंटे सिक्योरिटी, सीसीटीवी, अंडरग्राउंड केबलिंग, वाटररी सायकल मेनेजमेंट, वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, सोलर पॉवरबैक अपकॉमन एरिया जैसे सुविधा मिलेंगी। अविनाश स्मार्टसिटी को ग्राहकों का जो प्रतिसाद मिला है वो अविनाश ग्रुप की निर्माण क्षेत्र में अपनी ऊची गुणवत्ता, उत्तम ग्राहक सेवा, आलिशान निर्माण और समय पर पजेशन देने का प्रमाण है।

अविनाश ग्रुप ने अपने 23 वर्षो मे अनेक प्रीमियम रेसिडेंसियल एवं अफोर्डेबल रेसिडेंसियल प्रोजेक्ट्स एवं कमर्शियल प्लॉट्स प्रोजेक्टस से लेकर शॉपिंग मॉल व मल्टीप्लेक्स एवं क्लब के निर्माण के द्वारा छत्तीसगढ़ में अपनी पहचान बनाई है। अविनाश ग्रुप के द्वारा छत्तीसगढ़ में बेमिसाल 52 परियोजना की पेशकश की गयी है जिनमें 38 आवासीय, 10 कमर्शियल, 4 शॉपिंग मॉल व मल्टीप्लेक्स एवं क्लब की उत्कृष्ट एवं बेमिसाल अभिन्यास निर्माण शैली से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर तक में छत्तीसगढ़ मे अपनी अलग ही पहचान बनाई है।

---

# रायपुर में बनेली ने एक्सक्लूसिव डीलरशिप लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर में सुपर बाइक्स के निर्माता अग्रणी कंपनी बेली और आदित्य राठौर राइड इंडिया महावीर ग्रुप में 18 अक्टूबर को अपने एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारंभ किया स्टेट ऑफद आर्ट शोरूम रिंग रोड नंबर 1 सिद्धिविनायक कॉलोनी के सामने डी-मार्ट के पास स्थित है। इस मौके पर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास झाबक ने बताया कि देवांश बाइक वर्ल्ड की डीलरशिप के अंतर्गत सुपर बाइक्स की पूरी रेंज उपलब्ध है इन सुपरबाइक्स में लिओनसिनो 250, टीएनटी 300, बनेली 302 आर, लियोनसिनो 500 सहित बनेली की पूरी रेंज उपलब्ध है।

विकास ने बताया कि बेंगली की सभी गाड़ियों में स्टैंडर्ड रूप से 3 साल की अनलिमिटेड किलोमीटर वारंटी के साथ उपलब्ध है इसके साथ ही बाइक के लिए फाइनेंस की



सुविधा भी उपलब्ध है।

विकास झाबक ने बताया कि हम देवांश बाइक वर्ल्ड के साथ जोड़ने में बहुत खुशी हुई है ग्राहक सेवा को लेकर हमारी जो सोच है वह हमारी रायपुर डीलर पार्टनर की नैतिक जिम्मेदारी भी है उन्होंने बताया कि रायपुर के कर्मचारियों को सेल्स सर्विस स्पेयर पाट्‌र्स और ग्राहक सेवा के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने के लिए प्रशिक्षित भी किया गया जिससे ग्राहकों को बेस्ट-इन-क्लास टेंशन फ्री ओनरशिप का आनंद मिलेगा।

---

## मैट्स यूनिवर्सिटी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# रंगोली, मेहंदी और फोटोग्राफी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मैट्स यूनिवर्सिटी में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने रंगोली, मेहंदी, फोटोग्राफी, बेस्ट आउट ऑफ द वेस्ट मटेरियल सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेहंदी प्रतियोगिता में वेद सोनी, सौम्या उपाध्याय व अभय साहू (तीनों एमएसएफडीटी) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। फोटोग्राफी में संदीप टेटे (एमएसबीएस), दीपशिखा पटेल, दीपक साहू (एमएसएफ्डीटी), रंगोली प्रतियोगिता में सौम्या उपाध्याय, निधी वर्मा (एमएसएफडीटी),



प्रियंका विश्वकर्मा (एमएसबीएस), बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में आयुषी भंसाली (एमएसएएच), विधि तिवारी, सौमिल जैन (एमएसबीसीएस) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राध्यापकों के लिए मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें साहिश्ता अंसारी, शिखा सिंह राजपूत व प्रीति भट्ट ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक डॉ. रेशमा अंसारी, डॉ. रीता दीवानजी, डॉ. महिमा गौतम, डॉ. उमेश गुप्ता थे। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा ने शुभकामनाएँ दीं।

---

## एसपी से मिलकर दोषी अधिकारियों-ठेकेदार के खिलाफ 20 को दर्ज कराई जाएगी एफआईआर

# टाटीबंध चौक में ठेकेदार की लापरवाही से लगातार हो रहे हादसे : विकास

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

टाटीबंध चौक में आए दिन लगातार हो रहे हादसों के खिलाफ अब आम नागरिकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। आज भी टाटीबंध में हुए हादसे में फिर एक युवक की मौत हो गई। रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपध्याय ने कहा कि, इस तरह के हादसों के लिए एनएचआई एवं ठेकेदार जिम्मेदार हैं, जिन्होंने बीजेपी के इशारे पर कमीशन के चक्कर में लापरवाही पूर्वक काम कर खस्ताहाल रोड का निर्माण किया है। पूर्व में भी इस तरह के हादसे हो चुके हैं, जिससे ना जाने कितने परिवार के चिराग बुझ गए। इन हादसों को



लेकर पूर्व में एनएचआई के अधिकारियों के खिलाफ थाने में शिकायत की गई थी पर शिकायत के बाद भी अब तक ठेकेदार एवं एनएचआई के अधिकारियों के ऊपर कोई कार्यवाही नही हुई। आज हुए हादसे को लेकर रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि हादसे की जानकारी होते ही मन व्याकुल हो गया। पूर्व में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई।

यदि पुलिस प्रशासन एनएचआई के अधिकारियों एवं ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही करते तो शायद ये हादसा नही होता। हम सब कांग्रेसजन एसपी से मिलकर 20 तारीख को लापरवाह ठेकेदार एवं एनएचआई के अधिकारियों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराएंगे। आम जनता के साथ उनके जान से खिलवाड़ अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री उपाध्याय ने कहा कि एक ओर जनमानस दीपावली पर्व की तैयारी में जुटे हुए हैं, वहीं लापरवाही और कमीशनखोरी के चक्कर में फिर से एक घर का चिराग बुझ गया। यह हादसा घोर लापरवाही की इंतेहा हैं, दोषी अफसरों और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के खिलाफ अब ठोस कार्यवाही की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

---

### राजधानी रायपुर देवेंद्र नगर में युवक की हत्या, एम्स के नशा मुक्त केन्द्र में चाकूबाजी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शु वार सुबह एक बड़ी घटना को अंजाम दिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक एम्स अस्पताल में दो भाइयों की बीच खूनी संघर्ष हुआ. नशा मुक्ति केंद्र में एक भाई ने दूसरे पर चाकू से जानलेवा वार कर दिया। तो वहीं देवंद्र नगर इलाके में गुरुवार रात एक युवक की हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि एक शख्स ने उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया। जहां उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों की जांच की बात कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर एम्स हॉस्पिटल के नशा मुक्ति केंद्र में एक भाई ने दूसरे पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। कहा जा रहा है कि परिवार विवाद की वजह से ये घटना हुई है। मनोरोगी विभाग में ये इलाज कराने आए थे। इसी दौरान दोनों में झगड़ा शुरू हो गया. विवाद इतना बढ़ गया कि एक भाई ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया।बताया जा रहा है कि 65 साल के आरोपी सुखदेव सिंह ने 50 साल के दिलबाग सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया।

---

# छत्तीसगढ़ की प्रतिभाओं को आगे बढ़ा रहा है कृति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स : रणविजय सिंघा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

कृति ग्रु प ऑफ इंस्टीट्युशन्स व इंटरटेनमेंट के संयुक्त आयोजन में आज कृति कालेज में ''नेक्स्ट सुपर मॉडल 2019'' पर प्रेस कांफ्रेंस हुआ, जिसमें जज के रूप में प्रख्यात टीवी कलाकार एवं रोडिस फेम युवाओं के बीच मशहुर रणविजय सिंग सिंघा मौजुद थे। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुये उन्होंने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों की विभिन्न प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का यह सर्वश्रेष्ठ मंच साबित होगा। उन्होनें संस्था का आभार प्रकट करते हुये इस आयोजन के लिये खुशी जताई एवं संस्था के संचालक अभिषेक अग्रवाल जी को इस आयोजन के लिए बधाई दी व छात्र-छात्राओं को बढ़ चढ़कर भाग लेने की सलाह दी। रणविजय का कहना है कि संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्रायें पढ़ाई के साथ-साथ सिनेमा व टीवी शो के



क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकते है। अन्य प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि बौद्धिक क्षमता के साथ शारिरिक एवं मानसिक विकास की गति को छात्र-छात्रायें इस क्षेत्र में तेजी से बढ़ा सकते है। जीवन में सफलता पाने के लिए किसी भी काम को करने से अपने आप को रोकना नहीं चाहिए एवं हमेंशा नई चीजे करते रहना चाहिये। इसी अवसर पर अभिषेक अग्रवाल जी ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ में नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिये और छात्र-छात्राओं के विकास के लिए ऐसे आयोजनों को हमेंशा प्रोत्साहित करते है।

19 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

# खेल से मिलता है अनुशासित रहने की शिक्षा: मण्डावी



पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान में 13 अक्टूबर से प्रारंभ 19वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आज बुधवार को समापन किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोज सिंह मण्डावी थे, अध्यक्षता नगर पालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा की गई। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मनोज सिंह मण्डावी ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को अनुशासन का पालन करना पड़ता है, जिससे हमें अनुशासन की शिक्षा मिलती है। खेल से हमें नेतृत्व करने का अनुभव भी प्राप्त होता हैए साथ ही आपसी भाईचारा और प्रेम, सौहार्द्र की भी सीख मिलती है। अपने खेल एवं छात्र जीवन का अनुभव साझा करते हुए मनोज मण्डावी ने कहा कि वे भी पहले खिलाड़ी रह चुके हैं, इसलिए उन्हें छात्र जीवन में भी नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हुआ और निरंतर आगे बढ़ते गये। मण्डावी ने सभी खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि खेल में हार.जीत लगा रहता हैए जो अच्छा खेलता है, वो जीत जाता है, लेकिन हारने वाले को हिम्मत नहीं हारना चाहिए और भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने लक्ष्य को हासिल करना चाहिए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर अपने गांव,जिला एवं राज्य का नाम रोशन करने की अपील किया। मण्डावी ने इस अवसर पर शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में मेटए माईकए वाद्य यंत्र इत्यादि खरीदने के लिए 01 लाख रूपये और सेंट माईकल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर के लिए 20 हजार रूपये स्वेच्छानुदान स्वीकृत करने की घोषणा किया।

समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे प्रतिभागियों ने कांकेर में आयोजित 19वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन कियाए जिसे सभी लोगों ने सराहा। कांकेर शहर के खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस प्रकार की खेल प्रतियोगिता आयोजित होते रहना चाहिएए जिसमें युवाओं को अपने खेल का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होता हैए साथ ही उन्हें सीखने को भी मिलता है। ठाकुर ने कांकेर में 19वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।समापन समारोह के अवसर पर क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, जशपुर, जांजगीर, कोरिया, कोण्डागांव, कबीरधाम, कांकेर, राजनांदगांव, रायपुर इत्यादि 11 जोन के खिलाड़ियों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में फुटबॉल 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम कोण्डागांव जोन, द्वितीय बस्तर जोन और तृतीय कोरिया जोन रहा तथा बालिका वर्ग में प्रथम बस्तर जोन, द्वितीय दुर्ग जोन और तृतीय कांकेर जोन रहा। इसी प्रकार खो.खो 17 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम दुर्ग जोनए द्वितीय कांकेर जोन और तृतीय कोण्डागांव जोन तथा बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग जोनए द्वितीय कांकेर जोन और तृतीय जशपुर जोन रहा।

# शिक्षक के अव्यवहार से प्रताड़ित विद्यार्थियों ने बनाई कक्षाओं से दूरी

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



शिक्षक के अव्यवहार से प्रताड़ित महाविद्यालीन विद्यार्थियों ने कक्षाओं से दूरी बना लिया व टीसी लेने कॉलेज पहुंच रहे हैं,विद्यार्थीयों की समस्या को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिक्षक को निष्कासित करने की मांग कर प्राचार्य को ज्ञापन दिया है।

गौरतलब है की जिले में संचालित पीजी महाविद्यालय के भूगोल संकाय में पदस्थ अतिथि शिक्षक मंयक मिश्रा पर विद्यार्थियों ने आरोप लगाया है की वे कक्षा में व्यक्तिगत रूप से अव्यवहारिक तरीके से पेश आते हैं पढ़ाई के संबंध में सवाल करने पर सीधे कक्षा से बाहर कर देते हैं और विद्यार्थियों को हमेशा नीचा दिखाने का कार्य करते है जिससे विद्यार्थी मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं,सदैव कक्षा में बेइज्जती करने में उतारू रहते हैं।

परिषद के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य फूलचन्द गागड़ा ने बताया की किसी भी शिक्षक को व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाने का अधिकार नही है व अव्यवहारिक तरीके से पेश आना विद्यार्थियों के साथ यह कतई स्वीकार नही होगा,एक छात्रा के साथ ऐसे व्यवहार किया गया है शिक्षक की ओर से वह छात्रा परिवार के साथ टीसी लेने महाविद्यालय आई हुई थी अब महाविद्यालय नही आने की बात कर रही है,वहीं अन्य पीजी के विद्यार्थी कक्षाएं आना छोड़ दिये है चूंकि शिक्षक के व्यवहार से त्रस्त हैं इनका कहना है कि जब तक ये शिक्षक रहेंगे कक्षा नही जायेंगे। ऐसे परिस्थिति में परीक्षा परिणाम पर सीधा असर पड़ेगा,इस गंभीर विषय को लेकर प्राचार्य से चर्चा किया गया है जल्द कार्यवाही नही होती है तो भूगोल संकाय के समस्त विद्यार्थी सामूहिक रूप से टीसी लेगी और आंदोलन करेगी। परिषद के जिला संयोजक संतोष पुजारी के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया है और शिक्षक को जल्द निष्कासित करने की मांग की है,इस दौरान महेश मड़े, किशोर कुमार,गजेश्वर सिंह,मनीष गोटा, विक्की,धीरज, प्रमिला पांडे,मनीषा भंडारी,हीना तेलम,अवन्तिका दुर्गम व समस्त महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सरल कार्यक्रम, बच्चों की दक्षता बढ़ाने में सक्षम

**कांकेर।** जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे सरल कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का दो माह पूर्व प्रशिक्षण किया गयाए इन सभी प्रशिक्षित शिक्षकों ने अपने अपने स्कूलों के कक्षा तीसरी से पांचवी कक्षा में पढ़ने वाले सभी बच्चों का पूर्व जांच किया है। बच्चों के स्तर के अनुरूप बच्चों को लाल घर, नीला घर, हरा घर में बैठा कर पढ़ाना शुरू किया। यह सरल विधि खेल-खेल के माध्यम से पढ़ाने वाली विधि के कारण बच्चों को पढ़ने में मजा आता है, जिसके कारण बच्चों में दक्षताओं के अनुरूप गुणवत्ता में विकास होते दिखाई दे रहा है।

### दुर्गूकोंदल बालक छात्रावास के दो भृत्य निलंबित

**कांकेर।** बालक छात्रावास दुर्गूकोंदल में पदस्थ भृत्य बुधराम पुडो और जमन सिंह भूआर्य को कलेक्टर केएल चौहान द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त दोनों भृत्य के द्वारा छात्रावास में शराब का सेवन कर आनाए छात्रावास की साफसफाई नहीं करना एवं अधीक्षक के साथ गाली-गलौज करने की शिकायत की गई थी। जिसकी जांच मण्डल संयोजक दुर्गूकोंदल द्वारा की गईए जिसमें भृत्य बुधराम पुडो और जमन सिंह भूआर्य द्वारा शराब का सेवन कर छात्रावास में आनाए छात्रावास की साफ-सफाई नहीं करना।

## धर्मांतरण को लेकर हिन्दू संगठन ने मिशनरियों का किया विरोध

### कार्यवाही के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय के करीब और कांकेर के प्रवेश द्वार चारामा विकासखंड के अंतर्गत एनएच 30 से लगा हुआ गांव. कानापोड में ईसाई मिशनरियों के द्वारा शासकीय स्कूल के मैदान को बिना ग्राम सभा की अनुमति व विद्यालय की अनुशासन सहित अन्य समितियों के बिना अनुमोदन के कार्यक्रम की तैयारी जोरों से चल रही है।संभावना यह जताई जा रही है कि इस कार्यक्रम में धर्मांतरण को बढ़ावा और झूठे चमत्कार की कहानियों के सहारे बस्तर के भोले भाले आदिवासी भाईयों व बहनों को दिग्भ्रमित कर इसका आयोजन किया जा रहा है । इस मिशनरियों के कार्यक्रम पर स्कूल मैदान को दिये जाने को लेकर आज बजरंग दल व शिवसेना ने कलेक्टोरेट पहुंच कार्यक्रम व मैदान को लेकर कडी आपत्ति जताते हुए संयुक्त कलेक्टर व अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम चारामा, नजूल अधिकारी को लिखित कर जांच कर रद्द करने की मांग की और नहीं तो विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी गयी है । ईसाई मिशनरियों के द्वा आध्यात्मिक प्रवचन सुनने को लेकर जो गोपनीय तरीके से आमंत्रण पत्र बांटे गये है और जो होल्डिंग टांगें गये है उसमें कोई सिंह नामक व्यक्ति के खिलाफकिसी घटना का तेजी से ज्ञापन सौंपे जाने के बाद वीडियो व फ ोटो वायरल होने लगा और तो और इस पूरे कार्यक्रम के पीछे जिला पंचायत सदस्य का हाथ होने के संकेत सूत्रों से मिली है और इस कार्यक्रम में सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बाबा के भी आने के संकेत मिले हैं ।

## चांद के दीदार के साथ पूरा हुआ करवा चौथ

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली
www.dailypioneer.com



करवा चौथ का व्रत बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। व्रत रखने वाली सुहागिन महिलाओ को चाँद निकलने का बेसब्री से इंतजार था। बचेली में खराब मौसम के चलते लंबे इंतजार के बाद आखिरकार चाँद के दर्शन हुए और करवा चौथ का व्रत पूरा हुआ। आपको बता दे की सुहागिन महिलाये अपने पति की लंबी उम्र एवं उत्तम स्वास्थ की कामना के साथ यह व्रत रखती है। कार्तिक मास में आने वाले इस व्रत का ख़ास महत्व माना जाता है। इस बार करवाचौथ पर कई सुबह संयोग बने थे। करवा चौथ का व्रत करक चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। करवा या करक मिट्टी के पात्र को कहते है जिससे चन्द्रमा को अर्घ्य दिया जाता है। इस दिन महिलाये शिव परिवार की पूजा करती है। और अपने व्रत को चन्द्रमा के दर्शन करने के पश्चात खोलती है। इसी वजह से इस दिन चन्द्रमा का विशेष महत्व देखने को मिलता है।

### गोवर्धन पूजा के दिन गौठान दिवस मनाया जाएगा

**कांकेर।** राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णयानुसार जिले में गोवर्धन पूजा के दिन को गौठान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सुराजी योजना के तहत् चयनित गांव में गौठान निर्मित किया गया है, जहां गौवंश प्रतिदिन आते हैं। गोवर्धन पूजा के दिन उन गौठानों में गौठान दिवस के रूप में मनाया जाएगा तथा परम्परागत रूप से पूजा-अर्चना की जाएगी।




## 2 नवम्बर से 7 दिसम्बर तक होगा युवा उत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से जिले में 2 नवम्बर से 7 दिसम्बर तक विकासखण्ड एवं जिला स्तर युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय आयोजन समिति का गठन किया गया है। युवा उत्सव के सफल संचालन के लिए गठित जिला स्तरीय आयोजन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर तथा उपाध्यक्ष पुलिस अधीक्षक एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे। खेल एवं युवा कल्याण के जिला खेल अधिकारी इस समिति के सचिव होंगे तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी,जिला जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिका परिषद कांकेर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी और शासकीय पीजी कॉलेज एवं कन्या महाविद्यालय कांकेर के प्राचार्य जिला स्तरीय आयोजन समिति के सदस्य बनाये गए हैं। इसी प्रकार विकासखण्ड स्तर पर गठित आयोजन समिति के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अध्यक्ष बनाया गया है तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इस समिति के सचिव होंगे।

## राजापारा में राशनकार्ड का वितरण



कांकेर। राजापारा के नदियापारा के आंगनबाड़ी केंद्र में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीडीएस प्रणाली शिविर लगाया गया था । जिसमें नगरपालिका कर्मचारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशिकला पटेल के द्वारा राजापारा के हितग्राहियों को राशनकार्ड वितरण किया गया ।तकरीबन 100 हितग्राहियों को आज कार्ड वितरित किया गया । राशनकार्ड वितरण में वार्ड के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

बचेली से अलग कर ग्राम पंचायत में तब्दील करने की मांग

## आदिवासियों ने मुख्य मार्ग पर किया धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ बचेली
www.dailypioneer.com



बचेली हजारों की संख्या में 11 ग्रामीण पारा के स्थानीय आदिवासियों ने मुख्य मार्ग पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। हांथो में नारों की तख्ती लिये धरने में महिलाओ ने भी बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दिखाई ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि लगभग 10 वर्षो से इन 11 ग्रामीण इलाकों 1 चालकी पारा 2 कोवा पारा 3 बड़े पारा 4 तामो पारा 5 पाण्डु पारा 6 पटेल पारा 7 महरा पारा 8 कोया पारा 9 माझिपारा 10 पुजारीपारा 11 कुम्हार पारा को नगर पालिका परिषद बड़े बचेली से अलग कर ग्राम पंचायत में तब्दील किया जाए। ग्रामीणों द्वारा लगातार राष्ट्रपति, राज्यपाल , मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ को पत्राचार के माध्यम से इस बारे में समय-समय पर अवगत कराया जाता रहा है परंतु आज तक आश्वाशन ही मिला है। जबकि इस संबंध में पंचायत राज मंत्रालय दिल्ली भारत सरकार द्वारा प्रधान सचिव राज भवन छत्तीसगढ़ शाशन को कार्यवाही करने प्रेषित भी किया था। जिसके तहत दंतेवाड़ा कलेक्टर को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु दो वर्ष पूर्व आदेशित किया था। परंतु स्थानीय ग्रामीण लगातार जिला मुख्यालय के चक्कर काट रहे है। अंततः परेशान होकर समस्त आदिवासियों ने 15 अक्टूबर 2019 में समस्त 11 पारा के लोगो के संयुक्त हस्ताक्षर करके सम्पूर्ण दस्तावेज नगरीय प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ विकास विभाग में भेजा है। ग्रामीणों के अनुसार अब 2019 पंचायत चुनाव की घोषणा हो चुकी है। इन सब को देखते हुए ग्रामीणों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों का ज्ञापन महामहिम राज्यपाल महोदया को सौंपा है। एवं यह भी साफकर दिया है कि मांग पूर्ण नही होने की स्थिति में वर्तमान में नगरपालिका परिषद के चुनाव 2019 में सम्मलित नही होने एवं वोट नही देने का है फैसला लिया है।

## क्विक न्यूज

### 20 को सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**महासमुंद।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर की संयुक्त बैठक 20 को सतनाम भवन बेमचाभांठा में होगी। सुबह 11 बजे से सतनामी युवक.युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू होंगे। अध्यक्षता एलएल कोसले, प्रदेशाध्यक्ष प्रगतिशील सतनामी समाज करेंगे। विशिष्ट अतिथि जय बहादुर बंजारे, प्रदेशाध्यक्ष सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति, एसपी वारे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जिला अधिकारी महासमुंद, धरमदास महिलांग अध्यक्ष जनपद पंचायत,एस चंद्रसेन बीईओ महासमुंद, एसआर बंजारे जिलाध्यक्ष आदि होंगे।

### भर्ती के लिए 23 को होगा दस्तावेज सत्यापन और कौशल परीक्षा

**महासमुंद।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत कार्यक्रम अधिकारी पद के लिए अब आगामी 23 को सवेरे 11 बजे से उपरोक्त पद के लिए कार्यालय जिला पंचायत महासमुंद में दस्तावेज सत्यापन एवं कौशल परीक्षा आयोजित की गई हैए इसके लिए अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र जारी किया गया है। पूर्व में जारी दावा-आपत्ति निराकरण सूची एवं दावा-आपत्ति उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची तथा दस्तावेज सत्यापन एवं कौशल परीक्षा हेतु 1.10 में अभ्यर्थीयों की सूची का अवलोकन कार्यालयीन सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट एवं छत्तीसगढ़ शासन की वेबसाईट पर किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन एवं कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए बुलावा पत्र भेजा जा रहा है, पत्र नहीं मिलने की स्थिति में पूर्व में जारी दस्तावेज सत्यापन एवं कौशल परीक्षा के लिए वेबसाईट पर जारी सूची के अनुसार ही अभ्यर्थी नियत तिथि समय एवं स्थान में उपस्थित होना सुनिश्चित करें, नियत तिथि एवं समय पश्चात् उपस्थिति मान्य नहीं की जाएगी।

# पशु हो सकते है सर्पदंश के शिकार, ग्रामीण पशुओं को नहीं ले जा रहे गौठान!

पायनियर संवाददाता ◄ बसना/शहर
www.dailypioneer.com

जहां पंचायतें शौचालय, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य शासन की लाभकारी योजनाओं की राशियों को गबन करने में पीछे नहीं हट रहे है और वही पंचायत गौठान के लिए क्या करेगी,बेजुबान जानवर, जहाँ लोग सरकारी योजना का पूरी तरह लाभ नहीं ले पा रहें है वहां योजना का लाभ मवेशियों तक कैसे पहुंचेगा। जिले में लगभग 50 से अधिक गौठान पुर्ण हो चुके है, मगर कितने गौठान में सही तरीके से कार्यो का निर्वहन किया जा रहा है इसकी जानकारी किसी को नहीं है, जहां एक तरफ छत्तीसगढ़ में बने गोबर के दीयों से दिल्ली को जगमगाने की बात कही जा रही हैए वहीं कई गौठान ऐसे भी है जहाँ गौठान बनाकर राजकीय कोष व्यर्थ किया जा रहा है, जबकि गौठान बनने के बावजूद भी मवेशी अब तक सुरक्षित नहीं हो पाए है।

इस मॉडल गौठान में ना तो पशुओं के लिए चारा है और ना पानी





टंकी में पशुओं के लिय पानी वीरान पड़ इस गौठान में ना ही गोबर कोई कार्य किया जा रहा और ना ही रख रखाव ग्रामीणों से चर्चा के दौरान कहा गया कि सचिव का कहना है गांव के नए गौठान के आसपास जहरीले सर्प देखे गए हैं जिसके कारण ग्रामीण अपने गायों को यहां भेजने के लिए कतराते हैं। अगर ग्रामीण अपने गायों को गौठान में नहीं भेजते है तो पशुओं के नाम आने वाले शासन द्वारा लाखों रुपए कहां जाती है।

जिसकी कोई जानकारी नहीं है। वहीं इस मामले को हल्के में लेते हुए सचिव ग्राम पंचायत, मेड़ापाली लक्ष्मी पटेल से संवाददाता द्वारा 12 बार फोन पर सम्पर्क किया गया लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया, और जवाब देना उचित भी नहीं समझा।

### गौठान में सारे किये दावे खोखले निकले

ऐसा ही एक गौठान है महासमुंद जिले के बसना ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत मेड़ापाली के ग्राम ठुठापाली में यहाँ मॉडल गौठान का निर्माण किया गया है, इस गौठान की कुल लागत राशि करीब 20 लाख रुपये हैए गौठान का निर्माण 3 एकड़ में किया गया है,इस गौठान में प्रतिदिन 70 से 80 पशु आने का दावा किया गया था, इसके साथ ही यहाँ घुरूवा योजना के तहत दो वर्मी बेड लगाए गए है, जिसमें गोबर एकत्र करने का काम एवं रख-रखाव जय गणेश महिला स्व सहायता समूह द्वारा करना बताया गया था, मगर इस गाँव के गौठान में सारे किये दावे खोखले निकले, पशु गाँव की सड़कों पर है ना कि गौठान मेंए ग्राम पंचायत मेड़ापाली के ग्राम ठुठापाली में बनाये गए

## पद यात्रा में स्थानीय सांसद गुहाराम अजगले हुये शामिल

# भाजपा का गांधी संकल्प पद यात्रा ग्राम चांटीपाली पहुंची

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com

इस वर्ष पूरे देश मे राष्ट्र पिता महात्मा गांधी का 150 वीं जयंती मनाई जा रही है जिसमें विभिन्न आयोजनों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर गांधी जी के द्वारा चलाये गये अभियानों जैसे स्वच्छता, स्वदेशी अपनाना, मितव्ययिता के अतिरिक्त सत्य, अहिंसा, भाईचारा आदि गुणों से परिचित कराते हुए अपनाने व उनके मार्ग पर चलने का संदेश दिया जा रहा है इसी के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में गांधी संकल्प पद यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार भाजपा मंडल कसडोल के कार्यकर्ताओं द्वारा गांधी संकल्प पद यात्रा निकाली गई, जिसकी शुरुआत ग्राम छांछि से महामाया मंदिर से पूजा अर्चना कर की गई। उसके बाद यात्रा दल ग्राम छरछेदए कोटए गोरधा होते हुए ग्राम चांटीपाली पहुंचे जहां महात्मा गांधी की छाया चित्र की पूजा अर्चना कर समापन की गई। यात्रा के दौरान सभी गाओं में छोटी छोटी सभा



आयोजित कर महात्मा गांधी जी के आदर्शों से वक्ताओं द्वारा ग्रामीणों को अवगत कराते हुए गांधी जी के जीवन से सिख लेने एवं उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया गया।सभी गांव में बड़ी संख्या में उपस्थित हो कर ग्रामीण यात्रा दल का समर्थन किये एवं गांधी जी के जीवनी से संबंधित व्याख्यानों को ध्यान से सुने।

गांधी संकल्प पद यात्रा में सांसद गुहाराम अजगले जी के साथ पूरे दिन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अजय राव, प्रदेश भाजपा महिला मंत्री श्याम बाई साहू, भाजपा मंडल कसडोल अध्यक्ष राजकुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष भीखम प्रसाद कैवर्त्य, मंडल महामंत्री कृष्ण कुमार पटेल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल श्रीवास, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सत्य नारायण पटेल, लवन मण्डल अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पटेल,किसान मोर्चा जिला मंत्री गिरधारी वर्मा,मेलाराम साहू,रामचंद्र ध्रुव, संतोष वैष्णव, गोटिलाल साहू, गोपाल साहू, रामगोपाल मिरी, दिलहरण ध्रुव, दरस वर्मा, सुजेलाल साहू, ओमप्रकाश निराला,समारू कैवर्त्य, जगदीश घृतलहरे, बृजलाल घृतलहरे, भरत दास मानिकपुरी, पुरुषोत्तम कैवर्त्य, गुनी राम साहू,गणेश शंकर साहू,हेमंत साहू, रामकुमार रजक, नागेश्वर साहू,डॉ सुदीप मानिक पुरी एकमल श्रीवास, कमल साहू,ज्ञानू साहू एविष्णु यादव, सेवक राम धेनु सेवक, बड़ ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने भारी उत्साह के साथ पदयात्रियों का स्वागत किया

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तुलसी राम वर्मा के नेतृत्व में 11 अक्टूबर से चल रहे पदयात्रा ग्राम पारागांव से प्रारम्भ होकर खजूरी, ढाबाडीह, झोका, लटुवा पहुंचा जहां ग्रामीणों ने भारी उत्साह के साथ पदयात्रियों का स्वागत बाजे के साथ मुख्य सड़क से गुड़ी चौक तक ले गये इसके पहले गांव की महामाया में पूजा अर्चना कर सभा की शुरूआत किया गया।



इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा आयोजित सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तुलसी वर्मा ने कहा कि निःस्वार्थ सेवा का नाम ही गांधी है गांधी की जीवनी से जीवन में सत्य अहिंसा के मार्ग में चलने की प्रेरणा लेना चाहिए। गांधी पढ़ाई पूरी करके जब भारत लौटा और देखा की अंग्रजों की फुट डालो और राज करो की नीति के चलते भारतवासी अंग्रेजों से न लड़कर भारतवासी से ही लड़ रहें जिसका मुख्य कारण जाति, धर्म, सम्प्रदाय, छुआ-छूत, उच-नीच की भावना है तब गांधीजी ने सबसे पहले इन्ही बुराईयों को खत्म करना अपना मुख्य उद्येश्य मानकर चले जब पूरे देशवासियों को एक सूत्र में बांधकर स्वतंत्रता प्राप्ति की ईच्छा जागृत किया इस बीच गांधी जी को जेल भी जाना पड़ा लेकिन हिम्मत नही हारा और आखिर 15 अगस्त 1947 को भारत को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया।

आज हम स्वतंत्र पूर्वक अपने जीवन जी रहे है विचार रख रहें गांधी ग्राम स्वराज की परिकल्पना को पंचायती राज व्यवस्था लागुकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी ने पूरा किया जिसमें ग्रामीणों को अपनी कार्ययोजना बनाने के लिए ग्राम सभा का गठन किया गया है। गांधी जी का सपना ऐसा भारत बनाने का नहीं था जहां जाति, धर्म, राग द्वेश भाव का वातावरण का निर्माण हो एक समुदाय दूसरे समुदाय से लड़ रहा हो। गांधी जी तो सभी भारतवासी को एक परिवार की तरह एक मजबूत भारत चाहते थे लेकिन स्वार्थी लोग धर्म के नाम पर टोरने के लिए भारत का रूप विकृत कर रहे। गांधी जी के विचारों को विलोपित कर गांधी जी के हत्यारा के विचारों को महिमामंडित करने का प्रयास कर रहे । छत्तीसगढ़ की सरकार गांधी के पद चिन्हों पर चलते हुए गांव के गरीब किसान मजदूरों के विकास के मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास निरन्तर कर रहें। किसानों का कर्जमाफ बिजलीबिल हाफ 2500 सौ में धान खरीदी इसी का एक अंग है। जिससे गांव-गांव में समृद्धि आया पूरा भारत में आर्थिक मंदी का दौर चल रहा है लेकिन भूपेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं के चलते छत्तीसगढ़ आर्थिक मंदी से दूर है।

### 11 हजार से अधिक स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री के नाम बापू को लिखे पत्र

**महासमुंद।** गांधी की 150वीं जयंती के अवसर स्कूल शिक्षा विभाग के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्य मों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के स्कूली बच्चे मुख्यमंत्री के नाम से गांधी की जीवनीए उनके आदर्शोंए विचारों द्वारा समाज के लिए किए कार्यों से संबंधित जानकारी भरा पत्र सीएम के नाम लिखकर भेज रहे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार अभी तक 11 हजार से अधिक स्कूली बच्चे और स्काउट गाईड पत्र लिख चुके हैं। सर्वाधिक पत्र जिले के बसना विकासखण्ड के विद्यार्थियों ने लिखा है। दूसरे क्रम पर सरायपालीए तीसरे महासमुंद एवं चौथे एवं पांचवें क्रम परक्रमशः पिथौरा एवं बागबाहरा विकासखण्ड का है।

### ट्रक चोरी, सीसी टीव्ही में चोर कैद

**महासमुंद।** एनएच.353 पर लभराखुर्द स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्रक चोरी हो गई। पेट्रोल पंप के सीसीटीव्ही कैमरे में अज्ञात व्यक्ति नजर आया हैए जिसने 27.28 सितंबर की रात ट्रक चोरी कर ले गया। स्थानीय वार्ड 24 कुम्हारपारा निवासी भरतलाल साहू पिता मीलू साहू के मुताबिक वह ट्रांसपोर्टर है। 24 सितंबर को संगीता पेट्रोल पंप के पास ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीजी 4001 को खड़ी किया था। इस दौरान वह कभी कभार ट्रक को देखने के लिए जाता था। 30 सितंबर को पेट्रोल पंप पहुंचा तो ट्रक उक्त स्थान पर नहीं मिला। पंप के सीसीटीव्ही कैमरा देखने पर 27 सितंबर की रात अज्ञात व्यक्ति ट्रक ले जाते हुए नजर आया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफधारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## वार्डों में पहुंची गांधी विचार पदयात्रा

# सरकार की उपलब्धियों वाली पुस्तिका जनमन एवं गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ वितरित

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

गांधी विचार पदयात्रा सप्ताह के छठवें दिन स्थानीय वार्ड 23ए 24ए 25 एवं 30 के मुख्य मार्गों एवं मोहल्लों में पहुंची और गांधी के विचारों, सिद्धांतों के अनुरूप सरकार की उपलब्धियों वाली पुस्तिका जनमन एवं गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का वितरण किया।

सर्वप्रथम कांग्रेसियों ने वार्ड 23 में नहर के समीप से पदयात्रा की शुरुआत की। यात्रा नारे लगाते हुए बोस गली, सरस्वती मिल, कुम्हारपारा, दशहरा मैदान, नहर पारा,गौरा चौक पहुंची। इस दौरान नुक्कड़ सभा के माध्यम से गांधी जी के विचारों को बताया गया। नुक्कड़ सभा में प्रभारी महामंत्री हरदेव ढिल्लो, प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव डॉ रश्मि चंद्राकर,प्रदेश सचिव नरेंद्र दुबे,पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद मनोजकांत साहू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष द्वय राजेंद्र चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी देवांगन ने बताया कि महात्मा गांधी सत्य.अहिंसा,सत्याग्रह,सरलता और सहिष्णुता के मार्ग चलकर देश को आजाद कराया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सोच थी कि समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को सारी सुविधा मुहैया होनी चाहिए। उनके सोच के अनुरूप ही छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार काम कर रही है। पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद नानू भाई ने छठवें दिवस के पद यात्रा के बाद पदयात्रियों का आभार जताया। इस अवसर पर जिला महामंत्री गौरव चंद्राकर, पार्षदगण संजय शर्मा, विजय सावए खिलावन बघेल,लखन चंद्राकर,पूर्व युकांध्यक्ष प्रकाश साकरकर,हार्दिक सोना, शहर उपाध्यक्षगण अनवर हुसैन, प्रदीप बॉस, सुनील चंद्राकरए पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर,जिला युकां अध्यक्ष अमन चंद्राकर,पिछड़ा प्रदेश सचिव छन्नू साहू, पूर्व पार्षद द्वय साधना सिंह, योजना सिंह, सेवादल प्रदेश सह सचिव कविता तिवारी, ऐश्वर्या तिवारी,तारा चंद्राकर, ब्रिजेन बंजारेए लता चंद्राकर, यमुना वर्मा, जिला सचिव विनोद युगर, स्पोर्ट्स सेल अध्यक्ष निर्मल जैन,अधिवक्ता राजेंद्र, बांसवार, आवेज खान,डॉ केके जैन, बलदाऊ बंदे,राजा सोनी, मृत्युंजय बोस, गुरु ढिल्लो, अनिकेत गोस्वामी, मिन्दर चावला, जतेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन सम्मिलित हुए।

### आंदोलन के बाद पालिका ने लावारिस के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी

**महासमुंद।** बीपी बिसाई द्वारा सुअरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एक दिवसीय अनशन का असर देखने को मिला। आंदोलन के बाद पालिका ने लावारिस सुअरों के खिलाफ धरपकड़ की कार्रवाई शुरू कर दी है। पालिका ने सुअर मालिकों को नोटिस भी जारी किया है। पहले दिन पालिका की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों से करीब दो दर्जन से अधिक सुअरों को पकड़ा जिसे शहर के बाहर सुरक्षित स्थान में रखा गया है। सुअरों की धरपकड़ के लिए पालिका की टीम शहर के विभिन्न स्थानों में धरपकड़ के लिए घूम रही है और सुअरों को जाल में डालकर पकड़ रही है। इधरए पालिका ने शहर के सुअर मालिकों को कार्रवाई के पूर्व नोटिस जारी कर सुअरों को तीन दिन के अंदर स्थाई व्यवस्था करने नोटिस भी जारी किया है। नोटिस के बाद भी शहर में सुअर के दिखाई देने पर सीएमओ ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि सुअरों के खिलाफ नयापारा निवासी बीपी बिसाई ने पालिका से कार्रवाई की मांग की थी। मांग के बाद भी कार्रवाई न होने से नाराज बिसाई ने बुधवार को नपा कार्यालय परिसर के बाहर अनशन शुरू कर दिया था उनके आंदोलन को समाप्त करने पालिका ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नौचालक के बेहतर कौशल के संबंध में कैडेटों को प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

■ सेलिंग एक्सपीडिशन का चौथा दिन

सेलिंग एक्सपीडिशन के चौथे दिन, नेवल यूनिट एन सी सी रायपुर ने एक नौचालक के बेहतर कौशल के बारे में कैडेटों को प्रशिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया। कैंप कमांडेंट कमांडर श्रवण कुमार खुंटिया और डिप्टी कैंप कमांडेंट विंग कमांडर वीविशाल ने रेस्क्यू बोट से भाग लेने वाले कैडेट और नावों का निरीक्षण किया। कैडेटों ने बुधवार को 24 किमी की कुल दूरी सुबह पांच बजे से शुरू की। कैडेट और एनसीसी कर्मचारियों ने सेलिंग में सुबह की हवा और ठंड के माहौल का आनंद लियाए प्रतिभागियों ने 12 किलोमीटर की दूरी तय की और एक द्वीप पर रुककर जलपान किया। इसके बाद कैडेट 14 किलोमीटर आगे के लक्ष्य के साथ आगे बढ़े। नौसेना एनसीसी के वरिष्ठ प्रशिक्षक पेटी ऑफि सर टी प्रकाश और प्रशिक्षक पेटी ऑफिसर चंदन राय ने आज के नौकायन को हवा की गति के रूप में मुश्किल बतायाए दिशा अनुरूप नहीं थी और नगण्य सतह करंट था। करीब 11 बजे तक गर्मी अपने चरम पर थी। गर्मी और पसीने के बावजूद एस डी और एस डब्लूए दोनों कैडेटों ने दोपहर तक बोट पुल्लिंग और सेलिंग द्वारा 24 किमी का कठिन रास्ता पूरा किया। स्थानीय चिकित्सा दल नियमित रूप से भाग लेने वाले कैडेटों के स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं। त्रिलोक ठाकुर रेस्क्यू बोट के चालक और नियंत्रक थे । भारतीय नौसेना के प्रशिक्षक गण किसी भी घटना या दुर्घटना से निपटने के लिए जलाशय में ही बचाव का अभ्यास कर रहे हैं। दोपहर के भोजन के बाद और एक संक्षिप्त आराम अवधि फिर से वॉली बॉल और क्रिकेट ;लड़की कैडेट द्वाराद्ध खेल में भाग लिए। रात्रि भोजनोपरांत कैम्प सीएचएम भूपेन्द्र सिंहज चौहान ने कैडेट्स को पब्लिक स्पीकिंग में सुधार के टिप्स दिए। लगभग सभी कैडेटों ने फौज में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की।

## पर्यटकों को गार्डन का भी आनन्द मिल सके

# नगर के युवकों ने सिद्ध बाबा के पास बड़े-बड़े घासों को उखाड़ फेंका

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com

कुछ नया करने की मन मे यदि इच्छा हो तो कोई भी कार्य आसान हो जाता है । ऐसे हो नगर के पांच युवकों ने सिद्ध बाबा के पास प्लांटेशन में बड़े बड़े घासों को अपने हाथों से उखाड़ कर साफ कर दिया और उसमें नए पौधों के अलावा फू ल दार पौधे लगाकर गार्डन का रूप देने की मंशा है जिससे यहाँ पर पहुचने वाले पर्यटकों को गार्डन का भी आनन्द मिल सके । ज्ञात हो कि नगर प्रतिष्ठित व्यवसायी शंकर तलरेजाए आशीष जायसवाल, रामगोपाल साहू, किशोर पड़वार, बाबू तलरेजा और पप्पू यदु, दुखु राम साहू चेतन साहू एवं लक्ष्मी साहू सहित युवाओं ने बताया कि कुछ दिन पहले से ही मॉर्निंग वॉक करने सिद्ध बाबा तरफ




जा रहे हैं इस बीच उन्हें सिद्ध बाबा के पास दिखा कि भारी मात्रा में डिस्पोजल व पानी बॉटल सहित स्प्राइट जैसे कोल्डड्रिंक के बॉटल फैला हुआ है।

जिसे इकट्ठा कर गांधी जयंती के अवसर पर रावण का पुतला बना जलाया गया इसके बाद देखे कि वन विभाग द्वारा प्लांटेशन किये गए जगह पर घास और वन तुलसा के कारण पौधे दब गए हैं और उसका बढ़ना रुक गया है फिर लगा कि इसकी सफ ई की जानी चाहिए और सफ ई करने लग गए।

इस तरह रोजाना दो घण्टे सुबह सफ ई करके पूरे जगह को अपने हाथों से सफ ई कर दिए जिसकी लोगों ने काफी सराहना की है । यहां के प्रतिष्ठित व्यवसायी शंकर तलरेजा का कहना है कि इस जगह पर तार घेरा के किनारे किनारे फूलदार पौधे लगाएंगे जिससे पर्यटकों को यह जगह और आकर्षक लगे वही परिवार के किसी भी सदस्य के जन्मदिन या पर्व पर यहाँ प्लांटेशन की किया जाएगा ।

उल्लेखनीय है कि नगर से करीब10 किमी दूर सिद्ध बाबा (सिद्ध खोल) नामक जगह है जहां बरसात के दिनों में करीब 85 फिट की ऊँचाई से झरना बनता है यहाँ दूर दूर से लोग बड़ी संख्या में रोजाना बारहों महीने पहुचते है जो अपने साथ नास्ता और खाने की चीजों के दोना पत्तल व डिस्पोजल लाते है जो यत्र तत्र फैले रहता है जिसकी सफाई हालांकि कूकरीकोना वन प्रबंधन समिति द्वारा भी कुछ दिनों से किया जा रहा है । यहाँ के युवाओं द्वारा भी सफाई कर रावण के रूप में जलाया गया और प्लांटेशन जगह की सफाई कर घास को उखाड़ कर फेंका गया । जिसकी पर्यटकों सहित नगर के लोगों ने काफी सराहना की है।

# भलेसर शिविर में 178 आवेदनों का निराकरण

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

बागबाहरा विकासखंड के ग्राम भलेसर में बुधवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष शशि तेजन चन्द्राकर एवं जिला पंचायत के सीईओ डॉ रवि मित्तल की उपस्थिति में ग्रामीणों ने अपने आवदेन.पत्र सौंपे। इस शिविर में मांग, शिकायत एवं अन्य समस्याओं से संबंधित कुल 185 आवेदन.पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 178 आवेदन.पत्रों का शिविर स्थल पर निराकरण किया गया। शेष लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। शशि तेजन चन्द्राकर ने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि आम नागरिकों की समस्याएं उनके गांव में ही हल हो जाए, इसके लिए जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी इस शिविर में उपस्थित है, अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन.पत्र प्रस्तुत कर उसका निराकरण करा लें। जिला पंचायत के सीईओ डॉ रवि मित्तल ने ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा अपनी छोटी.बड़ी शिकायतें एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें अधिकारियों को अवगत कराएं और उनका निराकरण करा लें।

### हितग्राहियों को सामग्री वितरण

शिविर में शासन द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया गया। खाद्य विभाग द्वारा एपीएल के हितग्राहियों को राशनकार्ड का वितरण किया गया, इनमें ग्राम भलेसर की ममता, चन्द्रिका, बैशाखिन,गायत्री, तुलसीबाइ, निर्मला, नंदनी एवं सीमा शामिल है। उद्यानिकी विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं उद्यानिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया, इनमें बरतराम, सियाराम, सेवाराम,जोहन, पुरूषोत्तम, ईश्वर, हेमलाल,रोहित, देवनारायण, डोमनलाल, पन्नालाल, झाडु,पवन,छबिलाल एवं गजेन्द्र शामिल हैं। इसी प्रकार शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत आर्थिक सशक्ति करण एवं उद्यम स्थापित करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनओं के लिए हितग्राहियों को ऋ ण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया, इसके तहत जय सतनाम स्व.सहायता समूह देवरी को एक लाख रूपए, माधुरी यादव बोईरगांव को एक लाख रूपए, जय भाग्य लक्ष्मी स्व.सहायता समूह को एक लाख रूपए,जय संतोषी स्व.सहायता समूह को एक लाख रूपए, जय मातारानी स्व.सहायता समूह को एक लाख का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

## क्विक न्यूज

### 21 से आयोजित की जायेगी ग्राम सभा

**सुरजपुर।** कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा छ ग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 (1)(क) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए जिले के समस्त ग्रामों में 21 अक्टूबर 2019 से धारा 129 (ख) के तहत् विशेष ग्राम सभा आयोजित करने का आदेश दिया गया है। ग्रामसभा में सदस्यों की शत् प्रतिशत उपस्थिति करवाने का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव को सौंपा गया है। आयोजित की जाने वाली ग्राम सभाओं में ग्राम पंचायतों में ग्राम गौठान समिति का गठन, ग्राम गौठान समिति का प्रबंधन, नरवा, गरूवा,घुरूवा और बाड़ी योजना, नशा मुक्ति अभियान ।

### पावर लिफ्टिंग में कोरिया के खिलाड़ियों ने जिले का नाम रोशन किया



**बैकुंठपुर।** पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में कोरिया जिले के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया । जिससे अब इस प्रतिस्पर्धा में लोगों का रुझान बढ़ने की संभावना हैं । राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग, ब्रेंच प्रेस बेस्ट स्पोर्ट्स फि जिक्स प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर में नेताजी सुभाष स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के आदिवासी व पिछड़ा समझे जाने वाले क्षेत्र से 2 महिला व 1 पुरुष वर्ग ने इस प्रतियोगिता में शामिल होकर बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। जहां शालिनी कुड़ेली स्कूल में शिक्षक हैं, खलखो ने उक्त प्रतियोगिता में 63 किग्रा केटेगरी में चौथा व आशा तिग्गा ने इसी केटेगरी में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## निधन

### द्रौपती देवांगन

**महासमुंद।** स्थानीय नयापारा वार्ड 5 निवासी द्रौपती बाई देवांगन(45) का गुरूवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार दलदली रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे हेमलाल देवांगन की धर्मपत्नी, कुलेश्वर एवं प्रमोद देवांगन की मां थीं।

### भेनू प्रसाद बंजारे



**रायपुर।** डॉ. भेनू प्रसाद बंजारे ग्रामीण सहायक चिकित्सक सतनामी मोहल्ला कॉपा मोवा रायपुर निवासी का निधन 15 अक्टूबर को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम रायपुर में संपन्न हुआ। मृतक भेनू प्रसाद बंजारे एवं धर्म पत्नी रेणुका बंजारे, पिता लक्ष्मीधर बंजारे एवं समस्त बंजारे परिवार रायपुर, दशगात्र कार्यक्रम 21 अक्टूबर दिन सोमवार स्थान सतनाम भवन कापा बस्ती में रखा गया है।

# सीमा विवाद को लेकर ग्रामीण पहुंचे पुलिस चौकी, वन विभाग के सरहदीय सीमा को लेकर उपजा विवाद

पायनियर संवाददाता ≺ विश्रामपुरी
www.dailypioneer.com



विकास खण्ड बड़ेराजपुर कें अंतर्गत ग्राम पंचायत करमरी के ग्रामीणों ने वन विभाग के सरहदीय सीमा को लेकर उपजे विवाद के चलते मामले को लेकर चौकी बांसकोट में शिकायत दर्ज करवाया था। इसके बाद चौकी से ग्राम उलेरा,गम्हरी व तितरवंड के कुछ ग्रमीणों को इस संबंध में ब्यान आदि दर्ज कराने नोटिस भेजा गया था। इसी नोटिस को लेकर उलेरा गम्हरी व तितरवंड के ग्रामीण बड़ी संख्या में गुरूवार को बांसकोट चौकी पहुंचे। स्थिति को देखकर यह लग रहा था। कि ये ग्रामीण मानो चौकी को ही घेरने पहूंचे है।

हालंकि चौकी में मौजूद जावानों के समझाने के बाद ग्रामीण वहां से लौट तो गए लेकिन ग्रमीणों ने यह कहा कि यदि किसी मामले को सुलझाना है तो उसके लिए दोनों पक्षों का आमने सामने होना आवश्यक है। और जब भी इस मसले को लेकर बुलावा भेजा जाए तो दोनों गांवों के ग्रामीणों को बुलवाया जावें। जिससे की इस विवाद का कुछ उचित हल निकल सके।

जानकारी के मुताबित वन विभाग के सरहदी सीमा करमरी पंचायत के इलाके में सामिल है तो वहीं गम्हरी,उलेरा व तितरवंड पंचायत के ग्रमीणों का कहना है कि यह हमारे गांव के देव भूमि है बस इसी मामले को लेकर पिछले दिनों कुछ आपसी विवाद हुआ था। और मामला चौकी तक पहूंच गया । करमरी के कुछ ग्रामीणों ने षिकायत दर्ज करवाया था। जिसके आधार पर दुसरे पक्ष के लोगों को बुलावा भेजा गया था। लेकिन इस दौरान जिनको बुलाया गया था। उसके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी चौकी पहुंच गये थे।

# अप्रत्यक्ष चुनाव के निर्णय के खिलाफ भाजपा ने खोला मोर्चा

■ रैली निकाल किया विरोध, राज्यपाल के नाम एस डी एम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ≺ कसडोल
www.dailypioneer.com

हाल ही में छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने नगरीय निकायों में महापौर अध्यक्ष चुनाव से संबंधित निर्णय लेने हेतु मंत्री स्तरीय तीन सदस्यीय उपसमिति गठित की थी एजिनके द्वारा निर्णय लिया गया कि नगरीय निकाय चुनाव अप्रत्यक्ष मतदान के तहत होगा जिसमें महापौर एवं अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता द्वारा न होकर निर्वाचित पार्षदों द्वारा चुना जायेगा। सरकार के उक्त निर्णय के खिलाफ पूरे प्रदेश में भाजपा संगठन ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए मोर्चा खोल दिया है । इसी तारतम्य में आज बलौदाबाजार जिले के कसडोल मण्डल के भाजपाइयों द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के आदेशानुसार सरकार के इस निर्णय के विरूद्ध प्रदेश के सभी नगरीय निकायों की तरह कसडोल नगर में मण्डल अध्यक्ष राजकुमार साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाड़ी करते हुए पार्टी कार्यालय से अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय तक रैली निकाल अपना विरोध किए एवं राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी टेकचंद अग्रवाल को ज्ञापन सौंपे। विरोध रैली में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष राजकुमार साहू के साथ भाजपा प्रदेश कार्यकारी सदस्य डॉ अजय राव. प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री श्याम बाई साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा भीखम प्रसाद कैवर्त्य, मंडल महामंत्री कृष्ण कुमार पटेल,सुदीप मानिकपुरी,सत्यनारायण पटेल, अनिल श्रीवास,मेलाराम साहू,जनपद सदस्य रामचंद ध्रुव, संतोष वैष्णव, पुरुषोत्तम कैवर्त्य, गुनी राम साहू,गणेश शंकर साहू,आदि शामिल थे।

# मुख्यमंत्री आबादी पट्टा वितरण की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश



पायनियर संवाददाता ≺ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी आबादी पट्टा वितरण के लिए राजस्व विभाग तथा नगरीय निकाय की सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने पटेल नियुक्ति तथा आरबीसी 6.4 के प्रकरणों में बेहद निकृष्ट स्थिति पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने स्पष्ट तौर पर कहा कि इन प्रकरणों में कोताही बिलकुल बर्दाशत नहीं की जाएगी। साथ ही सभी एसडीएम और तहसीलदारों को आगामी 30 अक्टूबर को इन प्रकरणों की वस्तुस्थिति और कार्यण्प्रगति में आ रही अ?चनों के संबंध में चर्चा करने के निर्देश दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिन राजस्व प्रकरणों में शासन स्तर पर मार्गदर्शन की आवश्यकता है उनके लिए फौरन पत्राचार करें। डायवर्सन के लंबित प्रकरणों के संबंध में कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को व्यक्तिगत रूचि लेते हुए उनका शीघ्रता से निराकरण करने के साथण्साथ आनलाइन अपडेशन भी तत्काल कराने के निर्देश दिए। राजस्व पुस्तक परिपत्र यआरबीसी 6.4 के लंबित मामलों पर भी उन्होंने गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए हितग्राहियों की राशि जल्द से जल्द जारी करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा कलेक्टर ने गौठान चारागाह वाली जगहों को अतिक्रमणमुक्त बनाने के निर्देश दिए। विशेष तौर पर ऐसे ग्राम जो राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित हैं वहां पर गौठान विकसित करने व अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व अधिकारियों को संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ से समन्वय स्थापित कर सर्वेक्षण करने के लिए निर्देशित किया। बैंक वसूली के संबंध में भी कोई विशेष प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने असंतोष जाहिर किया।मुख्यमंत्री शहरी आबादी पट्टा वितरण कार्यक्रम के तहत पट्टा वितरण से पहले सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने नगर निगम के आयुक्त और संबंधित एसडीएम को दिए। इसके अलावा नियमितीकरण वाले प्रकरणों को भी प्राथमिकता से निराकृत करने के लिए कहा। अवैध रेत उत्खनन के प्रकरणों में उन्होंने यह स्पष्ट किया कि मशीन से रेत उत्खनन किए जाने के मामले में संबंधितों के खिलाफ पुलिस थाने में सीधे एफआईआर दर्ज कराएं। उन्होंने हरहाल में रेत उत्खनन एवं परिवहन को रोकने राजस्व और पुलिस विभाग के स्टाफ को तैयार रहने के लिए कहा। इसके पहले, अपर कलेक्टर दिलीप अग्रवाल ने राजस्व प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की तथा उनके निराकरण के लिए सतत् प्रयास करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर नगर निगम के आयुक्त आशीष टिकरिहा एसडीएम धमतरी योगिता देवांगन नगरी सुनील शर्मा डिप्टी कलेक्टर डी सी बंजारे ध्रुव गायकवाड़ सहित तहसीलदार नायब तहसीलदार नजूल अधिकारी राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे। ।

### सुहागिनों निर्जला व्रत रखकर सुहाग की दीर्घायु की कामना की

**तिल्दा नेवरा।** नगर सहित पूरे अंचल में दिन गुरुवार को सुहागिनों महिलाओं ने दिन भर निर्जला व्रत रखकर अपने सुहाग व दाम्पतय जीवन में आने वाले बाधाओं के लिए भगवान से कामना कर शाम को महिलाओं ने करवा माता की कथा विस्तार पूर्वक सुनने के बाद श्री गणेश और शंकर भगवान, कार्तिके,



माता पार्वती की विधिव्रत पूजा अर्चना करने के बाद रात्रि में चांद का दीदार कर सुहागिनों महिलाओं ने पति की आरती कर तिलक लगाकर चांद को छलनी में दीये रखकर अर्ध्य दिया और पति को देखा। उनके हाथों से पानी पीकर पहला ग्रास उनके हाथों से खिया। करवा चौथ माता से पति की खुशहाल जीवन व दीर्घायु की कामना व आशीर्वाद मांगा। महिलाओं ने एक दूसरे को प्रसाद वितरण किया गया।

# तलसिवां ग्राम पंचायत में मशरूम कीट का वितरण



पायनियर संवाददाता ≺ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा आसटर मशरूम उत्पादन ग्राम पंचायत तिलसिवां में प्रगति महिला ग्राम संगठन के सदस्यों को मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में 32 दीदियों को मशरूम किट का वितरण किया गया। कलेक्टर ने कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए बताया कि मशरूम उत्पादन आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है मशरूम उत्पादन से आमदनी बढ़ेगी और आपके जीवन स्तर में सुधार होगा मशरूम में पोषण तत्वों की मात्रा सर्वाधिक होती है इसका सेवन अधिकांश लोग करते हैं यह आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है जो अच्छा उत्पादन करेगा उसका उत्पादन ज्यादा होगा और आमदनी ज्यादा होगी । शादी या अन्य कार्यक्रम के लिए निर्धारित ब्याज से पैसा लेकर महिला इसका लाभ उठा सकती है जो पैसा बचेगा संगठन का होगा और 80 प्रतिशत् राशि को मशरूम उत्पादन के व्यापार में लगाना है प्रत्येक दीदियों को बढ़ा सोच रखकर कार्य करने ग्राम संगठन के महिलाओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बता दें कि मशरूम उत्पादन के द्वितीय चरण में प्रगति महिला संगठन को पूरे प्रशिक्षण में 32 महिलाओं को वितरित किये गये किट के द्वारा लगभग 3000 किलोग्राम मशरूम का उत्पादन किया जाएगा जिसका बाजार मूल्य लगभग 150 से 200 किलोग्राम के हिसाब से लगभग 6 लाख की आमदनी हेतु टारगेट जिला प्रशासन द्वारा रखा गया है। इस अवसर पर विभाग के अधिकारीए महिला संगठन की दीदीया एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# सेन समाज की बैठक में बेटियों का सम्मान

■ दीपावली पर्व में सादगी पूर्ण, प्रदूषण मुक्त मनाने का निर्णय लिया

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रगतिशील सेन महासभा की जिला स्तरीय बैठक आहूत की गई,। इस बैठक में दिवाली पर्व में हानिकारक पटाखों से बचने का आग्रह किया एवं जनता से अपील की सादगी पूर्ण दिवाली मनाए, एवं प्रदूषण मुक्त या ग्रीन पटाखे का उपयोग कर मितव्ययी खर्च कर दिवाली मनाए, साथ साथ प्रतिभावान बेटियों को लेखन सामग्री कॉपी पेंसिल टिफिन बॉक्स एवं तोलिया देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सैन महासभा के प्रांत अध्यक्ष डॉ.मनोज ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि पुनर विवाह संस्था के प्रांत अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत एवं डी.आर ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ ,एवं विशेष अतिथि गीता ठाकुर व अंजलि शितूत के साथ महिपाल, ईश्वरी श्रीवास, चितरंजन श्रीवास, दिलीप सेन ,रवि श्रीवास जीवित राम, रोशन, कमलेश, जीवनलाल सरेठे, राकेश, श्रीवास मोनिका, काव्या, सिमरन, माही, दाउलाल श्रीवास, राधेश्याम, रमेश श्रीवास, फेकूराम, अंजन ठाकुर चेतन ठाकुर, मदनलाल, महिपाल साहू, भोजलाल, बी.पी ठाकुर, ईश्वर लाल, त्रिवेणी सेन, कमला, अमोला बाई, नंदनी, रानू संतोष ठाकुर, सरोज, नंदकुमार, संतोष ठाकुर शिवसेन, संतोष सेन, जगदीश प्रसाद, द्वारका, बद्री श्रीवास, कोदूराम, दौलत राम,प्रदीप श्रीवास, सावित्री श्रीवास दुलारी, भूषण, अनिल ठाकुर, सुशील, सुंदर, कृष्णा सेन ,जगमोहन सेन ,नरेंद्र, सुरेंद्र ,सुभाष श्रीवास, आदि सभी शामिल हुए कार्यक्रम में मंच का संचालन दिलीप सेन ने किया।

### रोजगार कार्यालय में 22 को प्लेसमेंट कैम्प

**बलौदाबाजार।** निजी क्षेत्र की कम्पनियों में नौकरी के लिए जिला रोजगार कार्यालय में 22 अक्टूबर को प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन किया गया है। यह कैम्प रोजगार कार्यालय में सवेरे 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस कैम्प में निजी क्षेत्र की फायर सेफ्टी कम्पनी एवं एसबीआई लाईफइन्श्यूरेन्स कम्पनी द्वारा विभिन्न पदों पर लगभग 40 की संख्या में भर्ती की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक फायर सेफ्टी डिस्टर मेनेजमेंट इंसटूयट भिलाई के द्वारा फायर मेन के 10 पद, उम्र 22 से 40 योग्यता डिप्लोमा फायर मेन, अनुभव 1 वर्ष वेनत 11000 से 14000 हजार तक तथा सेफ्टी आफिसर के 05 पद, उम्र 22 से 40 वष, योग्यता बीएससी एडिप्लोमा फायर सेफ्टी, वेतन 25000 से 27000 हजार तक अनुभव 2 वर्ष, तथा डाईवर अग्नि शमन वाहन चालक के 10 पद, आदि पदो पर भर्ती होगा। उम्र 22 से 40 योग्यता ।

# ग्राम पंचायतों में गौठान समिति का गठन होगा, पशुओं का संवर्धन-संरक्षण

पायनियर संवाददाता ≺ सुरजपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्द्रेशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन से प्राप्त जानकारी अनुसार गांव में कृषि प्रबंधन एवं पशुपालन के कार्यक्रम को गति प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रोत्साहित नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी कार्यक्रम के तहत् प्रत्येक गांव के पशुओं के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए गौठान बनाया गया है, जिसे संचालित करने के लिए गांव के नागरिकों के द्वारा ग्राम गौठान समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें गौठान के संबंध में रूचि रखने वाले व्यक्तियों जिनका नाम उसी ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में है, को समायोजित करते हुए समिति का गठन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि समिति के सुचारू एवं प्रभावी रूप से प्रबंधन के लिए ग्राम के सभी वर्गों एवं समूहों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। गौठान समिति में 08 से 13 सदस्य होंगेए जिसमें एक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य का चुनाव ग्रामसभा के अनुमोदन से किया जाएगा। ग्राम गौठान समिति में ग्राम के सभी वर्गों एवं समूहों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा, इनमें एक तिहाई अर्थात् 33 प्रतिशत महिला सदस्य अनिवार्य रूप से रखे जाएंगे। समिति में विषय विशेषज्ञ सदस्य, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, वन विभागए मनरेगा तथा रोजगार सहायक मैदानी शासकीय कर्मचारी भी सम्मलित होंगे, जो तकनीकी रूप से समिति को सहयोग प्रदान करेंगे। ग्राम गौठान के गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक वर्ष में 02 बार अर्थात् धान रोपाई के पहले और धान कटाई के बाद ग्राम सभा आयोजित की जायेगी। अलग.अलग विभागों को अलग.अलग जिम्मेदारी सौंपी जायेगीए ताकि चारा, पशु स्वास्थ्य, नस्ल सुधारए गौठान प्रबंधन संबंधी गतिविधियों को समयबद्ध और प्रभावी रूप में पूरा किया जा सकें।

सीईओ देवांगन ने बताया कि कृषि, पशु, उद्यानिकी विभाग के विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को विकासखण्ड स्तर के प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड स्तर पर भी कार्यशाला आयोजित है। कर ग्राम गौठान समिति के गठन की सम्पूर्ण प्रक्रियाओं को पंचायतों तक पहुंचाया जायेगा।

कार्यालय नगर पालिक निगम
रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 245/2019-20
वार्ड का नाम- महामाया मंदिर वार्ड क्र. 62

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **महामाया मंदिर वार्ड क्र. 62** वार्ड स्थित भवन/भूमि **62/747/महामाईपारा** जो कि निगम अभिलेख में **1. श्रीमती देवकी दुबे पति श्री अखिलेश दुबे 2. श्री राजा दुबे पिता श्री अखिलेश दुबे** के नाम से दर्ज है जिसको **श्रीमती प्रियंका गुप्ता पति श्री नितिन गुप्ता** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम
रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 244/2019
वार्ड का नाम- श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 63

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 63** वार्ड स्थित भवन/भूमि **63/अवधपुरी नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्री पदमन कुमार चौहान पिता स्व. श्री संतूराम चौहान श्रीमती शानू लहरे पति श्री मोती लाल लहरे** के नाम से दर्ज है जिसको **श्रीमती इंदू बाई साहू पति श्री कमल किशोर साहू** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम
रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र.253/2019-2020
दिनांक 18.10.19
वार्ड का नाम-माधव राव सप्रे वार्ड क्र.-68

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **माधव राव सप्रे वार्ड क्र.-68** वार्ड स्थित भवन/भूमि **68/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती रमेश सिंह ठाकुर पिता स्व. छत्तर सिंह ठाकुर** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती 1. लक्ष्मी मानिकपुरी पति श्री अमर दास मानिकपुरी 2. अमरदास मानिकपुरी पिता श्री ऐवन मानिकपुरी** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 312, 2019-2020
वार्ड का नाम - रानी दुर्गावती वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **रानी दुर्गावाती वार्ड 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/A-09 आनंद विहार** जो कि निगम अभिलेख में **1. बलबीर कौर पति सरदार हरमिन्दर सिंग जविन 2. करणजीत सिंह पिता सं. हरमिन्दर सिंग जविन** के नाम से दर्ज है, जिसको **विमल सहगल पिता चन्द्र कुमार सहगल** ने वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम
रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 252/2019-20
वार्ड का नाम- वामन राव लाखे वार्ड क्र. 64

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **वामन राव लाखे वार्ड क्र. 64** वार्ड स्थित भवन/भूमि **64/प्रोफेसर कालोनी** जो कि निगम अभिलेख में **श्री राजेश्वर राव महाडिक पिता री श्याम राव महाडिक** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री रमेश चन्द्र अग्रवाल पिता स्व. श्री एस.के. अग्रवाल** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम
रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 251/2019-20
वार्ड का नाम- महामाया मंदिर वार्ड क्र. 62

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **महामाया मंदिर वार्ड क्र. 62** वार्ड स्थित भवन/भूमि **62/प्रोफेसर कालोनी** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती संध्या साहू पति श्री कौस्तूभ साहू** के नाम से दर्ज है जिसको **श्रीमती चारु विद्धता शुक्ला पति श्री प्रणव शुक्ला** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम
रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 247/2019-20
वार्ड का नाम- रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र. 51

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 51** वार्ड स्थित भवन/भूमि **51/H.3/आकृति** जो कि निगम अभिलेख में **श्री मोहन लाल अग्रवाल पिता स्व. श्री भागीरथलाल अग्रवाल** के नाम से दर्ज है जिसको **1. श्रीमती भारती विक्रम पति श्री नीरज विक्रम 2. श्री नीरज जितेन्द्र विक्रम पिता श्री जितेन्द्र विक्रम** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम
रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 248/2019-20
वार्ड का नाम- वामन राव लाखे वार्ड क्र. 64

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **वामन राव लाखे वार्ड क्र. 64** वार्ड स्थित भवन/भूमि **64/B/232 शीतला पारा** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमति मिलवंतिन पति श्री सखाराम यादव** के नाम से दर्ज है जिसको **श्रीमती नूतन प्रीति वर्मा पति श्री देवेन्द्र वर्मा** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर

## संपादकीय

# पीएमसी घोटाले से सबक, सहकारी बैंकों पर आरबीआई का हो कठोर नियंत्रण

**महाराष्ट्र** कोआपरेटिव-पीएमसी बैंक के जमाकर्ता तीन लोगों का निधन हो गया है। इनमें से दो को बेचैनी के कारण दिल का दौरा पड़ा तथा एक ने आत्महत्या कर ली। आमतौर से सहकारी बैंकों में जीवन भर की कमाई जमा करने वालों में छोटे बिजनेसमैन, किसान, सेवानिवृत्त पेशेवर व सहकारी आवास समितियां तक होती हैं। लेकिन अब ऐसे लोगों के जीवन व विश्वास को तगड़ा धक्का लगा है। इसके उलट फर्जी बिजनेसमैन व घोटालेबाजों ने बड़े बैंकों के साथ घोखाधड़ी के अलावा 4,335 करोड़ का पीएमसी घोटाला भी किया है। हालांकि, सरकार ने खाताधारकों को आश्वस्त किया है कि एक नियामक व्यवस्था इस स्थिति से निपट रही है। लेकिन लंबे समय से खतरे के संकेतों को अनदेखा कर समस्या क्यों पैदा होने दी गई? आरबीआई के अपने आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च तक 1542 शहरी सहकारी बैंकों में से 46 का दायित्व बहुत बढ़ गया था तथा 26 बंद हो गए थे। आरबीआई ने कुछ बैंकों पर कठोर नियंत्रण लगाए थे, जिससे समस्या की व्यापकता का पता चलता था। इसी साल उसने पीएमसी समेत चार सहकारी बैंकों पर जनवरी व सितंबर के बीच नियंत्रण लगाया है। पीएमसी बैंक में 11,000 करोड़ रुपये जमा थे, उसे 100 करोड़ का मुनाफा हुआ था, लेकिन उसका डूबा कर्ज- एनपीए दूने से अधिक हो गया था। इसके बावजूद किसी ने इस विभीषिका की कल्पना नहीं की थी। सतर्कता बरतने के अभाव में इस बैंक के अधिकारी एक समूह एचडीआईएल को लगातार कर्ज देते रहे, जबकि उसकी स्थिति निरंतर खराब हो रही थी।

इस घोटाले की शुरुआत वास्तव में 2008 में शुरू हुई थी जब बैंक के वरिष्ठ कर्मचारी कर्ज लेने के लिए फर्जी खाते खोल रहे थे। पीएमसी अध्यक्ष वरयाम सिंह एचडीआईएल बोर्ड के सदस्य थे और आरबीआई ने अक्टूबर, 2018 में उनको हटाने की संस्तुति की थी, लेकिन इसके बावजूद कुछ नहीं हुआ। इस लापरवाही के कारण बैंक का एनपीए बहुत तेजी से बढ़ा। राज्य सरकार के समर्थक पूंजीपतियों, बैंकों और राजनेताओं के बीच गठजोड़ कोई नहीं बात नहीं है। स्पष्ट रूप से एक व्यापक विनियामक व्यवस्था का होना जरूरी है जो मामूली लापरवाही पर भी नजर रख कर सुधारात्मक उपाय कर सके। यदि कोई नियामक व्यवस्था हो तो भी कुशासन व पेशेवर व्यवहार की कमी के साथ पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाली समुचित तकनीकी प्रक्रियाओं के अभाव में छोटे बैंकों को निश्चित प्रोटोकाल से बाहर रखा गया। इस लापरवाही को माइक्रो स्तर पर समाप्त करना जरूरी है। जमाकर्ताओं को चरणबद्ध तरीके से पैसा लेने की अनुमति या नुकसान होने के बाद बैंक का लाइसेंस रद्द करना समस्या समाधान का कोई उपाय नहीं है। निवेशकों को भी ऐसे बैंकों के मूलाधारों पर नजर रखनी चाहिए जो जमाकर्ताओं को वाणिज्यिक बैंकों से अधिक लाभ देने का वादा करते हों। उनको बैंक के पूंजीगत आधार पर लगातार नजर रखनी चाहिए। अन्य सुरक्षा उपायों में जमा का बीमा तथा क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया की योजना शामिल है। लेकिन बीमा की सीमा केवल एक लाख है। गड़बड़ी होने पर जमाकर्ताओं के अतिरिक्त जमा की कोई गारंटी नहीं है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वीकार किया है कि सार्वजनिक बैंकों ने संप्रग सरकार में 'फोन' संस्तुतियों के कारण धोखाधड़ी होने दी। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी ने पीएमसी को 'बड़ी समस्या का संकेत' कहा है। सहकारी बैंकों में समस्या के सामाजिक आयामों पर गौर करते हुए बैंकों के अधिकारियों तथा भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ताओं के प्रति ज्यादा जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए।

# सार्वजनिक परिवहन की व्यावहारिकता

## मुफ्त सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था करने वाले शहरों में कुछ समय तक सकारात्मक परिणाम मिले मगर कुछ वर्ष बाद इसे टिकाऊ बनाए रखना एक समस्या बन गया।



**मेघना कुमार**
लेखिका टेरी में क्षेत्रीय समन्वयक हैं)



**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं को मुफ्त सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का सुझाव दिया। इससे देश भर में सार्वजनिक परिवहन के प्रदर्शन तथा उस पर होने वाले खर्च पर बहस शुरू हो गई है। दुनिया भर के शहर मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम-एमआरटीएस व सार्वजनिक परिवहन के अन्य माडलों को वित्तीय रूप से सक्षम बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं आपरेटर तथा विद्वान इस प्रणाली को आर्थिक रूप से सफल बनाने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं।

दिल्ली परिवहन निगम तथा दिल्ली मेट्रो के अनुमानों के अनुसार, बसों और ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में महिलायें लगभग 30 से 35 प्रतिशत हैं। इसका अर्थ है कि रोज लगभग 14 लाख महिलायें बसों से तथा 8,00,000 ट्रेनों से यात्रा करती हैं। दिल्ली सरकार का अनुमान है कि उसकी प्रस्तावित योजना के बाद महिला यात्रियों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि होगी। इसके परिणामस्वरूप शहर की सड़कों पर वाहनों की संख्या बढ़ेगी तथा उन संकटग्रस्त तबकों के लिए बेहतर सुरक्षा व्यवस्था करनी होगी जो सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करने की स्थिति में नहीं होंगे।

मुफ्त सार्वजनिक नीति का प्रयोग करने वाले शहरों में हुए अध्ययनों से पता चलता है कि इससे यात्रियों की संख्या बढ़ने, ट्रैफिक जाम घटने, हवा की बेहतर गुणवत्ता, प्रिंटिंग व टिकट पंचिंग तकनीक प्रयोग में बचत तथा टिकट बिक्री में लोगों को रोजगार देने जैसे लाभ हुए हैं। मुफ्त सार्वजनिक परिवहन के वादे से भी लाभ हो सकते हैं जिनमें लोकतंत्र मजबूत होना, नागरिकों की अधिक सहभागिता, बेहतर जीवन व जीवन्त अर्थव्यवस्था शामिल हैं।

लेकिन यह करने के बजाय कहना ज्यादा आसान है। अतीत में इस्टोनिया के तालिनिन तथा फ्रांस के चैट्यूराक्स व आबागेन जैसे शहरों में मुफ्त सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग हुआ है जिसके कुछ समय तक सकारात्मक नतीजे मिले। लेकिन कुछ वर्ष बाद इन परिणामों को बनाए रखना समस्या बन गया। मुफ्त सेवा और प्रसन्न यात्रियों के संयुक्त प्रभाव से यात्रियों की संख्या काफी बढ़ती है, पर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पर इसका नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। मांग में भारी वृद्धि के कारण यात्रियों की भीड़ बढ़ती है तथा सेवाओं की गुणवत्ता खराब हो जाती है। इसका परिणाम परिवहन एजेंसी के लिए जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ना भी होता है।

मुफ्त सार्वजनिक व्यवस्था की कुंजी इसकी फाइनेंसिंग के लिए राजस्व के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश है। खासकर आर्थिक अस्थिरता के समय दीर्घकालीन रूप से मुफ्त परिवहन नीति बनाए रखना बहुत कठिन हो सकता है। फ्रांस के चैटयूराक्स में सार्वजनिक परिवहन 2003, 2004, 2005 व 2007 में मुनाफा कमाने में सफल रहा, लेकिन 2008 के बाद इसके मुनाफे में कमी आई। बेल्जियम के हैसेल्ट शहर में कुछ साल बाद सरकार को मुफ्त सार्वजनिक परिवहन नीति समाप्त करनी पड़ी क्योंकि सरकार इसे फाइनेंस करने की स्थिति में नहीं थी। इसलिए बड़ा सवाल यह है कि क्या भारतीय शहर देश की तेजी से बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए अपने नागरिकों के लिए मुफ्त परिवहन व्यवस्था कर सकते हैं?

भारत के शहरों में सार्वजनिक परिवहन की भारी कमी है। शहर के बाहरी क्षेत्रों तथा गरीब क्षेत्रों में अक्सर यह सेवा उपलब्ध नहीं होती है। यदि बसों व लोकल ट्रेनों का नेटवर्क होता है तो भी सेवा की बारंबारता कम होने से यह निष्प्रभावी हो जाती है। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था चाहे मुफ्त हो या नहीं, पर इसकी अनुपस्थिति से गरीबों को परस्पर संपर्क की समस्या होती है। देश में सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क की विसंगतियां दूर करने के लिए भारी पूंजीगत निवेश की आवश्यकता है। इस पर होने वाले खर्च को देखते हुए संचालन खर्च के लिए राज्य सरकारों पर भारी बोझ पड़ेगा।

लेकिन अच्छी खबर यह है कि वर्तमान समय में असंभव दिखने के बावजूद समाधानों की खोज की जा सकती है। राज्य सरकारों द्वारा सार्वजनिक परिवहन का खर्च उठाने में अक्षमता को देखते हुए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क के लिए आंशिक सब्सिडी के माध्यम से भी वर्तमान समय में खर्च उठाना बहुत कठिन है। मुफ्त सार्वजनिक परिवहन संचालन हर शहर के लिए वर्तमान समय में संभव नहीं है। लेकिन हर शहर में कम से कम सस्ती सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था होनी चाहिए। इसकी दीर्घकालीन फंडिंग तथा खर्च घटाने की कुछ रणनीतियां हैं जिन पर विचार किया जा सकता है।

हालांकि, क्रास-यूटिलिटी सब्सिडी देश में बहुत लोकप्रिय नहीं है, पर यह दुनिया के अनेक भागों में प्रचलित है जिनमें यूरोप व उत्तरी अमेरिका शामिल हैं। क्रास यूटिलिटी सब्सिडी के अनेक तरीके हैं, जैसे प्रयोग करने वाले पर लेवी लगाई जा सकती है या घाटे वाली प्रणाली को मुनाफे वाली प्रणाली से सब्सिडी दी जा सकती है। बृहनमुंबई एलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट-बेस्ट एक घाटे वाला परिवहन विभाग है। लंबे समय तक इसे मुनाफा कमाने वाले बिजली विभाग से सब्सिडी दी जाती रही है। यदि इसका व्यावहारिक क्रियान्वयन किया जाए तो यह सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में क्रास सब्सिडी एक समाधान हो सकता है।

लक्षित सब्सिडी भी एक उपाय है। अक्सर अनुदान का लक्षित समूहों पर लाभदायक प्रभाव नहीं पड़ता है। इसलिए समाधान के रूप में सावधानी से निर्धारित किए लाभार्थियों को चयनित सब्सिडी शुरू की जा सकती है। इसे लागू करने के बाद समाप्त करना कठिन है, लेकिन यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि भारत में द्रव पेट्रोलियम गैस-एलपीजी के 10 मिलियन से अधिक प्रयोगकर्ताओं ने सरकार की अपील पर अपनी सब्सिडी छोड़ दी है। यदि जनता को सब्सिडी के बारे में विश्वास हो तो बहुत से लोग आवश्यकता न होने पर इसे छोड़ सकते हैं। कुल मिला कर सरकार को लक्षित सब्सिडी की तलाश कर जरूरतमंद व संकटग्रस्त लोगों को सस्ती सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध करानी चाहिए।

लक्षित परिवहन फंड भी एक रास्ता हो सकता है। अनेक विशेषज्ञों ने जोर दिया है कि सार्वजनिक बस परिवहन निगमों को मोटर वाहन कर से मुक्ति मिलनी चाहिए। अनेक बस निगमों के लिए संचालन का घाटा लगभग मोटर वाहन कर भुगतान के बराबर होता है। हालांकि, उत्सर्जन व भीड़ जैसे अनेक नकारात्मक परिणाम देने वाले वाहनों पर टैक्स लगाना उचित है, पर सार्वजनिक बसों पर ऐसा टैक्स लगाना उचित नहीं है। 'प्रति यात्री किलोमीटर' के आधार पर सार्वजनिक परिवहन ज्यादा बेहतर है और यह निजी वाहनों की तुलना में कम उत्सर्जन तथा कम भीड़ पैदा करता है। इसके साथ ही टैक्स घटाने का सीधा लाभ यात्री किराये में कमी के रूप में सामने आ सकता है। टैक्स समाप्त करने से किराए घटेंगे तथा सार्वजनिक परिवहन की वित्तीय स्वीकार्यता में सुधार होगा।

सार्वजनिक परिवहन की प्रभावशीलता जांचने के लिए नए संकेतक तैयार करने चाहिए। इन संकेतकों में मुख्यधारा सामाजिक व पर्यावरण लक्ष्य अवश्य शामिल होने चाहिए। वर्तमान समय में देश में सार्वजनिक परिवहन का संचालन मुख्यतः आर्थिक आयामों जैसे आमदनी व प्रति किलोमीटर लागत पर होता है। अब ज्यादा व्यावहारिक लाभों, जैसे समय की बचत, बेहतर उत्पादकता, भीड़ में कमी व आजीविका के अवसरों में सुधार को सार्वजनिक परिवहन की क्षमता से जोड़ा जाना चाहिए। सार्वजनिक परिवहन निगमों के मूल्यांकन का तरीका बदलने से उनके संचालन के तरीकों व लक्ष्यों में भी परिवर्तन होगा जिनको सेवा में प्राथमिकता देनी होगी। हालांकि, सार्वजनिक परिवहन संचालन में वित्तीय प्रदर्शन महत्वपूर्ण है, पर इसके लिए किराया बढ़ाना सर्वोत्तम समाधान नहीं है। यदि यह मान लिया जाए कि सार्वजनिक परिवहन संचालित करने का लक्ष्य राजस्व एकत्र करने के बजाय नागरिकों को सस्ती सेवा देना है तो इसका उद्देश्य बदल जाएगा। समय की आवश्यकता है कि सार्वजनिक परिवहन को सबके लिए सुलभ बनाने हेतु खोजी समाधान निकाले जाएं।

# महाराष्ट्र में आदित्य के उदय की तैयारी



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका प्रख्यात राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

**शि**वसेना प्रमुख स्वर्गीय बाल ठाकरे अपने पौत्र आदित्य के चुनावी राजनीति में उतरने पर क्या प्रतिक्रिया करते, जबकि उन्होंने स्वयं को दशकों तक चुनावी राजनीति से दूर रखा था? वे शायद इस पर खुश होते। अब तक यह परिवार बिना चुनाव में उतरे महाराष्ट्र में शक्तिशाली राजनीतिक दल का संचालन करता रहा है। युवतम आदित्य ठाकरे आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में यह परम्परा तोड़ते हुए मुंबई की वर्ली सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बालासाहब ने मुझे एक बार बताया था कि उन्होंने तीन निर्णय लिए। वो चुनाव में नहीं उतरेंगे, अपनी जीवनी नहीं लिखेंगे तथा कोई सरकारी पद नहीं लेंगे। उन्होंने अंतिम समय तक अपने वादे निभाए। 1995 में पहली बार शिवसेना-भाजपा सरकार बनने पर बाला साहब अकसर मजाक में इसे रिमोट संचालित राज्य कहते थे। बाला साहब के पुत्र, उद्धव ठाकरे, आश्चर्यजनिक रूप से पार्टी को न केवल जीवित रखने में सफल हुए बल्कि उन्होंने अपने पिता की रिमोट कंट्रोल राजनीति भी चलाई।

लेकिन, 29 वर्षीय आदित्य इस मामले में अलग हैं, और वो महत्वाकांक्षी महाराष्ट्रीय नौजवानों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके छवि निर्माता उनको एक सतर्क व अंग्रेजी बोलने वाले शिवसेना नेता के रूप में पेश कर रहे हैं। नौ वर्ष पूर्व बाला साहब ने स्वयं अक्टूबर 2010 में अपने पोते से राजनीतिक दुनिया का परिचय कराया था तथा उन्होंने आदित्य को पार्टी की नवगठित युवा शाखा का प्रमुख भी बनाया था।

ठाकरे वंशज के लिए पहली बार चुनाव में उतरने का समय ठीक है क्योंकि इस महीने भाजपा-शिवसेना गठबंधन चुनाव जीतने जा रहा है। आदित्य ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा है कि मैंने यह चुनाव इसलिए चुना कि मेरी समझ से यह सही समय है। महाराष्ट्र में युवा नेतृत्व में खाली स्थान है जिसे भरने की वो आशा कर रहे हैं। एक बच्चे के रूप में आदित्य अपने पिता व बाबा के साथ यात्राएं करते रहे हैं और इससे उनमें



राजनीति के प्रति दिलचस्पी पैदा हुई। आदित्य बताते हैं, ''यदि आप समाज के लिए कुछ अच्छा करना चाहते हैं तो राजनीति एक रास्ता है। मैं पिछले पांच वर्ष से अपनी यात्रा के बारे में सोच रहा हूं। हमने अनेक आंदोलनों में भाग लिया है। सवाल है कि शिवसेना शैली में महाराष्ट्र की बेहतर सेवा कैसे की जाए? मैंने हमेशा सोचा है कि मैं अपनी पार्टी में विधायक बनूंगा।''

चुनावी मुकाबले में उतरने के पहले उन्होंने जुलाई में 2019 में सफलता के लिए मतदाताओं को धन्यवाद देने हेतु एक जनआशीर्वाद यात्रा निकाली थी, पर उनका असली इरादा मैदान में उतरने से पहले जनता का मूड भांपना था। युवा ठाकरे बदलते राजनीतिक परिदृश्य एवं शिवसेना की विकसित होती राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं। बाला साहब के समय से बहुत कुछ बदल चुका है। महाराष्ट्र की राजनीति में पार्टी का समर्थन आधार निश्चित रूप से कम हुआ है। राजनीति बदल गई है और शिवसेना के मतदाता भी बदले हैं। गठबंधन में कनिष्ठ साझीदार के रूप में शिवसेना शामिल है जबकि पहले सेना-भाजपा गठबंधन में उसका प्रभुत्व होता था।

आदित्य एक अलग प्रकार की राजनीति का प्रयोग करते हुए पुराना विमर्श बदलने का प्रयास कर रहे हैं। शिवसेना की छवि एक आक्रामक राजनीतिक दल की है और वो सफलता के लिए इसे बदलना चाहते हैं। अब शिवसेना समस्या खड़ी करने वाली पार्टी नहीं रह गई है। अतीत में, उसने दक्षिण भारतीयों, गुजरातियों, बिहारियों व मुसलमानों के खिलाफ आंदोलन किए थे। लेकिन आज गैर महाराष्ट्रीय मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए उसके अभियान में बहुभाषी पोस्टरों का प्रयोग हो रहा है। आदित्य धर्म का हिन्दुत्व का उल्लेख करने के बजाए सबको रोटी देने तथा बेरोजगारी व विकास जैसे मुद्दे उठाते हैं। वो प्लास्टिक पर प्रतिबंध, समुद्र तटों की सफाई तथा पर्यावरण संरक्षण के पक्ष में हैं। आदित्य ज्यादा महानगरीय, आधुनिक व नए युग की चुनावी राजनीति के प्रति खुले हैं। उन पर पेज-3 वाले लोगों के बीच में सहज अनुभव करने के आरोप हैं, लेकिन वो आम नौजवानों को भी आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। आदित्य नौजवानों के बीच आधार बनाने के लिए अपने बाबा की नकल कर रहे हैं। बाला साहब ठाकरे को उनके पूरे जीवन में प्रतिबद्ध नौजवानों का समर्थन प्राप्त हुआ। जीवन पर्यंत हर विजयदशमी को हजारों नौजवान शिवाजी पार्क में उनकी बैठक में शामिल होते थे। अब आदित्य सहस्त्राब्दी मतदाताओं को आकर्षित कर रहे हैं। उनको एक संवेदनशील आधुनिक व युवा नेता के रूप में पेश किया जा रहा है जो नए विचारों के प्रति खुले तथा लचीले स्वभाव वाले हैं। आदित्य को चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय परिवार ने काफी सोच विचार के बाद लिया है। बाला साहब रिमोर्ट कंट्रोल से सरकार चला सकते थे। उद्धव ने भी ऐसा ही करने का प्रयास किया पर आदित्य को उनकी मां रेशमी ने प्रोत्साहित किया जिनका विश्वास है कि रिमोर्ट संचालित सरकार के दिन अब बीत चुके हैं और उनको व्यवस्था में शामिल होना चाहिए। कुल मिलाकर, शिवसेना स्वयं को जमीनी स्तर पर मजबूत करना चाहती है क्योंकि भाजपा पार्टी को उदरस्थ कर सकती है। परिवार को लगता है कि अगली कैबिनेट में युवा ठाकरे की मौजूदगी उनको नियंत्रण का समुचित अवसर प्रदान करेगी। आदित्य के वर्ली सीट से चुनाव जीतने की पूरी उम्मीद है। यदि किस्मत साथ देती है तो वो उपमुख्यमंत्री भी बन सकते हैं।

## फरमाया



**यदि** सरकार गांधीजी की 150वीं जयंती पर सावरकर को भारत रत्न देने की बात करती है तो भगवान हमारी रक्षा करें।

– **मनीष तिवारी**
कांग्रेस प्रवक्ता



**सावरकर** द्वारा दिए संस्कारों के कारण हमने राष्ट्रवाद को राष्ट्र-निर्माण का आधार बनाया है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**आत्मसम्मान** मुझ पर बहुत भारी पड़ा। पहले मुझ पर दफा 307 का आरोप लगाया गया। अब बकरी और मुर्गी चोरी का आरोप लगा है।

– **आजम खान**
समाजवादी पाटी नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## मुसीबत में पाकिस्तान

**सार्वजनिक** घोषणाओं के बावजूद सामान्य रूप से इस्लामी देश केवल अपनी सुविधा व स्वार्थ के आधार पर काम करते हैं जिसमें नैतिकता या चेतना का कोई स्थान नहीं है। पाकिस्तान स्वयं को कश्मीरियों का स्वघोषित संरक्षक बताता है, लेकिन उइघरों के मामले पर निराशाजनक रूप से मौन है। अपने देश में बलूच व हिन्दुओं, ईसाइयों व अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ राज्य प्रायोजित उत्पीड़न जारी है। इनमें शिया व अहमदिया जैसे समुदाय भी हैं जिनको उत्पीड़न का शिकार बनाया जाता है। पाकिस्तान के इसी दोमुहे बर्ताव के कारण ईरान व अफगानिस्तान जैसे इस्लामी पड़ोसी उसके खिलाफ हो गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी बंधु इस्लामी देशों का जाप किया करते हैं, पर उन्होंने पाकिस्तान के भीतर से ईरान व अफगानिस्तान में नस्ली असहिष्णुता फैलाने के पूरे प्रयास किए हैं। अफगान अपने देश में आतंकी संगठनों को इस्लामाबाद के सक्रिय समर्थन से परेशान हैं। अब पाक को हमेशा से सहयोग देने वाले सऊदी अरब के राजकुमार सलमान भी पाकिस्तान से नाराज़ हो गए हैं। ऐसे में पाकिस्तान स्वयं इस्लामी देशों के विरोध का शिकार होकर अकेला पड़ गया है। चीन के अलावा उसका कोई साथी नहीं है।

– **सलीम अख्तर**, कानपुर

## हिन्दी बनाम क्षेत्रीय भाषाएं

**वर्तमान** समय में हिन्दी को एकीकरण की भाषा के रूप में देखने की बात हो रही है। यह सच है कि हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी है मगर देश में व्याप्त भाषाई विविधता को देखते हुए हमें एक भाषा को न थोपकर क्षेत्रीय भाषाओं का भी सम्मान करना होगा। राष्ट्रीय एकता का यही तकाजा है। यदि सरकारी मशीनरी को किसी एक भाषा को कार्य का माध्यम बनाना पड़े तो निश्चि रूप से यह उन अधिकारियों के साथ भेदभाव होगा जिनकी भाषा हिंदी नहीं है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार, 'केन्द्र की आधिकारिक भाषा देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी होगी। संविधान लागू होने के बाद 15 वर्ष तक अंग्रेजी भाषा केन्द्र के सभी आधिकारिक कार्यों में प्रयोग होती रहेगी, जिसके लिए उसका प्रयोग हो रहा है।' अनुसूची 8 हिंदी प्रयोग में बढ़ोत्तरी की समीक्षा की अनुमति देता है, पर यह अंग्रेजी को पीछे नहीं छोड़ता न ही राज्य विधायिका को अपनी भाषा प्रयोग करने से रोकता है। यह स्पष्ट करता है कि सभी आधिकारिक पाठ अंग्रेजी में भी होंगे। अंग्रेजी के बिना बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेशेवर क्षेत्र में दखल कैसे हो सकता है?

– **कमल किशोर**, प्रयागराज

## आगे बढ़ें नीतीश कुमार

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने करियर को आगे बढ़ाने के व्यावहारिक मार्ग पर चलें तथा अपने जमीनी अनुभव का लाभ राष्ट्रीय राजनीति को दें। पार्टी को उम्मीद है कि ऐसा कर मुख्यमंत्री राज्य में भाजपा के नेतृत्व का रास्ता खोलेंगे, जो उसे जनता दल यूनाइटेड की तरह समृद्धि व सफलता के मार्ग पर ले जाएगा। जदयू ने बिहार में मजबूत गठबंधन साझीदार की भूमिका निभाई है। राजग ने नीतीश के समीकरणों को देखते हुए भाजपा गंभीरता से जदयू के साथ मिलकर बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए, बिहार के हित में उनको भाजपा के लिए रास्ता बनाते हुए गठबंधन धर्म का पालन करना चाहिए। भाजपा ने पहले ही बिना शर्त समर्थन देकर अपनी भूमिका अदा की है तथा उसने पिछले 15 वर्षों में राज्य संचालन में जदयू प्रमुख का पूरा सहयोग किया है। अतः बेहतर होगा कि नीतीश कुमार अब राष्ट्रीय राजनीति का रुख करें और केंद्र में अपना आगे का समय दें। बिहार की गद्दी भाजपा के लिए छोड़ दें।

– **शैलेंद्र सिंह**, पटना

# एनएसयूआई जिलाध्यक्ष की अवैध वसूली पर चालकों व संचालकों ने की जमकर धुनाई

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

पूर्व में एमपी से शराब तस्करी और फिर बाद में गोड़पाल रेत खदान में मारपीट करने जैसे मामलों में घिर चुके एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र पांडे फिर एक बार अपनी गतिविधियों को लेकर सुर्खियों में घिर गए हैं। मिली जानकारी अनुसार गुरुवार रात को बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव तालगांव में स्थित फॉरेस्ट बेरियर से गुजरने वाले रेत से भरी हाइवा के चालकों से अपने पद की धौंस दिखाते हुए अवैध रूप से पैसों की वसूली कर रहे थे। अवैध वसूली करते देख हाइवा के चालकों व रेत खदान के संचालकों ने विरोध किया और जीतेन्द्र पांडे की जमकर धुनाई कर दी। जिससे जीतेन्द्र पांडे लहूलुहान हो गए और आरोपी मौके से भाग खड़े हुए। जिसके बाद जीतेन्द्र पांडे जिला अस्पताल पहुंचकर अपना उपचार कर मुलायजा करवाया। गौरतलब हो कि कांग्रेस की सत्ता आने के बाद जिले के छूटभैय्या कार्यकर्ता भी खुद की बड़ा नेता समझने लगे हैं। इतना ही नहीं चाहे दुपहिया वाहन हो या फिर चार पहिया वाहन बकायदा पदनाम के साथ सड़कों में चलते दिखाई देते हैं और तो और बेखौफ सायरन बजाकर अपने पद का धौस दिखाते नजर आते हैं। अगर एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र पांडे की बात करे तो कुछ महीने पहले एमपी से शराब तस्करी मामले में भी घिर चुके है, क्योंकि जिस वाहन से एमपी की शराब की तस्करी की जा रही थी, वह जीतेन्द्र पांडे के नाम रजिस्ट्रेशन थी। अभी हाल में गोड़पाल रेत खदान में भी जीतेन्द्र पांडे व कुछ एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा संचालकों व हाइवा के चालकों से मारपीट की थी। जिसकी भी शिकायत दोनों पक्षों ने बालोद थाने में कई थी। लेकिन बाद में दोनों पक्षों में थाने में ही आपसी समझौता करवा लिया। क्योंकि गोड़पाल रेत का खदान का संचालन अवैध रुप से कांग्रेसियों के द्वारा ही किया जा रहा था और रेत खदान में पार्टनरशिप को लेकर विवाद हुआ था।

### एनएसयूआई जिलाध्यक्ष की गतिविधियां पार्टी के लिए घातक

अवैध शराब की तस्करी, अवैध रेत खदान का संचालन को लेकर लगातार अपनी गतिविधियों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र पांडे इस बार भी सुर्खियों में आ गए हैं। तालगांव फॉरेस्ट बेरियर में बैठकर शराब पीकर वहां से गुजरने वाली हाइवा के चालको से अवैध वसूली करना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ हैं। चर्चा का विषय यह भी हैं कि क्यो हर रेत खदान में मारपीट और विवादों से नाता सिर्फएनएसयूआई के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र पांडे का ही क्यो होता हैं, यहां यह कहना लाजिमी हैं कि जीतेन्द्र पांडे की लगातार चल रही ऐसी गतिविधियां पार्टी के लिए घातक सिद्ध जो सकती है। उक्त पूरे मामले में जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष कृष्णा दुबे ने जल्द ही आला नेताओं से मिल जिले में हो रही सारी गतिविधियों से अवगत कराने की बात कही हैं। वही पूरे मामले में जब एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र पांडे से फोन नम्बर 94252.63356 पर सम्पर्क करना चाहा तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

■ पदनाम लगा सायरन बजाते दौड़ती है चार पहिया वाहन



### सोशल मीडिया में हो रही किरकिरी

घटना की जानकारी लगते ही और सोशल मीडीया में फोटो और वीडीयो वायरल होते ही एक बार फिर जीतेन्द्र पांडे की किरकिरी होना शुरू हो गई। यहां तक के एनएसयूआई से जुड़े कई पदाधिकारी भो अब एनएसयूआई जिलाध्यक्ष की गतिविधियों पर सवाल उठाना शुरू कर दिए हैं। वही जीतेन्द्र पांडे की लगातार विवादित गतिविधियों को देखते हुए पार्टी से निष्काषित करने की बातें भी उठने लगी हैं।

### तथाकथित पत्रकार भी रात में करने पहुंचे थे वसूली

वही जानकारी यह भी मिली हैं कि रेत का परिवहन कर रहे वाहनों से और रेत खदान का संचालन कर रहे लोगों से कुछ तथाकथित पत्रकार वर्ग रात को अवैध वसूली करने पहुचे थे। पर घटना के समय माहौल बिगड़ता देख वहां से भाग खड़े हुए और उनकी अवैध वसूली की मंशा पर पानी फिर गया। बता दे कि जिले के कुछ तथाकथित पत्रकार इतने जागरूक हैं कि जैसे ही उन्हें पता चलता है कि रेत का खनन कर अवैध परिवहन किया जा रहा हैए उस संबंधित रेत खदान में अवैध वसूली करने पहुच जाते हैं।

मुझे जानकारी मिली है, अगर इस तरह का कृत्य जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया वह गलत हैं। सोमवार को एक कमेटी बनाकर जांच कर जिलाध्यक्ष पर निष्कासन की कार्यवाही की जाएगी। पार्टी की छवि धूमिल करने वालों व ऐसे कृत्य करने वालों के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं।

**-आकाश शर्मा,** प्रदेशाध्यक्ष, एनएसयूआई

## क्विक न्यूज

### कलेक्टर ने गुंजेरा पहुंचकर धान पंजीयन कार्य की ली जानकारी



**बेमेतरा।** नवागढ़ ब्लाक के सुदूरवर्ती ग्राम गुंजेरा का कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी ने धान उपार्जन के पंजीयन कार्य का निरीक्षण करते हुये गिरदावरी की जांच की। पटवारी द्वारा गिरदावरी का अभिलेख प्रस्तुत किया गया जो सही पाया गया। कलेक्टर ने सहकारी समिति मारो में भी धान पंजीयन कार्य की जांच की। ज्ञात हो कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 31 अक्टूबर तक पंजीयन की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश कुमार सर्वे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नवागढ़ डी.आर.डाहिरे भी उपस्थित थे।

### छात्रावास अधीक्षक के दो इन्क्रीमेंट रोकने का निर्देश



**बेमेतरा।** नवागढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत नगर पंचायत मुख्यालय मारो में संचालित प्रीमैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी ने औचक निरीक्षण किया। जहां छात्रावास अधीक्षक सुखदेव सोनी के अनुपस्थित मिलने पर उनके दो वार्षिक वेतन वृद्धि (इन्क्रीमेंट) रोकने के निर्देश दिए। छात्रावास निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पाया कि वाटर फिल्टर फीट नहीं किया गया है इसे तत्काल चालू करने के साथ छात्रावास में रहवासी छात्रों को नया गद्दा तत्काल वितरण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को छात्रावास के बेहतर संचालन एवं साफ सफाई के प्रति विशेष रूप से ध्यान देने को कहा। बच्चों से भोजन व्यवस्था, शिष्यवृत्ति वितरण के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश कुमार सर्वे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नवागढ़ डी.आर.डाहिरे भी उपस्थित थे।

# गांधी जी ने हमेशा अहिंसा के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया : बघेल

## सासंद के नेतृत्व में निकली गांधी संकल्प पदयात्रा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com



गांधी जी के विचारों एवं उपदेशों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में निकल रही गांधी संकल्प पदयात्रा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम घटिया कला से प्रारंभ हुई जिसमें प्रमुख रुप से बेमेतरा भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा पूर्व विधायक अवधेश चंदेल गांधी संकल पदयात्रा प्रभारी कांतिलाल बोथरा पूर्व विधायक डोमन लाल कोसेवाड़ा पदयात्रा सह प्रभारी ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान आज प्रमुख रूप से ग्राम कुसमी में स्कूली बच्चों के द्वारा महात्मा गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गांधी जी के विचारों उद्देश्यों को बच्चों के द्वारा जीवंत रूप से दर्शाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश में भारतीय जनता पार्टी के सांसद अपने अपने संसदीय क्षेत्र महात्मा गांधी जी के 150वीं जयंती के अवसर पर गांधी संकल्प पदयात्रा का आयोजन कर रहे हैं, इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में गांधी संकल्प पदयात्रा का आयोजन किया गया यात्रा घटिया कला ग्राम से शुरू होकर मौली, तेलइ,बहेरा,कुसमी,खरा,देवरी सरदा, अमोरा ,बीजाभाट, कोबिया से बेमेतरा शहर में पहुंचकर समाप्त हुई इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे यात्रा के दौरान विधानसभा क्षेत्र मे आने वाले महान विभूतियों के प्रतिमाओ पर सांसद विजय बघेल के द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया यात्रा लगभग साढे 18 किलोमीटर चली संकल्प पदयात्रा के दौरान सकरा स्कूल के बच्चों को स्वच्छता के लिए बच्चों को शपथ दिलाई गई। गांधी संकल्प पदयात्रा के दौरान सांसद विजय बघेल ने कहा कि महात्मा गांधी जी ऐसी शख्सियत थे जो सैकड़ों दशकों के बाद एक बार जन्म लेते है उन्होंने ना सिर्फ अपने जीवन मे भारत देश के स्वतंत्रता के लिए प्राण न्यौछावर किया बल्कि देश के प्रत्येक नागरिकों को अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया और उनके इसी बताए हुए मार्ग पर चलते हुए देश आजाद हुआ। मैं आप सभी से अपील करता हूं ऐसे महान विभूति के बताए हुए मार्ग पर चलकर उनके कर्मो, विचारो, आदर्शो और उनके उद्देश्यों को आत्मसात करें। गांधी संकल्प पदयात्रा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में पूर्ण रूप से यात्रा प्रभारी कांतिलाल बोथरा स प्रभारी ललित चंद्राकर उपस्थित रहे।

गांधी संकल्प पदयात्रा के दौरान डॉक्टर एनके तिवारी दिलीप ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संध्या परगनिया, विकास घरडे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, ओमप्रकाश पांड,राजा पांडे, मंडल अध्यक्ष विनोद दुबे,महेश साहू,भीम वर्मा, भूपेंद्र ठिकरिया, गोकर्ण साह,महेश साहू, नरेंद्र वर्मा,गौरी साहूए रविशंकर आडिल,गजाधर देवांगन, भगवती सरपंच, होलु राम साहू,संतोष धनकर, प्रवीण वर्मा, भद्री तिवारी, मेहतर साहू, वीणा तिवारी,संतोष साव सरपंच कुसमी, डामन साहू, मोहन वैष्णव, उभय राम साहू, योगेन्द्र वर्मा खर्रा, महेश साहू ,नरोत्तम साहू,संतोष साहू देवरी नरेंद्र वर्मा,गौरी साहू सरपंच सारदा, सुरित राम साहू, सन्तरक सह, छोटू साहू, लेखराम साहू,लक्ष्मण साहू, तीरथ,मनहरण वर्मा, विजय भाट डेरहा देवांगन, चंद्रिका शर्मा, खेम सिंह, टीजउ सिन्हा, यशवंत देवांगन, अघनिया साहू, बेमेतरा शहर, विजय सिन्हा,विजय सुखवानी, विकाश तम्बोली कमलेश वमा, लक्ष्मी साहूए उपस्थित रहे।

# शिवसेना नगरीय निकाय चुनाव मैदान में प्रत्याशी उतारने की रणनीति बनी



पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शिवसेना नगरीय निकाय चुनाव को लेकर स्थानीय विश्राम गृह में बैठक ली गई। शिवसेना के प्रदेश प्रमुख माननीय धंनजय सिंह परिहार के आदेशन अनुसार जिला बेमेतरा के जिला प्रमुख एवं प्रदेष कार्य कारिणीय सदस्य दाउ राम चैहान के नेतृत्व में बैठक लिया गया। उक्त बैठक में जिले के सभी नगरीय निकाय चुनाव में शिवसेना पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी को चुनाव लड़ाने के संबंध में चर्चा कि गई साथ ही रणनीति बनाई गई एवं शहर कि साफ -सफाई व्यवस्था अतिक्रमण जैसे ज्वलन मुद्दे पर पालिका प्रषासन की लापरवाही के खिलाफआंदोलन करने पर भी चर्चा की गई आगे चैहान ने कहा नगरपालिका प्रषासन को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर कई बार आवेदन करने के बावजूद पालिका प्रषासन शहर को अतिक्रमणमुक्त करने को लेकर गंभीर नही है। वही शहर की साफ-सफाई व्यवस्था बदहाल है।उक्त बैठक में शिवसेना के पदाधिकारी देदी लाल, डोमेन्द्र राजपूत रामचरण वर्मा, चंद्रहारन मिथौड़े, रोहित यादव, बाबुलाल, मानक चंद्र, संतोष लाला निषाद, सुनील कुमार, सोहन लाल, देवकुमार, धंनजय बंजारे, धर्मेन्द्र, भुपेन्द्र अर्जुन कोठारी, वीरू चैहान, बृह भुषण समस्त शिवसैनिक उपस्थित थे।

# अभिनव पहल, मिट्टी के दीपे बेचने वालों से न लिया जाये टैक्स

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

### दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीप बेचने वालों को राहत



छत्तीसगढ़ की माटी से जुड़ कर उपेक्षित होने के बाद भी जीवनयापन करने वाले कुम्हारों के प्रति अब शासन, प्रषासन ने सुध लेते हुए न केवल उनके व्यवसाय को प्रोत्साहित करने के लिए कारगर पहल किया गया है बल्कि उनके कार्यों में आने वाली परेशानी को देखते हुए सुविधा देने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किया गया है।

जिले के इतिहास में पहली बार कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी के द्वारा जिस तरह ग्रामीणो से मिट्टी के दीये बेचने वालों के प्रति गंभीर से ध्यान देते हुए एस.पी. सहित एस.डी.एस सहित नगरीय निकायो के मिट्टी के दीये बेचने वालों के प्रति विषेष रूप से ध्यान देने को कहा गया है साथ ही इस संबंध में किसी तरह की शिकायत प्राप्त होने के स्थिति में कार्यवाही करने की थी बात कही गई है। इससे निष्चित रूप से वर्षो से उपेक्षित रहने वाले लोग प्रोत्साहित होगे साथ ही छत्तीसगढ़ की परम्परागत व्यवसाय से जुड़े हुए कई परिवारों को इससे राहत तो मिलेगा। वही मिट्टी से जुड़े व्यवसाय करने वाले परिवार को प्रशासन से संरक्षण मिलेगा जबकि आधुनिकता की चकाचैंध से छत्तीसगढ़ की परम्परागत मिट्टी से बनने वाला विभिन्न सामाग्री विलुप्त होने के कगार पर पहुचने को है और इससे जुड़े कई परिवार जो छत्तीसगढ़ के विभिन्न त्योहारों के अवसर से पर अपनी कला का आकार देते हुए जीविका का साधन बनाये रखे है किन्तु जिन्हे मेहनत के मुताबिक मेहताना नही मिलती इसलिए इसे व्यवसाय से अपने आय को किनारा कर दूसरे कार्य के तरह झुकने लगे है। उन्हे भी प्रशासन के पहले से अपने पुराने व्यवसाय के तहत वापस आने के लिए प्रेरित करेगा।

### मिट्टी के दीये बेचने वालों से कोई शुल्क न वसूला जाए

दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी से दीये बनाये जाते है तथा इस पर्व पर बाजारों में वि य हेतु लाया जाता है। दीये बेचने हेतु आने वाले ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जावे। नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्र में इनसे पसरा शुल्क के नाम पर किसी भी प्रकार की कर (टैक्स) की वसूली न की जावें। साथ ही मिट्टी के दिए के उपयोग को प्रोत्साहित भी किया जावें। कलेक्टर बेमेतरा शिखा राजपूत तिवारी ने इस आशय का पत्र जारी कर नगरीय निकाय बेमेतरा, नवागढ़, साजा, बेरला, परपोड़ी, देवकर, थानखम्हरिया, मारो के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी को इसका विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए है। इस संबंध में यदि किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो कार्यवाही की जायेगी।

# मिट्टी के दीये बेचने वालों से किसी भी प्रकार की कर वसूली नहीं हो

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रानू साहू ने कुम्हारों व मिट्टी के दिये बेचने आ रहे ग्रामीणों से किसी भी प्रकार की कर वसूली नही किये जाने तथा उन्हें पूरी सुविधा मुहैय्या कराने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, तथा निकायों के सीएमओ को पत्र लिखा हैं। साहू ने जारी पत्र में कहा हैं कि दीपावली पर्व पर कुम्हार व अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दिये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में बेचा जाता हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए मिट्टी के दिये बेचने हेतु जिला व ब्लॉक मुख्यालय सहित ग्रामों में लगने वाले बाजारों में आने वाले ग्रामीणों को किस भी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखने राजस्व व निकायों के अधिकारियों को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया हैं। इतना ही नही जिले के नगरपालिका बालोद व दल्लीराजहरा तथा नगरपंचायत गुरुर. गुंडरदेही. अर्जुन्दा. डौंडीलोहाराए डौंडी व चिखलाकसा क्षेत्र में मिट्टी के दिये बेचने आ रहे।ग्रामीणों से किसी भी प्रकार का कर वसूली न करने की भी बात कलेक्टर रानू साहू ने कही हैं। श्रीमती साहू ने यह नही कहा हैं कि मिट्टी व गोबर के बने दिये का उपयोग करने लोगों को प्रोत्साहित करें। पायनियर से विशेष चर्चा में कलेक्टर रानू साहू ने बताया कि मिट्टी के दिये लोग उपयोग करेए मैं अपील करती हूं और जिले के सभी अधिकारी व कर्मचारियों से भी मैं अपील करती हूं कि मिट्टी व गोबर से बने दियों का ही उपयोग करे। ताकि कुम्हारों के साथ दिये बेचने वाले ग्रामीणों को भी मुनाफा हो।

### जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में तीन प्रकरणों में 6 लाख स्वीकृत

**बेमेतरा।** जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के नियम 1995 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति एवं मैनुअल स्केवेन्जर्स सर्वेक्षण एवं सतर्कता समिति द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के नियम 1995 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति के तहत कार्यालय में प्राप्त 3 विभिन्न प्रकरणों में राशि रू. 600000 - की स्वीकृति किया गया एवं 2 प्रकरणों में राशि रू. 350000 - स्वीकृति लिये जाने का निर्णय समिति के द्वारा लिया गया।

पॉलिथीन के दुष्परिणामों से अवगत कराया दुकान संचालकों

# समूह की महिलाओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगे प्रतिबंध को लेकर निकाली जागरूकता रैली

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिला मुख्यालय अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सिटी मिशन प्रबंधन इकाई बेमेतरा नगर पालिका द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक बेन को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर एवं मिशन प्रबंधक गोपाल पंडित के मार्गदर्शन में जागरूकता रैली निकाली गई तथा दुकानों में पहुंचकर फल, सब्जी, किराना, मनिहारी, होटल, मिठाई दुकान जैसे विभिन्न दुकानों में पॉलीथिन के खतरे के संबंध में जानकारी देते हुये पॉलीथिन के उपयोग को रोकने जागरूक किया। वही जागरूकता रैली के सम्बंध में जानकारी देते रूपेंद्र वर्मा व कविता ठाकुर ने बताया कि एनयूएलएल द्वारा गठित स्व सहायता समूह कि महिलाओ के द्वारा विभिन्न प्रकार के कपड़े व पेपर से बने बैग (झोला) तैयार किए जाते हैं। जो रियायती दरों पर स्व सहायता समूह की महिलाओं से खरीदा जा सकता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के रूपेंद्र वर्मा, कविता ठाकुर, श्रीनिवास द्विवेदी सहित मां कालिका महिला स्व सहायता समूह, हंस वाहिनी महिला स्व सहायता समूह, प्रगति स्व सहायता समूह, जय मां दुर्गा उन्नति स्व सहायता समूह, लक्ष्य स्व सहायता समूह, राधा-कृष्ण स्व सहायता समूह, जीवनधारा स्व सहायता समूह सहित विभिन्न स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

# अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना' दम्पत्तियों को मिलेगा ढाई लाख रुपए व प्रशंसा पत्र

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ अस्पृश्यता निवारणार्य अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना नियम 1978 (यथा संशोधित नियम 2019 के अनुसार) अंतर्जातीय विवाह करने वाले दम्पत्तियों को 2 लाख 50 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि एवं प्रशंसा पत्र प्रदान की जायेगी। प्रोत्साहन राशि प्रति दम्पत्ति उनसे भुगतान पूर्व 10 रूपये के रसीद नान-ज्युडिशियल के स्टॉप पेपर पर प्राप्त होने पर एक लाख रूपए दम्पत्ति के संयुक्त बैंक खाते में आरटीजीएस अथवा एनईएफ्टी के माध्यम से जमा कराया जाएगा।

शेष डेढ़ लाख रूपए दम्पत्ति के संयुक्त नाम एवं सहायक यायुक्त आदिवासी विकास के पद नाम के संयुक्त रूप से राष्ट्रीयकृत बैंक में 3 वर्ष के लिए फिक्स डिपोजिट रखा जाएगा। एफ्डी संबंधित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास की शासकीय अभिरक्षा में रहेगी। एफ्डी की निर्धारित अवधि समाप्ति के अधिकतम 2 वर्ष के भीतर दम्पत्ति द्वारा स्वयं उपस्थित होकर राशि प्राप्त करनी होगी अन्यथा एफ्डी आहरित कर राशि शासकीय खजाने में जमा कर दी जाएगी। दम्पत्ति में से किसी एक की मृत्यु की दशा में जीवित सदस्य को एफ्डी की राशि का भुगतान किया जाएगा।

अंतर्जातिय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदान की जाने वाली राशि के लिए आवेदन दम्पत्ति में से जो अनुसूचित जाति वर्ग का है तथा जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के जिस जिले से मूल्य निवास एवं जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया है, उसी जिले के कलेक्टर अथवा सहायक आयुक्त आदिवसी विकास विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAY DIVISION NO.1, P.W.D. RAIPUR (C.G.)**

**N.I.T. No. 03/SAC** — **TENDER NOTICE** — **Raipur, Dated 18.10.2019**

Sealed tenders in form "A" are invited from the Contractors registered in appropriate Class in Chhattisgarh P.W.D. on behalf of Governor of Chhattisgarh for the following works on the S.O.R. for Building works issued by the Engineer-in-Chief P.W.D. Raipur with effect from 01.01.2015 with all amendments up to issue of the N.I.T. Tender forms will be submitted in three Cover System through registered post or Speed post service in the office of the Executive Engineer. National Highway Division NO. 1 P.W.D. Raipur (C.G.) on 11.11.2019 up to 5.30 P.M. and the same will be opened 13.11.2019 at office of the Executive Engineer, National Highway Division No. 1 P.W.D. Raipur (C.G.) at 11.30 A.M. before the Contractor intending to be present.

The tender forms will be obtained from office of the Executive Engineer, National Highway Division No. 1, Raipur on any working days up to 04.11.2019 till 5.30 P.M. by submitting application along with the attested true copy of valied registration certificate current Income Tax clearance certificate Bank Solvency as detailed below.

| S. No. | Name of work | P.A.C. in Rs. Lacs | Cost of tender Form | Earnest Money | Time allowed | Eligible Contractor | Bank Solvency |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | Periodical maintenance and white washing work of residential & non-residential buildings under NH Division No.1 Raipur | 5.00 Lakhs | 750/- | 5000/- | Upto 31.03.2020 | D & Above Class | 0.25 Lakhs |

**Note:** Special conditions, other condition if any & information can be seen website www.cg.nic.in/pwdraipur & also from office of the undersigned during office hours.

**Executive Engineer**
**National Highway Divison No.1**
**P.W.D. Raipur (C.G.)**

G-74257/3

## क्विक न्यूज

### गोठान में किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल एफआई आर कराएं: सीईओ

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी ग्रामीण क्षेत्रों में गठान योजना निर्माण के बाद अनेकों स्थानों पर असामाजिक एवं शरारती तत्वों द्वारा गोठा निर्माण स्थल के आसपास की जा रही शरारती घटनाओं को लेकर शासन काफी गंभीर है तथा जांजगीर चांपा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने जिले के सभी गोठान प्रभारियों को निर्देशित कर कहा है कि उनके प्रभार क्षेत्र के गोठान में यदि किसी प्रकार की घटना घटित होए तो इसकी जानकारी निकट के थाने में देते हुए तत्काल एफआई आर दर्ज कराएं, अग्रवाल ने बताया कि नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के तहत गत दिवस जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम. हरदी निर्मित गोठान में अज्ञात लोगों द्वारा फेंसिंग तार और कच्चा शेड में लगे तालपतरी चोरी कर ली गई है।

### धरमजयगढ़ के हाटी में लगा मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना अंतर्गत रायगढ़ जिले के दूरस्थ अंचल धरमजयगढ़ विकास खण्ड के ग्राम- छाल, हाटी एवं नवापारा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। बाजार करने आने वाले ग्रामीणों ने बताया कि शासन की यह योजना दूरस्थ अंचलों में निवास करने वाले ग्रामीण अंचल के लिए बेहद फायदेमंद है। स्वास्थ्य विभाग की टीम बाजार में आने वाले लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श और निःशुल्क दवाएं उपलब्ध करा रही हैं। हाट बाजार में मलेरिया, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप मधुमेह, नेत्र की जांच के साथ गर्भवती माताओं और नन्हे बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है।

### फैक्ट्री पर कर्ज इतना कि बैंकों ने ले लिया अपने कब्जे में

**रायगढ़।** सालासर के बैंक के अधीन हो जाने के बाद से 11 अक्टूबर से ब्रेक डाउन भी कर दिया गया है। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा बैंक का कर्जा चुका न पाने की वजह से बैंक अपने कब्जे में ले लिया है और तब से फैक्ट्री में अब काम बंद हो गया है। इधर कामगार बकाया वेतन की मांग करते हुए फैक्ट्री के गेट के सामने प्रदर्शन कर रहे है। सालासर फैक्ट्री जो 27 सितम्बर को न्यायालय कंपनी एक्ट के आदेश के अनुसार बैंकों के अंडर टेक में आ चुका है। ऐसा होने के बाद नियमानुसार फैक्टरी किसी को वेतन आदि देयकों को भुगतान नही कर सकती क्योंकि अब इस पर आधिपत्य बैंक का हो जाता है। उधर फैक्ट्री को सालासर प्रबंधन द्वारा 11 अक्टूबर से ब्रेक डाउन में डाल दिया है। उधर फैक्टरी के कामगारों के द्वारा वेतन के लिए फैक्ट्री के गेट के सामने धरने पर बैठ गए है।

# दीपावली पर्व के नजदीक आते ही सजने लगा बाजार

## जगह-जगह सजावट, झालरों की रोशनी कर रही आकर्षित

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



आगामी सप्ताह में आने वाले दीपावली पर्व को लेकर शहर सहित पूरे अंचल में तैयारियां जोरों से चल रही हैं, जहां लोगों द्वारा घरों में दीपावली पर्व के मद्देनजर रंग रोगन का कार्य करवाया जा रहा है तो वहीं शहर में भी दीपावली पर्व पर साज. सज्जा सामग्रियों, पूजन सामग्रियों की तथा पटाखों की दुकानें भी सजने लगी हैंएइस वर्ष दीपावली पर्व पर स्थानीय प्रशासन द्वारा विगत वर्षों की भांति शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम बुधवारी बाजार ग्राउंड में दीपावली पर्व पर पटाखा बाजार लगाया जाएगा, तो वहीं शहर के बुधवारी बाजार, अस्पताल चौक,अग्रसेन चौक, स्टेशन सहित विभिन्न स्थानों पर दीपावली से संबंधित भगवान गणेश, महालक्ष्मी जी इत्यादि की फ ोटो सहित सजाने की सामग्रियों की दुकानें भी सज गई हैं, रंग.पेंट, हार्डवेयर की दुकानों में भी रंग रोगन की सामग्रियों की बिक्री जोरों से चल रही है, कपड़ों की दुकान, इलेक्ट्रॉनिक सामानों की दुकान एवं जूते चप्पलों की दुकान में भी ग्राहक जमकर खरीदारी कर रहे हैंएइस वर्ष बारिश के चलते दीपावली का उत्साह कुछ कम जरूर नजर आ रहा है किंतु पर्व के नजदीक आते.आते ग्राहकों में उत्साह उसी तरह से ही बरकरार है, इस वर्ष तो दीपावली पर्व को लेकर आने वाले नगरीय निकाय के चुनाव को देखते हुए भी माहौल ज्यादा ही उत्साहजनक नजर आ रहा ह, क्योंकि स्थानीय निकाय के चुनाव में वार्ड में भाग्य आजमाने वाले पार्षद पद के प्रत्याशी भी दीपावली पर्व को लेकर अपने मतदाताओं को रिझाने में लगे हैंए तथा दीपावली पर पर जहां ऐसे उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने विभिन्न प्रकार के प्रलोभन भी देंगे तो वही क्षेत्र में दीपावली का उत्साह चरम सीमा पर हैए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने भी दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने लोगों से आग्रह किया है तथा तैयारियां पूर्ण कर ली है वहीं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भी इस वर्ष दीपावली पर्व के दूसरे दिन भगवान गोवर्धन की पूजा के दिवस को गोठान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया हैए स्कूलों में भी दीपावली पर्व को लेकर छुट्टियां होने लगी है तथा दीपावली पर होने वाली छुट्टियां नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में जाकर समाप्त होंगीए तो वही नवंबर के प्रथम सप्ताह में राज्य उत्सव का आयोजन भी धूमधाम से होने के कारण शहर के शासकीय कार्यों में भी पुनः एक बार राज्योत्सव की चमक. धमक नजर आएगीए वही नगर पालिका प्रशासन द्वारा भी दीपावली पर्व के मद्देनजर शहर में साफसफाई व्यवस्था प्रमुख मार्गो में जोरों से करवाई जा रही है, दिनभर पालिका के कर्मचारी ट्रैक्टर एवं ऑटो वाहन पर जगह.जगह मोहल्लों में कचरा उठाते देखे जा सकते हैं।

# दो ट्रकों में लोड 10 लाख का कबाड़ पकड़ाया, पांच आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपियों से ऑक्सीजन सिलेंडर व गैस कटर भी बरामद

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कुछ दिनों पूर्व थाना भूपदेवपुर क्षेत्रातर्गत अवैध कबाड़ परिवहन की सूचनाएं वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आने पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा थाना प्रभारी भूपदेवपुर को अवैध कबाड के परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो ट्रकों में लोड करीब 10 लाख का कबाड़ पकड़ने में सफलता पाई है। कबाड़ के साथ पांच आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक उत्तम साहू द्वारा क्षेत्र में अवैध कबाड के संग्रहण एवं परिवहन पर निगाह रखने के लिए अपने कर्मचारी एवं मुखबिरों को सक्रिय किया गया कि बीती रात्रि थाना प्रभारी निरीक्षक साहू को मुखबिर से सूचना मिला कि एक सफेद कार की निगरानी में दो ट्रक पर कबाड लोड होकर ग्राम बिंजकोट की ओर से जा रही है। सूचना पर निरीक्षक साहू द्वारा थाना भूपदेवपुर एवं थाना खरसिया से स्टाफ बुलवाकर कई स्थानों पर नाकेबंदी पाईंट लगाया गया कि देर रात्रि बिंजकोट बाजार डांड के पास से एक कार यूपी 51 क्यू 7355 के पीछे दो ट्रक सीजी 08 एल 0391 एव डीएल 01 जेसी/6086 आते मिले। वाहनों को रोककर पुलिस स्टाफ द्वारा कार में सवार व्यक्ति से पूछताछ किया गया। कार में सवार व्यक्तियों ने अपना नाम वंश राज, लालमन एवं प्रेम चौधरी बताए। वंशराज वर्मा निवासी चकचई अवानीगंज जिला सिद्धार्थ नगर ने बताया कि ग्राम बिंजकोट में रहने वाले सुधीर वर्मा की कंपनी एस.बी. स्टील में सुपरवाइजर का काम करता है। कल मालिक सुधीर वर्मा ग्राम बिंजकोट कबाड़ गोदाम से कबाड़ लोहा, छड़, प्लेट को ट्रकों में लोड कारकर कार के चालक लालमन एवं प्रेम चौधरी के साथ ट्रक के चालक रामराज एवं जितेन्द्र कुमार के साथ बिक्री करने भेजा है। वाहन चेक करने पर ट्रक सीजी 08 एल 0391 में 15 टन एव डीएल 01 जेसी/6086 में 18 टन कबाड (कुल 33 टन कबाड कीमती 9,90,000 रूपये) मिला। कबाड परिवहन के संबंध में इनके द्वारा कोई कागजात पेश नहीं करने पर ट्रक में लोड संपत्ति चोरी के होने के संदेह पर ट्रक में लोड कबाड़ को कब्जे में लिया गया। आरोपी प्रेम चौधरी गैस कटर से कटिंग का कार्य करता है जिसके पास कार में रखा हुआ 04 नग गैस सिलेंडर, 03 नग गैस कटर व तांबे का अधजला तार जप्त किया गया व घटना में प्रयुक्त कार, ट्रक मय लोड कबाड जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना भूपदेवपुर में धारा 41(1-4)जाफौ/379,34 भदवि की कार्यवाही की गई है।

# घायल व बदबूदार कुत्तों से शहरवासी परेशान

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ शहर में घायल व बदबूदार कुत्तों से शहरवासी परेशान हो गए है। हर चौक चौराहों पर आवारा कुत्तों का झुंड के बीच में रह रहे घायल कुत्ते एकांत स्थान की तलाश में लोगों के घरों में घुस रहे है। जख्म के कारण से बदबूदार हो चुके इन कुत्तों के कारण से शहरवासी परेशान है। इन कुत्तों में गहरे घाव के कारण से इतना गहरा बदबू भरा है कि किसी भी घर मे घुसने के कारण से पूरा घर बदबू से भर जा रहा है। ऐसे कुत्तों की संख्या एक दो नहीं बल्कि दर्जनों में है।

शहर के कई वार्डो मे जख्मी और बदबूदार आवारा कुत्तों के आतंक से शहरवासी परेशान हो गए है। इन कुत्तों के कारण से बड़े घटना कभी भी घट सकती है। दरअसल पहली समस्या शहर में भारी संख्या मे बढ़ा हुआ कुत्तो की संख्या है वही दूसरी समस्या कुत्तो का जख्मी होना है। कई कुत्तों के सिर पर बड़ा सा जख्म हो गया है और वह जख्म सड़ गया है जिसके कारण से यह कुत्ते काफी बदबूदार हो गए है। इन कुत्तो के द्वारा लोगो के घरो में घुसने का दर्जनों शिकायत रोज आ रहा है किन्तु नगर निगम प्रशासन उदासीन रवैया अपना रहा है। इन कुत्तो का ना तो कोई इलाज हो रहा है।

# अग्रवाल महासभा का दीपावली मिलन, कार्यकारिणी की बैठक 3 को बिलासपुर में

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर की कार्यकारिणी बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन आगामी 3 नवंबर रविवार को दोपहर 12.30 से श्री अग्रसेन भवन जूनी लाइन बिलासपुर में महासभा के अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया है।

उक्तआशय की जानकारी देते हुए संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के महामंत्री राजेश अग्रवाल, महासभा के जांजगीर.चांपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल जीतू जांजगीर, प्रभारी जिला उपाध्यक्ष कन्हैया गोयल शक्ति, एवं अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि 3 नवंबर को आयोजित बैठक में महासभा अंतर्गत सभी संबद्धता रखने वाली सभाओं एवं सदस्यों को बैठक में आमंत्रित किया गया है, बैठक में महासभा की महिला समिति, युवा समिति सहित समस्त उप समितियों के संयोजक एवं पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है, बैठक के दौरान महासभा के विगत दिनों में संपन्न कार्यों एवं आगामी प्रस्तावित परिचय सम्मेलन को लेकर स्थल एवं तिथि का चयन कर अंतिम रूप दिया जाएगा तो वही जिला स्तर पर महासभा के कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की जाएगी, महामंत्री राजेश अग्रवाल ने बताया कि 3 नवंबर की बैठक में दोपहर भोजन के साथ यह बैठक होगी तथा दीपावली मिलन के अवसर पर भी महासभा द्वारा यह आयोजन किया गया है।

महामंत्री राजेश अग्रवाल ने समस्त संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर से संबंध रखने वाली सभाओं के अध्यक्ष एवं महामंत्री से आग्रह किया है कि यदि उनकी सभा में कार्यकारिणी गठन में किसी भी प्रकार का संशोधन हुआ है या निर्वाचन हुआ है तो नए अध्यक्ष एवं महामंत्री की संपूर्ण पतामय सूची तथा फोटो के साथ लेकर बैठक में उपस्थित हुए एवं सभाओं का यदि वार्षिक संबद्धता का शुल्क बकाया है तो वे कृपया 3 नवंबर की बैठक में अपनी सभाओं का वार्षिक संबद्धता का शुल्क जमा करवा दें।

# मंदी की मार से रामेश्वर स्टील हुआ बंद

■ प्लांट के अंदर रखे खनिज को बाहर निकालने माइनिंग विभाग से मांगी अनुमति

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

मंदी की मार से औद्योगिक नगरी में बाहर नहीं निकल पा रही है। यही वजह है कि बाजार तो मंदा है। साथ ही उद्योग भी बंद होने के कगार पर पहुंच रहे हैं। अब रामेश्वर स्टील में भी ताला लगेगा। प्रबंधन इसके लिए पूरी तैयारी कर चुका है। यही कारण है कि प्रबंधन ने कंपनी के अंदर रखे खनिज संसाधन को परिवहन कर बेचने की अनुमति माइनिंग विभाग से मांगी है। इसके लिए माइनिंग विभाग को पत्र भी भेजा गया है।

उद्योगों की भरमार होने की वजह से रायगढ़ जिले को औद्योगिक नगरी कहा जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से उद्योगों पर मंदी की मार पड़ी है। इससे उद्योग प्रबंधन उबर नहीं पा रहा। अब रामेश्वर स्टील पर मंदी हावी हो चुकी है। ऐसे में प्रबंधन इस निर्णय पर पहुंचा है कि उक्त कंपनी को पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाए। उगेखनीय है कि रामेश्वर स्टील जिले के घरघोड़ा विकासखंड के बड़े गुमड़ा में संचालित था। पिछले कुछ वर्षों से उक्त कंपनी में मंदी की मार से प्रभावित हुई। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी कंपनी का प्रोडक्शन कुछ माह के लिए बंद किया गया था, लेकिन फिर चालू कर दिया गया। अब पिछले कुछ दिनों से कंपनी का कामकाज बंद है। वहीं कंपनी प्रबंधन की ओर रामेश्वर स्टील को पूरी तरह से बंद करने का निर्णय लिया जा चुका है।

# दवा की शीशी में मिला कांच का टुकड़ा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




दवा कंपनियों की लापरवाही से बच्चों की जान सांसत में फंस रही है। बुखार की सिरप में कांच के टुकड़े निकलने का मामला सामने आया है वह भी एक नहीं दो शीशी ली गई दोनों में ही कांच के टुकड़े मिले हैं। फिलहाल बच्ची को रायपुर रिफर किए जाने की जानकारी मिली है।

दरअसल रायगढ़ के सोनकर पारा निवासी घोरे परिवार की ढाई साल की बेटी दीपांजलि घोरे को बुखार होने पर डाक्टर के पास लेकर गये थे। चिकित्सक ने जांच के बाद लिखे डिस्क्रीप्शन में पीमो 125 नामक सिरप लिखा था, जिसे उन्होंने गोयल मेडिकल से खरीदा। वहीं आज सुबह परिजनों ने बच्ची को सिरप पिला दिया, जिसके बाद बचानक बच्ची की तबियत बिगड़ी तो उन्होंने आनन-फानन में दूसरे डाक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने कांच का टुकड़ा सिरप के साथ पेट में जाने की संभावना को देखते हुए सघन जांच के लिए बिलासपुर रेफर किया है। फिलहाल परिजन बच्ची को उपचार के लिए बिलासपुर लेकर रवाना हुए हैं। उनका कहना है कि बच्ची का समुचित उपचार पहली प्राथमिकता है लिहाजा बिलासपुर से जांच करा कर वापस आने के बाद तदाशय की शिकायत करेंगे। बहरहाल इसमें दवा कंपनियों की लापरवाही साफ नजर आ रही है और ऐसे में बच्चों के जीवन से भी खिलवाड़ हो रहा है।

# जात-पात की छोड़ो बात, सभी धर्म एक समान- बापू की सीख



**रायगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150 वीं जयंती पर कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित पोस्टर प्रदर्शनी का आज समापन हुआ। मुक्ति प्रकाश उ.मा.वि.रायगढ़, शालिनी कान्वेंट उ.मा.वि.रायगढ़, गुरूनानक हाईस्कूल रायगढ़ के लगभग 200 बच्चे एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं अंतिम दिन प्रदर्शनी को देखने पहुंचे। बच्चों में बापू की प्रदर्शनी को लेकर इतना उत्साह था कि शालिनी विद्यालय के छात्र-छात्राएं गांधी जी का वेश धारण कर उनके सुविचारों की तख्तियां लेकर व साबरमती आश्रम की झॉकी बनाकर गांधी जी के दर्शन सर्वोदय' अर्थात सब का उदय' एवं सब प्रकार से उदय' का संदेश देते हुए अपने विद्यालय से सृजन सभाकक्ष कलेक्ट्रेट तक पहुंचे।

# धरमजयगढ़ में 550 लीटर मिट्टी तेल के साथ युवक पकड़ाया

■ सट्टा लिखते पकड़े गये युवक पर पूंजीपथरा पुलिस की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस कप्तान के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए जहां धरमजयगढ़ पुलिस ने मिट्टी तेल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक से 550 लीटर मिट्टी तेल जब्त किया है वहीं घरघोड़ा पुलिस ने अवैध शराब तथा पूंजीपथरा पुलिस ने सटोरिए पर कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना धरमजयगढ़ स्टाफ द्वारा बीती रात धरमजयगढ़ में रहने वाले आरोपी सोनू उर्फ राजेश कुमार साव पिता अर्जुन साव उम्र 28 वर्ष के पास से 550 लिटर (साढ़े पांच सौ लीटर) मिट्टी तेल पकड़ा गया। मिट्टी तेल चोरी का होने के संदेह में आरोपी के विरूद्ध धारा 41(1-4)/379 की कारवाई की गई है। बीती रात गस्त दौरान थाना घरघोडा स्टाफ द्वारा मो सा क्रमांक सीजी 13एक्स 4083 में आरोपी विजय टण्डन पिता रतिराम टण्डन उम्र 30 वर्ष साकिन वार्ड क्र. 04 घरघोडा को प्लास्टिक झोला में 10 पाव गोवा अंग्रेजी शराब, 20 पाव ग्राण्ड कोलम्बिया स्पेशल व्हीस्की शराब, 4 पाव मेकडावेल नम्बर-1 शराब (कुल 34 नग कीमत 2840 रूपये) के साथ पकडे हैं। आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। थाना पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा कल अजय सेलून गेरवानी का श्यामतानाथ श्रीवास अपने सेलून में अवैध रुप से सट्टा पट्टी लिखने की सूचना पर आरोपी श्यामतानाथ श्रीवास पिता शोभनाथ श्रीवास उम्र 47 वर्ष सा गेरवानी लाखा (नया बस्ती) थाना सिटी कोतवाली को पकड़ा गया जिसके कब्जे से सट्टा पट्टी पांच नग 1900 रूपये का लिखा हुआ एवं नगदी रकम 1210 रूपये, एक डांट पेन जप्त) किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना पूंजीपथरा में धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## प्रथम पेज का शेष...

### फसल अवशेष जलाने वालों पर कृषि...

ज़हरीली गैस उत्पन्न होती है इन्हें मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक माना गया है। इसके अलावा मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी प्रभावित होती है और तापमान बढ़ने से उर्वरा शक्ति बढ़ाने वाले सूक्ष्मजीव और खनिज तत्व ख़त्म हो जाते है। इसका सीधा असर उत्पादन में कमी के रूप सामने आता है। इसे देखते हुए एनजीटी ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया है।

-फ़सल अवशेष प्रबंधन के लिए इस बार प्रति एकड़ आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसलिए किसान अवशेष न जलाएं अथवा अर्थदंड देना पड़ सकता है। हार्वेस्टर मालिकों को अपने हार्वेस्टर का पंजीयन करवाना होगा। बिना पंजीयन चलते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-एमडी मानकर, उप संचालक कृषि बलौदाबाजार

### अवशेष प्रबंधन के लिए मिलेगी सहायता

फ़सल की स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग यह मानकर चल रहा है कि कटाई का पहला दौर दीपावली के बाद ज़ोर पकड़ लेगा। इसलिए उसने किसानों को समझाइश दी है की हार्वेस्टर से कटाई के बाद अवशेष प्रबंधन खेत में करें। इसके लिए प्रति एकड़ 1 हज़ार रुपये की सहायता विभाग से मिलेगी। इस पैसे से अवशेष फैलाव, छिड़काव और कल्टीवेशन किया जा सकेगा। लाभ यह मिलेगा कि खेत में ही खाद बनाई जा सकेगी।

### हिंदू महासभा के नेता रहे कमलेश तिवारी की दिनदहाड़े हत्या...

उन्हें कॉल भी की थी। फिलहाल पुलिस उस नंबर को ट्रेस कर रही है। इसके अलावा पुलिस कमलेश के साथ रहने वाले एक नौकर से भी पूछताछ कर रही है। लखनऊ के एसएसपी कलानिधि नैथानी ने कहा, मौके से एक असलहा बरामद हुआ है। प्रथमदृष्टया किसी व्यक्तिगत रंजिश की बात लग रही है। यहां पर आरोपी उनसे मिलने आए थे। परिचित भी लग रहे हैं, जिस तरह से उनका आना हुआ। चाय पीने के बाद घटना हुई है। किसी परिचित के द्वारा रंजिश में घटना को अंजाम देने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

गोडसे मंदिर बनाने का ऐलान किया था

बताया जा रहा है कि कमलेश की सुरक्षा के लिए एक सिपाही भी तैनात रहता था लेकिन घटना के वक्त वह मौजूद नहीं था। इसके अलावा पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी मिला है जिसमें दोनों बदमाश हत्या को अंजाम देकर बाइक से भाग रहे हैं। कमलेश तिवारी ने सीतापुर में अपनी पैतृक जमीन पर गोडसे का मंदिर बनाने का ऐलान किया था।

सुप्रीम कोर्ट में राम मंदिर के पक्षकार भी रह चुके हैं

इसके अलावा कमलेश तिवारी राम जन्मभूमि मामले में सुप्रीम कोर्ट में कुछ दिनों तक हिन्दू महासभा की तरफ से पक्षकार भी रहे थे। कमलेश तिवारी एक धर्मविशेष पर विवादित टिप्पणी के मामले को लेकर विवाद में आये थे। इन पर रासुका भी लगी थी।

### नवप्रवर्तन रैंकिंग में कर्नाटक शीर्ष पर...

बढ़ावा देने के लिये नीति तैयार करने में मदद मिलेगी। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने यह रिपोर्ट जारी की। निवेश आकर्षित करने के लिहाज से भी एक बार फिर कर्नाटक शीर्ष स्थान प्राप्त करने में सफल रहा। उसके बाद क्रमशः महाराष्ट्र, हरियाण, केरल, तमिलनाडु, गुजरात, तेलंगाना, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का स्थान रहा।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)

// निविदा सूचना //

क्रमांक/Q/निविदा/लोक/2019-20 राजनांदगांव, दिनांक 04.10.2019

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्रानी जोतकुंवर बाई (सिंगदई) वार्ड क्र. 50 अंतर्गत बग्गा फार्म हाऊस के पास नाली एवं रोड निर्माण कार्य। | 5.57 | 30.10.19 |
| 2. | शिवनाथ वार्ड क्र. 51 अंतर्गत शत्रुहन यादव के घर से धनसिंह साहू के घर दुर्गा चौक तक, गुलाब श्रीवास के घर के पास से योगेश रिपेयर्स (हैंडपंप) भोइत साहू से भी राम दरबार के सामने तक नाली निर्माण कार्य। | 5.39 | 30.10.19 |

उपरोकत निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालीन अवधि में कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & http://www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

## कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) जिला उत्तर बस्तर कांकेर

क्रमांक/आवि./निर्माण/एनआईटी. क्र.80/2019-20 कांकेर, दिनांक 15.10.2019

// निविदा //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा प्रथम बार आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु ''D'' श्रेणी एवं उच्च, ठेकेदार पात्र होंगे। प्रति निविदा पत्र की कीमत 750 रुपये है, कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह वर्षा ऋतु सहित होगी।

1. निविदा प्रपत्र आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 24.10.2019 (सायं 5.00 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 26.10.2019 (पूर्वान्ह 11.30 से सायं 5.00 बजे)
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 04.11.2019 (सायं 5.00 बजे तक)
4. निविदा खोले जाने की तिथि 05.11.2019 (पूर्वान्ह 11.00 बजे)

इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालय में देख सकते हैं।

| क्र. | कार्य का नाम | वि.खं. | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | धरोहर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | पो.मै.आदिवासी बालक छात्रावास कांकेर में पुराने भवन का उन्नयन कार्य भाग-1 | कांकेर | 9.50 | 7125 |
| 2. | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कांकेर में पुराने भवन का उन्नयन कार्य भाग-2 | कांकेर | 10.00 | 7500 |
| 3. | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कांकेर में इन्टर लॉकिंग कांक्रीट ब्लाक एवं वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य। | कांकेर | 10.00 | 7500 |
| 4. | पो.मै.आदिवासी बालक छात्रावास कांकेर में सेड (प्रोफाइल सीट) निर्माण कार्य भाग-4 | कांकेर | 10.00 | 7500 |
| 5. | पो.मै.आदिवासी बालक छात्रावास कांकेर में टाईल्स फिटींग कार्य भाग-5 | कांकेर | 10.00 | 7500 |

जी-74208/4

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कांकेर

# भारत की गौरवशाली अतीत विषय पर बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित

## भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं, आत्म गौरव का अभाव : संजय गिरि

पायनियर संवाददाता ◄ बैकुण्ठपुर/खड़गवां
www.dailypioneer.com

वैदिक काल भारत का स्वर्णिम समय था। भारत प्रत्येक क्षेत्र में विश्व का सिरमौर रहा है। अनेक प्रकार के विघ्नों, बाह्य आक्रमणों व आंतरिक संघर्षो के बावजूद 18वी शताब्दी तक भारत आर्थिक, शैक्षणिक व आध्यात्मिक दृष्टि से विश्व का एक आदर्श राष्ट्र था। बातें पतंजलि युवा भारत के राज्य सोशल मीडिया प्रभारी संजय गिरि ने एकल अभियान मच खड़गवां. पटना के वार्षिक सात दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग में बतौर मुख्यअतिथि तीसरे सत्र पर भारत की गौरवशाली अतीत विषय पर आचार्यो के एक बौद्धिक कार्यक्रम में कही।

गिरि ने कहा कि स्वयं टी बी मैकॉले ने भी ब्रिटिश संसद में 2 जनवरी 1835 को स्वीकार की और कहा, मैं भारत में पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण सभी जगह घुमा, लेकिन पूरे भारत में मुझे एक भी



भिखारी या चोर दिखाई नहीं दिया। भारत की समृद्धि व उच्च नैतिक मूल्यों को देखते हुए मुझे नहीं लगता कि हम कभी भी भारत पर विजय प्राप्त कर सकते है, जब तक कि हम भारत की रीढ़ की हड्डी आध्यात्मिक व सांस्कृतिक शिक्षा व्यवस्था के स्थान पर यह स्थापित न कर लें कि विदेशी व अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था भारत की शिक्षा व्यवस्था से अधिक महान है। जिस देश के लोगों में इतिहास के प्रति गौरव व स्वाभिमान सुर पुरुषार्थ व भविष्य के प्रति आशा नहीं होती वह देश नष्ट हो जाता है, अंग्रेजों ने हमारे साथ यही किया। हम आज भी अपने स्वाभिमान व पहचान को मिटाने वाली इसी परम्परा के पोषक बने हुए है। आज भी हम अपनी इतिहास की पुस्तकों में गुलाम बनाने वाली शिक्षा पढ़ रहे है। हम अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व सम्मान नहीं रखते, केवल विदेशियों के प्रशंसा ही हमे सुहाते है। विज्ञान की बात की जाती है तो हम आइन्सटीन व न्यूटन आदि को याद रखते है परन्तु विश्वामित्र व भास्कराचार्य जैसे महान वैज्ञानिकों को भूल जाते है।हम गणितज्ञों की चर्चा करते समय पायथागोरस जैसे विदेशी लोगों के नाम को इतिहास के पन्नों पर पढ़ते है पर महान गणितज्ञ आर्यभट्ट एवम श्रीधर आदि भारत के गौरव पुरुषों को विस्मृत कर देते है। हमने महान महर्षि चरक व सुश्रुत को भुला दिया जो शल्यचिकित्सा के पितामह थे। भारत जैसी प्रतिभाएं पूरे विश्व मे कही नही हैं।

## क्विक न्यूज

### वन सुरक्षा की परवाह नहीं सागौन की खुलेआम तस्करी



**धमतरी।** सीतानदी उदन्ती अभयारण्य में अरसीकन्हार रेन्ज के कक्ष क्र 193 में सागौन का प्लान्टेशन है जोकि नगरी से मैनपुर मुख्यमार्ग पर मेचका थाना व तुमड़ीबहार के बीच में है। जहां इन दिनों सागौन लकड़ी की तस्करी खुलेआम की जा रही है। साइकिल से जंगलों में घुसकर लोग सागौन के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाकर ले जा रहे हैं। रात में कटे हुए सागौन की तस्करी कर रहे हैं मगर वन विभाग के अधिकारीण्कर्मचारियों को जंगलों में घुसकर इनकी सुरक्षा की जरा भी परवाह नहीं है।

### मारुति कंपनी की नई मिनी कार लॉन्च



**कसडोल।** स्काई ऑटोमोबाइल्स कसडोल में मारुति कंपनी की नई मिनी कार लॉन्च किया गया संस्था के ब्रांच मैनेजर भुनेस्वर गुप्ता एवं कर्मचारियों ने बताया कि यह गाड़ी कम कीमत के साथ सभी सुविधा उक्त है । यह गाड़ी मारुति को इस वर्ग में नई पहचान देगी इस गाड़ी में दमदार 1.0 सीसी का इंजिन उपयोग किया गया है । साथ ही साथ यह गाड़ी 6 रंगों में उपलब्ध है ।

### 25 को जेलभरो आंदोलन

**बिरकोनी।** छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक बुधवार को महासमुंद के राममंदिर में हुई। इस दौरान किसान नेता अनिल दुबे, जीपी चंद्राकर, बिसन चंद्राकरए छन्नू साहू, श्रीधर चंद्राकरए ईश्वर साहू मौजूद थे। बैठक में सेठ साहूकारों द्वारा अब तक धान की फसल का भुगतान नहीं किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। किसान मोर्चा ने भुगतान की मांग को लेकर 25 नवंबर को जेल भरो आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

### निधन

### मिजान सिंह कोमर्रा

**मैनपुर।** ग्राम काण्डेकेला के मिजान सिंह कोमर्रा (75) का भिलाई में निधन हो गया। अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया। वे मिलनासर व्यक्तित्व के धनी थे। गांव के बच्चों से उनका बहुत लगाव था, उन्हें प्यार से हरिओम कहते थे। उनके निधन पर ग्रामवासियों ने शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी।

# यातायात व्यवस्था के सुधार में व्यापारीगण करें सहयोगः एसपी

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

नगर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त बनाने, पार्किंग स्थलों के चिन्हांकन, आमजनों की सुरक्षा हेतु व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बाहर सीसीटीव्ही कैमरा लगाने हेतु प्रोत्साहित करने, बेहतर यातायात बंदोबस्त में सभी की सहभागिता सुनिश्चित कराने, पटाखा दुकानों के पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर गुरूवार 17 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर राजेश कुकरेजा ने सूरजपुर के व्यापारियों की बैठक जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया।



बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा ने व्यापारियों को कहा कि नगर की यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने में पुलिस को सहयोग प्रदान करें, अपने प्रतिष्ठानों के सामने वाहनों को व्यवस्थित ढंग से खड़ी कराए ताकि यातायात व्यवस्था बाधित न हो, आमजन व समाज हित में व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बाहर सीसीटीव्ही कैमरा लगाने को कहा। बैंकों के बाहर काफी संख्या में वाहनों को अव्यवस्थित ढंग से खड़ा करने के कारण यातायात व्यवस्था में दिक्कत को लेकर व्यापारीगणों की ओर से कहा गया कि बैंक के अधिकारी-कर्मचारी अपनी वाहन बैंक के सामने खड़ी न कर सुरक्षित खुली स्थान में अपनी वाहन पार्किंग करें ताकि ग्राहकों की वाहन व्यवस्थित ढंग से खड़ी करने जगह उपलब्ध हो सके जिस पर एसपी कुकरेजा ने यातायात प्रभारी को इस हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**पटाखा विक्रय स्थल के पास पुलिस सहायता केन्द,सीसीटीव्ही कैमराः** दीपावली त्यौहार पर नगर के स्टेडियम ग्राउण्ड में काफी संख्या में पटाखा विक्रेता वहां अपनी दुकाने लगाते है जहां सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त रौशनी, पानी, सैन्ड बोरी व फायर बिग्रेड की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश एसपी कुकरेजा ने नगर पालिका के अधिकारी को दिए। पटाखा दुकानों के पास सुरक्षा प्रबंध चाक.चौबंद बनाए रखने पुलिस का अस्थाई सहायता केन्द्र खोले जाने एवं व्यापारियों के सहयोग से सीसीटीव्ही कैमरा लगाए की जानकारी दी।

**त्यौहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर पैनी नजरः** बैठक में पुलिस अधीक्षक कुकरेजा ने कहा कि धनतेरस व दीपावली त्यौहार पर काफी संख्या में लोग खरीददारी करने निकलते है जिस कारण नगर में काफी भीड़.भाड़ होती है इस दौरान पुलिस की असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रहेगी। पुलिस व यातायात अमला विभिन्न चौक-चौराहों, भीड़-भाड़ वालों स्थल सहित अन्य स्थानों पर मुस्तैद रहेगी।

**यातायात व्यवस्था में व्यापारी वर्ग करेंगे सहयोगः** पुलिस अधीक्षक के द्वारा ली गई बैठक में व्यापारी वर्ग के द्वारा पुलिस को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। कई व्यापारियों ने सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए करीब 50 स्टापर एवं 100 ड्रम उपलब्ध कराने की बात कही।

**पार्किंग स्थल विकसित करें नगर पालिकाः** बैठक में नगर की पार्किंग को लेकर भी चर्चा हुई जिसमें सुभाष चौक के पास फारेस्ट कालोनी के खाली पड़े जगह को पार्किंग स्थल के रूप में विकसित करने की बात कही गई। जिस पर एसपी कुकरेजा ने आमजनों की सहुलियत के साथ ही पार्किंग की दिक्करों को कम करने नगर पालिका के अधिकारी को उक्त स्थल को पार्किंग जोन के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, इस हेतु व्यापारी वर्ग ने भी सहयोग करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान अपर कलेक्टर केपीसाय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, एसडीएम शिवकुमार बनर्जी, सीएसपी जे पी भारतेन्दु, जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैय्या, थाना प्रभारी सूरजपुर विकेश तिवारी, यातायात प्रभारी आरसी राय, नगर पालिका के इंजीनियर आलोक चक्रधारी तथा नगर के व्यापारीगण काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# एसईसीएल, सीएसआर के अंतर्गत देगी 128.58 करोड़ रूपए



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) प्रारंभ से ही अपने कार्यक्षेत्र में स्वच्छता को प्राथमिकता देतीर ही है। इस दिशा में एसईसीएल ने हर संभव प्रयास किए हैं। इसीतारतम्य में एसईसीएल ने निगमित सामाजिक उत्तदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत 529 रेलवे स्टेशनों पर प्री-प्रेब्रिकेटेड टॉयलेट बनाने हेतु सहयोग प्रदान करने कानिर्णय लिया है। 17 अक्टूबर को एसईसीएल एवं दक्षिणपूर्व मध्य रेलवे के मध्य समझौता पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के अनुसार एसईसीएल निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत 128.58 करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता इंडियन रेलवे को प्रदान करेगी। इस एमओयू के अंतर्गत 8रेलवे जोन साउथ ईस्ट सेंट्रलरेलवे, सेंट्रल रेलवे, नार्थ सेंट्रलरेलवे, वेस्ट सेंट्रलरेलवे, वेस्टर्न रेलवे, ईस्ट सेंट्रल रेलवे, साउथ सेंट्रल रेलवे एवं ईस्ट कोस्ट रेलवे जोन में कुल 529 रेलवे स्टेशनों का समावेशहोगा। ये सभी टॉयलेट रेलवे स्टेशन से लगे हुए परिसर में बनाए जाएंगे।



# प्राथमिक शाला सोनहत का आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत कौशल तेंदुलकर ने प्राथमिक शाला सोनहत का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राज्य स्तरीय परीक्षा का अवलोकन किया और बच्चों से मुलाकात की। एसडीएम सोनहत ने बच्चों से पहाड़ा, हिंदी वर्णमाला, अंग्रेजी अल्फाबेट के अतिरिक्त बच्चों से कविता कहानी पूछी। बच्चों ने तत्काल जवाब भी दिया और कविताएं भी एसडीएम को सुनाई। इसी दौरान एसडीएम ने हाथ धोने के तरीके, स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ गुड टच बैड टच के बारे में बच्चों को बताया। इसके अलावा उन्होंने स्कूल के शिक्षकों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से एलईडी के द्वारा इसपर वीडियो दिखाने को कहा और बच्चों को नित नई चीजें भी सीखने को कहा। एसडीएम सोनहत ने बच्चों के साथ साप्ताहिक अंडा सब्जी के साथ खुद भोजन करके बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चो से पूछा कि कितने बच्चे है जो पहले से अंडा खाते हैं इसी दौरान उन्होंने भोजन में अंडे का महत्व उससे मिलने वाले विटामिन के बारे में बताया। एसडीएम के साथ कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं और स्कूल के शिक्षकों ने भी भोजन किया।

# अंतर्राज्यीय कबाड़ गिरोह के सरगना सहित 10 सह आरोपी गिरफ्तार



## 2 पिकअप, 1 बोलेरो, स्क्रेप एंगल बरामद किया

पायनियर संवाददाता ◄ बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com

कोरिया पुलिस ने तर्रा बसेर के जंगलों में घेराबंदी कर अंतर्राज्यीय कबाड़ गिरोह के सरगना शकील अहमद सहित 10 आरोपियों के साथ चोरी की सामग्री बरामद किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडिशनल एसपी पंकज शुक्ला ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देश पर कटघोडी साफ्ट में हुई चोरी में 10 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। इसमें मनेन्द्रगढ़ का शकील अहमद, नॉढिया जनकपुर का हेतराम, कोरिया कॉलरी का शंकर दयाल, झगराखण्ड का मनोज गुप्ता, बैकुंठपुर अमरपुर का संत कुमार, कोरिया कॉलरी का राजन सिंह,लालपुर मनेन्द्रगढ़ का मंता प्रसाद, लालपुर का रंजीत और कोरिया कॉलरी का बाबूलाल को हिरासत में लिया गया है। इनके साथ 2 पिकअप, 1 बोलेरो, स्क्रेप एंगल बरामद किया गया है।

**क्या था मामला**

चरचा कालरी के कटघोडी स्थित विभागीय सॉफ्ट जहां से डोली के माध्यम से कालरी कर्मचारियों व खदानों में उपयोग किए जाने वाले सामानों को खदान के अंदर ले जाया जाता है, रात के लगभग दो बजे बीस पच्चीस की संख्या हथियारबंद लोग परिसर में घुस गए और वहां उपस्थित लैंप रूम कर्मचारियों व दूसरे कक्ष में कार्यरत कर्मचारियों को उन्हीं के कार्यालय के कमरों में बंद कर दिया। इसके बाद चोरों के गिरोह ने वहां रखे लैपटॉप कंप्यूटर के पूरे सिस्टम को निकाल लिया। परिसर के अंदर रखे महंगे बिजली के केबल व अन्य कीमती सामानों के बंडल बनाकर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। कमरे में बंद कर्मचारियों ने मोबाइल के माध्यम से घटना की जानकारी क्षेत्र प्रबंधक को दी। इस पर क्षेत्रीय प्रबंधक ने कोरिया पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। घटना की जानकारी मिलते ही चरचा कालरी के विभागीय सुरक्षा प्रहरी भी घटनास्थल पर पहुंचे और परिसर के अंदर दाखिल हुएए जहां उन्होंने कई हथियारबंद लोगों को देखा, ये देखकर दोनों सुरक्षाकर्मी वापस बाहर निकलकर प्रबंधन को सूचित किए। उल्लेखनीय है कि चरचा कालरी के छठ घाट में 1 वर्ष पूर्व चरचा कालरी केबी पॉइंट से विभागीय लोहे के भारी सामानों की चोरी कर पिकअप से समान पार किया जा रहा था किंतु कई टन वजनी चोरी के लोहे से भरी पिकअप चरचा थाने के पीछे छठ घाट के नाले में फंस गई थी और पुलिस के पकड़ में आ गई।

# नगरीय निकाय चुनाव के खिलाफ रैली-धरना



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

छग सरकार द्वारा आगामी नगर निगम चुनाव में किये गये बडे बदलाव के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा रैली एवं एक दिवसीय धरना का प्रर्दशन किया। तथा राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौपा गया। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह लोकतंत्र बचाव आंदोलन में शामिल होने धमतरी पहुंचे और एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शिरकत की। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जो नगरीय निकाय चुनाव के लिए मसौदा तैयार किया गया है उसके विरोध में प्रदेश भर में धरना प्रदर्शन किए गए । इसी सिलसिले में धमतरी के गौशाला मैदान में भी भाजपा ने धरना प्रदर्शन किया। जिसमें विशेष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह शामिल हुए ।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं में अभी अभूतपूर्व उत्साह है यह मेरा सौभाग्य है कि धमतरी के धरने में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ ।धमतरी के अपराजेय नगर पालिका को हमने नगर निगम बनाया था ।अब भूपेश बघेल षड्यंत्र के तहत इसे हटाने की कोशिश कर रहे हैं जनता का आशीर्वाद है कि आने वाले समय में 90 फीसदी जगहों पर भाजपा की जीत होगी। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार आने के बाद कानून व्यवस्था समाप्त हो गई है ।

# मितानिन स्वस्थ पंचायत सम्मेलन आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com

मितानिन स्वस्थ पंचायत सम्मेलन का आयोजन बैकुंठपुर के प्रेमाबाग में किया गया, जिसमें विधायक अंबिका सिंहदेव, जनपद अध्यक्ष सूर्यप्रताप जिला समन्वयक रेखा शिवहरे, प्रमिला सिंह,ब्लाक समन्यवक लक्ष्मी चिकनजूरी के साथ बैकुंठपुर तहसील की मितानिनों के साथ एमटी कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित रहे। सम्मेलन की मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक अम्बिका सिंहदेव ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ पंचायत सम्मेलन के जरिये मुझे आप लोगों के बीच आने का मौका मिला है। पहली बार आपकी शिकायत सुनने का मौका



मिला है। आप समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आपसे किसी को कोई शिकायत नहीं हैए अपने आपको कमजोर न समझें। मैंने आप लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनाए मैं उसके त्वरित समाधान के लिए विभागों से बात कर प्रयास करूंगी। जिला समन्वयक रेखा शिवहरे ने कहा है कि सामुदायिक स्तरीय निगरानी से कई समस्याएं आसानी से हल हो जाती हैं। राज्य संसाधन केन्द्र द्वारा संचालित यह समिति हर वर्ष ऐसा सम्मेलन का आयोजन करती है जिसमें गांव की छोटी.छोटी समस्याओं को एकत्रित कर यहां लाया जाता है, जवाबदार लोगों के सम्मुख उसे पढ़कर बताया जाता हैए ताकि उसका जल्दी निराकरण हो सके। स्वस्थ पंचायत सम्मेलन शुरू होने के पूर्व बैकुंठपुर तहसील से आई मितानिनों व एमटी ने विशाल रैली निकाली। रैली प्रेमाबाग शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होकर वापस प्रेमाबाग पर खत्म हुई। सम्मेलन में फुलवारी योजना से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। मितानिनों ने बताया कि उन्हें हर महीने पैसा नहीं आता है जो आता भी है वो कट कर आता है। सम्मेलन में बढ़िया काम करने वालों को सम्मानित भी किया गया।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रए बलौदाबाजार को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2019.20 के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को लाभान्वित करने हेतु प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण केवल अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। योजनांतर्गत स्वयं का उद्यम स्थापित करने के इच्छुक हितग्राहियों को उद्योग गतिविधि हेतु अधिकतम 25 लाख एवं सेवा उद्योग हेतु अधिकतम 10 लाख तक का ऋण राष्ट्रीयकृत बैंको के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

# पुरातात्विक स्थलों की पहचान, संरक्षण के लिए बनायी जाएगी ठोस योजना

## जिला पुरातत्व समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में जिला पुरातत्व समिति की बैठक आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। विधायक प्रमोद कुमार शमा, अपर कलेक्टर,जोगेन्द्र नायक सहित समिति के सदस्य बैठक में शामिल हुए। बैठक में जिले की पुरातात्विक महत्व की स्थलों की पहचान कर उनके संरक्षण के लिए ठोस कार्य.योजना बनाये जाने का निर्णय लिया गया।



आम जनता और स्थानीय जानकारों से भी अपने आस.पास के पुरातात्विक महत्व के स्थलों की लिखित सचित्र विवरण आमंत्रित किये जाने का सुझाव समिति ने मान्य किया। श्रेष्ठ लेखन वालों को पुरातत्व समिति द्वारा तीन पुरस्कार एवं सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पुरातात्विक महत्व की सामग्रियां जिले की पुरानी गौरव और महत्व को दर्शाती हैं।

## क्विक न्यूज

### शैक्षणिक संस्थाओं को तंबाकू मुक्त बनाने के लिये अभियान 26 जनवरी तक

**बिलासपुर ।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार के निदेर्शानुसार शैक्षणिक संस्थाओं को तंबाकू मुक्त बनाये जाने हेतु 26 जनवरी 2020 तक अभियान चलाया जायेगा। प्रत्येक विद्यालय में सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जायेगी। विद्यालय में समस्त विद्यार्थियों, शिक्षक एवं कर्मचारियों को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान बनाने हेतु शपथ दिलाया जायेगा। शिक्षण संस्थान के परिसरों के अंदर तथा स्कूल के बाहरी दीवारों पर वॉल पेंटिंग या फ्लेक्स के माध्यम से तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध एवं इसके उल्लंघन पर 200 रूपये के जुमार्ने के प्रावधान की जानकारी दी जाएगी। स्कूल यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद का क्रय विक्रय नहीं किया जाये और इसका उल्लंघन पाये जाने पर टोल फ्री नंबर 1800-11-2356 में शिकायत दर्ज किया जाये।

### मदरसा बोर्ड परीक्षा फार्म विलंब शुल्क सहित 26 तक जमा होंगे

**बिलासपुर ।** छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा प्रथम अवसर के आवेदन फार्म विलंब शुल्क के साथ 26 अक्टूबर 2019 तक अग्रेषण केन्द्र में जमा होंगे। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा प्रथम अवसर में सम्मिलित होने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा एक अवसर और प्रदान किया गया है। जो छात्र-छात्राओं ने फार्म जमा नहीं कर सके हैं वह अग्रेषण केन्द्र में संपर्क कर फार्म जमा कर सकते हैं। बिलासपुर जिले के परीक्षार्थियों हेतु लाला लाजपतराय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खपरगंज बिलासपुर तथा बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला पेण्ड्रा को अग्रेषण केन्द्र बनाया गया है।

### ट्रायबल यूथ हॉस्टल नई दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा कोचिंग के लिए चयन परीक्षा 25 को

**बिलासपुर ।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित ट्रायबल यूथ हॉस्टल नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य (ई.डब्ल्यू.एस.) अभ्यर्थियों के चयन के लिये परीक्षा 25 अक्टूबर 2019 शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक पुरूष अभ्यर्थियों के लिये प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर एवं महिला अभ्यर्थियों के लिये प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में आयोजित की गई है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिये जिन अभ्यर्थियों द्वारा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, बिलासपुर के कार्यालय में आवेदन पत्र जमा किया गया है।

# पति के सौभाग्य, दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पति के सौभाग्य एवं दीर्घायु के लिये सुहागिनों ने दिन भर निर्जला व्रत रखकर रात्रि 8:24 बजे के बाद चांद को देखकर अपने पति के हाथों पानी पीकर अपना व्रत तोड़ा। बदली के चलते चॉद देर से नजर आया।

जीवन साथी के लंबी उम्र के लिये दिनभर निर्जला व्रत विधि विधान से रख रात में चॉद को अर्ध्य देकर पति के हाथ से पानी पीकर व्रत तोड़ी। प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और त्याग का पावन पर्व करवा चौथ आज पूरे दिन भूखी-प्यासी रहकर पत्नियां अपने पति की लंबी उम्र की कामना की । कथा धार्मिक किताबों के मुताबिक शाकप्रस्थपुर वेदधर्मा



ब्राह्मण की विवाहिता पुत्री वीरवती ने करवा चौथ का व्रत किया था। नियमानुसार उसे चंद्रोदय के बाद भोजन करना था, परंतु उससे भूख नहीं सही गई और वह व्याकुल हो उठी। उसके भाइयों से अपनी बहन की व्याकुलता देखी नहीं गई और उन्होंने पीपल की आड़ में आतिशबाजी का सुंदर प्रकाश फैलाकर चंद्रोदय दिखा दिया और वीरवती को भोजन करा दिया। परिणाम यह हुआ कि उसका पति तत्काल अदृश्य हो गया। अधीर वीरवती ने बारह महीने तक प्रत्येक चतुर्थी को व्रत रखा और करवा चौथ के दिन उसकी तपस्या से उसका पति पुनः प्राप्त हो गया। व्रत पर फैशन का प्रभाव भले ही पारंपरिक एक पूजा हो लेकिन इस व्रत ने फैशन का रूप धारण कर लिया है। स्त्रियां इस दिन भूखी-प्यासी रहकर सोलह श्रृंगार करती है। ताकि उनके पति उनके रूप और तपस्या को छोड़कर कहीं ना जाये। अब तो महिलाएं और लड़कियां इस दिन के लिए महीनों से तैयारियां करती है। हर किसी की चाहत बस यही कि वो बेहद सुंदर दिखे।

### जेल में बंद कैदियों ने अपनी पत्नियों संग मनाया करवाचौथ



**बिलासपुर।** शहर में गुरुवार को करवाचौथ का त्योहार महिलाओं ने उल्लास व उत्साह से मनाया। ऐसे में बिलासपुर स्थित केन्द्रीय जेल की सलाखें भी महिला बंदियों को अपने चांद का दीदार करने से रोक नहीं पाई. जेल में बंद कैदियों ने अपनी पत्नियों संग करवाचौथ उत्सव मनाया. केन्द्रीय जेल प्रशासन के जेल अधीक्षक एस.के. मिश्रा के निर्देश पर जेलर यू.के. पटेल, सहायक जेल अधीक्षक ए.के.बाजपेयी, सोनाल डेविड ने इस कार्यक्रम को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे. जेल प्रशासन की ओर से महिलाओं के उपवास को देखते हुए फलाहार का प्रबंध किया गया था. पत्नियों को पति ने जल ग्रहण कर करवाचौथ का व्रत खोला और करवा मां से अपने पतियों की दीघार्यु के साथ-साथ शीघ्र रिहाई की प्रार्थना की. केन्द्रीय जेल प्रशासन के अनुसार जेल में बंद ऐसी 48 महिला कैदियों द्वारा करवा चौथ का उपवास रखा, जिनके पति भी जेल में बंद हैं. पुरुष कैदियों की पत्नियों ने अपने पतियों संग करवाचौथ मनाया.

# ठेकेदार के इशारे पर निगम के अभियन्ता पर हुआ था हमला

### आरोपी के साथ ठेकेदार की मोबाइल पर हुई बातचीत को पुलिस ने आधार मानकर दर्ज किया मामला

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

निगम का ठेकेदार जिस युवक से मोबाइल पर लगातार बात किया था उसी युवक ने निगम के अभियन्ता पर प्राणघातक हमला किया था । मोबाइल में हुई बातचीत को आधार मानकर पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ भी मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है । पुलिस की माने तो निगम के ईई पीके पंचायती पर हमला करने के लिए ठेकेदार अतुल शुक्ला ने ही षडयंत्र रचा था। मोबाइल व तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने इस मामले में षडयंत्र के तहत धारा जोड़कर इस मामले में ठेकेदार को भी आरोपित बनाया है। पुलिस अब उसकी तलाश में जुट गई है।

नगर निगम के ईई पंचायती पर हुए हमले के बाद पुलिस ने दो आरोपित विपिन उर्फ बिट्टू विश्वकर्मा पिता अरुण विश्वकर्मा व अमर साहू पिता शिवकुमार साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उस समय दोनों आरोपितों ने मुख्य आरोपित व आदतन अपराधी विक्की पांडेय पिता गोपाल पांडेय के कहने पर साइकिल सवार पंचायती पर हमला करने की बात कही थी। हालांकि



पूछताछ में साइकिल से बाइक के टकराने को लेकर विवाद होने की जानकारी भी दी थी। इन दोनों आरोपित के पकड़े जाने व मुख्य आरोपित विक्की पांडेय के आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए पुलिस आशंका जता रही है कि सुपारी देकर ईई पंचायती पर हमला कराया गया है।

लेकिन मुख्य आरोपित को बीते एक अक्टूबर को पकड़कर पूछताछ करने के बाद तत्कालिक विवाद के चलते हमला करने की बात सामने आई। इस दौरान पुलिस ने आरोपित विक्की पांडेय को रिमांड में लेकर पूछताछ थी। लेकिन, उसने अतुल शुक्ला से परिचय व बातचीत होने से इन्कार कर दिया। इसके चलते पुलिस अब इस मामले में पुख्ता जानकारी जुटाने के लिए साक्ष्य एकत्रित करने का प्रयास कर रही थी। इसके साथ ही आरोपित के मुकरने के बाद पुलिस ने उसके मोबाइल कॉल डिटेल व तकनीकी जांच की।

इस बीच चार अक्टूबर को उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। इधर पुलिस की जांच में पता चला है कि वारदात से पहले व बाद में लगातार ठेकेदार अतुल शुक्ला उसके संपर्क में रहा। इसी आधार पर पुलिस ने इस मामले में रास्ता रोककर जानलेवा हमला करने के साथ ही षडयंत्र रचने के तहत धारा 120बी जोड़कर कार्रवाई कर रही है। इस मामले में अतुल शुक्ला को षडयंत्र रचकर हत्या के प्रयास का आरोपित बनाया गया है। पुलिस आरोपित ठेकेदार की तलाश में जुट गई है।

#### जून में मार्निंग वॉक के दौरान हुआ था हमला

बीते जून माह में सुबह नगर निगम के ईई पीके पंचायती अपने नेहरू नगर स्थित निवास से साइकिलिंग करते हुए निकले थे। सुबह करीब आठ बजे रिंग रोड-2 स्थित बाबजी पार्क से कुछ दूर में बाइक सवार तीन युवकों ने अचानक उन्हें रोक लिया और ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में पंचायती घायल हो गए। वारदात को अंजाम देकर हमलावर युवक भाग निकले। घायल पंचायती को इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी थी। इस बीच आहत ईई पंचायती से भी पुलिस ने पूछताछ की थी। लेकिन उन्होंने हमलावरों को पहचानने से इन्कार कर दिया था। साथ ही हमले की ठोस वजह नहीं बता पाए थे। बाद में जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज से आदतन अपराधी विक्की पांडेय की पहचान हुई। तब से विक्की फरार था।

# सिम्स के ट्रेनी डॉक्टर आधी रात को करते हैं गुंडागर्दी

### मारपीट करने आधी रात को दोस्तो को बुलाते है

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सिम्स में मेडिकल की शिक्षा ग्रहण करने आये ट्रेनी डॉक्टरों द्वारा लामबंद होकर किसी से भी मारपीट की घटना को अंजाम देना पुरानी बात हो गई है लेकिन पहले यह सिम्स अस्पताल तक ही सीमित रहता था मगर अब वे चौक चौराहों में भी एक राय होकर मारपीट करने लगे है । देर रात घूमते हुए चाय पीने गए डाक्टरों ने मगरपारा चौक स्थित चाय ठेला के पास बीच सड़क पर बाइक खड़ी कर दी। इस दौरान उन्हें बाइक किनारे करने की समझाइश दी गई, तब झगड़ा करने पर उतारू हो गए। इस बीच उन्होंने अपने साथी डॉक्टरों को गुंडागर्दी करने बुला लिया। इतने में वहां चाय ठेला लगाने वाली महिला, उसके परिजन व स्थानीय लोगों ने डॉक्टरों की दौड़ा-दौड़ाकर जमकर पिटाई कर दी। हमले में आधा दर्जन डॉक्टर घायल हो गए। पुलिस ने मामले में हमलावरों पर बलवा का अपराध दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार सिम्स के डॉक्टर जितेंद्र गिल बुधवार की रात अपने दोस्तों के साथ बाइक में सवार होकर चाय पीने निकला था। रात करीब दो बजे वह मगरपारा पहुंचा, तब चाय ठेला के सामने बीच सड़क पर बाइक खड़ी कर दी। इस पर चाय दुकान चलाने वाली महिला समेत अन्य ने बाइक हटाकर साइड में खड़ी करने को कहा। इतने में डॉक्टर नाराज हो गया और दुर्व्यवहार करने लगा। इस पर महिला व अन्य ने भी उसकी हरकतों का विरोध किया। तब डॉ.गिल ने रौब दिखाते हुए सिम्स के अपने जूनियर डॉक्टर सरगुजा के रामानुजगंज रोड निवासी डॉ.सचिन गुप्ता पिता सुधांशु कुमार को फोन किया और अपने साथियों को लाकर इन्हें सबक सिखाने की धौंस दिखाई। डॉक्टर के फोन करते ही महिला व युवकों ने भी स्थानीय लोगों को बुला लिया। इस बीच डॉ.सचिन, डॉ.सुरेंद्र जाट, डॉ.युगल किशोर नंदे समेत अन्य वहां पहुंच गए। उनकी हरकतों को देखकर महिला फरीदा बेगम, सलमान समेत दर्जनभर युवकों ने डॉक्टरों का कॉलर पकड़ लिया। फिर दौड़ा-दौड़ाकर लाठी-डंडे से पिटाई करने लगे। इस दौरान उन पर पत्थर से भी हमला किया गया। स्थानीय युवकों के हावी होने पर किसी तरह डॉक्टर वहां से भागने लगे। इस घटना की सूचना उन्होंने सिविल लाइन थाने में दी। मारपीट व हमले में आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गए। डॉ.गुप्ता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपित हमलावरों के खिलाफ धारा 147, 148, 294, 323, 336, 506 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इस दौरान दूसरे पक्ष से भी मामले की शिकायत की गई। लेकिन, पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाए उन्हें थाने में बैठा दिया।

# रिश्वत लेते पटवारी हुआ गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जमीन का कागजात देने के नाम पर एक व्यक्ति से 4 हजार रु की रिश्वत लेते रतनपुर के पटवारी अमर दहायत को एसीबी की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है, और उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रही है। रतनपुर के रहने वाले नसरुद्दीन अंसारी ने 3 डिसमिल जमीन का कागजात देने के नाम पर रतनपुर के हल्का नम्बर 37 के पटवारी अमर दहायत ने 12 हजार रु की मांग को थी। प्रार्थी नसरुद्दीन ने पटवारी को 1500 रु दे दिया था, उसके बाद वह नसरुद्दीन को बाकी रकम देने दबाव बना रहा था, तो दोनों के बीच 10 हजार में बात तय हुई। इस बीच



पटवारी की हरकतों से3 परेशान होकर उसने एसीबी में मामले की शिकायत की। जिसके बाद एसीबी की टीम ने शुक्रवार को पटवारी अमर दहायत को 4 हजार रु रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में एसीबी के डीएसपी शैलेंद्र पांडेय, टी आई प्रमोद खेस, टी आई शुक्ला, आरक्षक निसार परवेज़, मनोज साहू की टीम शामिल थी।

# सरकार डरी हुई है इसलिए महापौर का चुनाव पार्षदों से कराएगी

- भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन नही होने देगी
- मंडल के संगठन चुनाव सवार्नुमति से होंगे

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व मंत्री और भाजपा नगरीय निकाय चुनाव के प्रभारी अमर अग्रवाल ने आज यहां कहा कि प्रदेश की सरकार डरी हुई है और उसे नगरीय निकायों के चुनाव में हार का डर सता रही है इसीलिए महापौर का चुनाव अप्रत्यक्ष कराने जा रही है । सरकार ने जनता को दो वोट डालने का जो अधिकार मिला हुआ है उसमें से एक का अधिकार छीन लिया है।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि कॉंग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहल गांधी ने 1 अप्रैल 19 को ट्वीट कर कहा था कि महापौर को 5 साल कार्य करना चाहिये अन्यथा विकास कार्य प्रभावित होते है इसलिए बार बार अविश्वास प्रस्ताव से बचने महापौर का चुनाव सीधे वोटरों द्वारा होनी चाहिए मगर इसके ठीक विपरीत कांग्रेस शासित तीनो राज्यो में महापौर के चुनाव जनता से कराने के बजाय पार्षदो से कराने का निर्णय लिया गया है ।

अग्रवाल ने कहा कि अविभाजित मप्र सरकार में जब दिग्विजय सिह सीएम थे और भूपेश बघेल उनके मंत्री थे तब महापौर का चुनाव जनता से कराने का निर्णय यह कहते हुए लिया गया था कि पार्षदो द्वारा बार बार अविश्वास प्रस्ताव लाने से विकास कार्य प्रभावित होते है मगर आज उस निर्णय को बदल दिया गया । मंत्रिमंडल की उप समिति की सिफारिश आने के पहले ही सरकार ने अपना फैसला सुना दिया जबकि यह गवर्नर के अधिकार क्षेत्र में आता है । भाजपा ने सरकार के इस निर्णय और लोकतांत्रित मूल्यों के हनन को लेकर राज्यपाल से शिकायत की है।

अग्रवाल ने कहा कि महापौर चुनाव की तुलना सांसद विधायक द्वारा पीएम सीएम का चुनाव करने से नही किया जाना चाहिए क्योंकि सांसद विधायको के लिए दलबदल कानून है । राज्य सरकार में हिम्मत है तो नगरीय निकायो में भी दलबदल कानून लागू कर दे ताकि पार्षदो पर इसका प्रभाव हो और खरीद फरोख्त से बचा जा सके ।

अग्रवाल ने बताया कि वे भाजपा कार्यकताओं से औपचारिक भेंट कर संगठन चुनाव , महापौर चुनाव , निगम का परिसीमन वोटर लिस्ट तथा शहर में कांग्रेस भाजपा की स्थिति को लेकर चर्चा कर रहे है। भाजपा के सँगठन चुनाव में देरी नही हुई है । मंडल स्तर के चुनाव सवार्नुमति से होंगे।

### हजारों की संख्या में लोगों ने गांधी विचार पदयात्रा में हुए शामिल

# गांधी टोपी और गांधी भजनों से मुंगेली नगर हुआ गांधीमय

- गांधी जी के एक भी विचार को जीवन में उतारने से जीवन होगा सफल : बघेल

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

गांधी टोपी और गांधी जी की भजनों से नगर गांधीमय हो गया। हजारों लोगों द्वारा गांधी टोपी पहने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित सप्ताह व्यापी गांधी विचार पदयात्रा के समापन समारोह में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे सहित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों ने स्थानीय विश्राम भवन में महात्मा गांधी जी की चित्र पर माल्यार्पण कर गांधी विचार पदयात्रा की शुरूआत की। यह यात्रा दाऊपारा चौक, पुलपारा, स्टेट बैंक, बड़ा बाजार इंदिरा चौक, नंदी चौक, नया बस स्टैण्ड नेहरू चौक, पड़ाव चौक, बालानी चौक होते हुए पुराना बस स्टैण्ड स्थित सामुदायिक भवन पहुंचे और यहां सभा के रूप में तब्दील हो गई। इसके पूर्व मदनपुर चारभाठा के हरिकीर्तन मण्डली द्वारा रामधुन गायन और भजन से गांधी विचार पदयात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि गांधी विचार पदयात्रा के दौरान नगर के प्रदीप ड्रेसर्स, बड़ा बाजार, चेम्बर ऑफ कामर्स, कन्हैया प्रतिष्ठान, सोनू किराना स्टोर्स सहित अनेक प्रतिष्ठानों द्वारा स्व प्रेरित होकर पदयात्रियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई



थी। जिसे खूब सराहा गया।

गांधी विचार पदयात्रा के समापन समारोह को जिला पंचायत की अध्यक्ष कृष्णा बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि गांधी जी की भाई चारा, समानता और समरसता सहित अन्य विचारों में से कोई एक भी विचार को अपने जीवन में उतारने से जीवन सफ ल हो जाता है। उन्होने कहा कि गांधी विचार पदयात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए है। यह गांधी विचार पदयात्रा की सफ लता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सबके भावना की अनुरूप सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्र कराया। आज हमें उनके मार्गो पर आदर्शो पर चलने की आवश्यकता है। नगर पालिका की अध्यक्ष सावित्री सोनी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सप्ताह व्यापी गांधी विचार पदयात्रा सबके सहयोग से पूरी हुई है। उन्होने पॉलीथिन के उपयोग को जीवन से दूर कर गांधी जी के सपनों को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारतवासी सौभाग्यशाली है। भारत देश को महात्मा गांधी जैसे महात्मा और संत पुरूष प्राप्त हुआ। उन्होंने गांधी जी के विचारों को आत्मसात करने की बात कही। राकेश पात्रे ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर राज्य के चहुमुंखी विकास के लिए गांधी विचार पदयात्रा की शुरूआत की है। मुंगेली जिले में कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयोजित सप्ताहव्यापी गांधी विचार पदयात्रा आज संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि गांव और देश का विकास करना है तो गांधी जी के विचारों को अमल करना होगा। पूर्व विधायक चुरावन मंगेशकर ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर गांव की पगडण्डी से शहरों तक गांधी विचार पदयात्रा का आयोजन किया गया। विचार यात्रा के दौरान बापू जी को सभी लोगों ने नमन किया। उन्होने जीवन में आगे बढ़ने के लिए गांधी जी के विचारों और आदर्शो पर चलने की बात कही। कार्यक्रम का उत्तम वासुदेव ने भी संबोधित किया।कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने स्वागत भाषण दिया। उन्होने कहा कि मुंगेली जिला सामाजिक समरसता के रूप में जाना जाता है। यहां के लोगों में सेवा भाव की भावना है। लोग हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर आगे आते है।

# करवाचौथ के दिन महिला की प्रेमी ने कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रेमिका का किसी दूसरे से अवैध संबंध के शक के चलते आशिक ने अपनी प्रेमिका को मौत के घाट उतार दिया है, घटना सीपत थाना क्षेत्र के सोठी गांव की है, पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार लिया है। जानकारी के मुताबिक सीपत थाना क्षेत्र के सोंठी गांव में रहने वाली 40 वर्षीय अनंत कुंअर के पति गणेश ने उसे कुछ वर्ष पूर्व छोड़ दिया, और दूसरी शादी कर ली थी। जिसके बाद महिला का गांव में ही रहकर किराना दुकान चलाने वाले सुनील शर्मा से उसका प्रेम संबंध हो गया। कुछ दिनों तक दोनों के बीच सबकुछ ठीक था, फिर आए दिन उनके बीच छोटी मोटी बातों को लेकर विवाद होने लगा। बीती रात करवा चौथ के



चलते महिला का प्रेमी सुनील शर्मा उसके घर पहुंचा। चरित्र शंका को लेकर दोनों के बीच एक बार फिर विवाद हुआ, और नशे में धुत्त आशिक ने महिला पर गैस लाइटर से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंच आरोपी सुनील शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है, और कार्रवाई कर रही है।

# त्यौहारी सीजन में संस्कारधानी में बिकेंगी जमकर नकली मिठाइयां, घर पर ही बनाएं सभी व्यंजन

## नकली खोवा व रासायनिक पदार्थों से बनी मिठाइयों से हो सकती है बीमारियां, घर पर ही शुद्ध रूप से बनाइए मिठाई

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

त्यौहार के दिनों में बाजार में नकली मावे और पनीर से बनी मिठाइयों का कारोबार जोर पकड़ लेता है। आए.दिन छापामारी की खबरें सुनने को मिलती हैं कि फलां जगह इतना नकली या मिलावटी मावा पकड़ा गया, फलां जगह इतना। इन मामलों में केस भी दर्ज होते हैं, गिरफ्तारियां भी होती हैं और दोषियों को सजा भी होती है। इस सबके बावजूद मिलावटखोर कोई सबक हासिल नहीं करते और मिलावटखोरी का धंधा बदस्तूर जारी रहता है। त्योहारी सीजन में कई मिठाई विक्रेताए होटल और रेस्टोरेंट संचालक मिलावटी और नकली मावे से बनी मिठाइयां बेचकर मोटा मुनाफा कमाएंगे। संस्कारधानी भी इस मामले से अब अछूता नहीं रह गया है । त्यौहारी सीजन में अब शहर में जमकर नकली मिठाइयां खपाने की लगभग सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

पायनियर की ये खास रपट आप जरूर पढ़ें, ज्यादातर मिठाइयां मावे और पनीर से बनाई जाती हैं। दूध दिनोंदिन महंगा होता जा रहा है। ऐसे में असली दूध से बना मावा और पनीर बहुत महंगा बैठता है। फिर इनसे मिठाइयां बनाने पर खर्च और ज्यादा बढ़ जाता है, यानी मिठाई की कीमत बहुत ज्यादा हो जाती है। इतनी महंगाई में लोग ज्यादा महंगी मिठाइयां खरीदना नहीं चाहते। ऐसे में दुकानदारों की बिक्री पर असर पड़ता है। और इन्हें खाने के बाद लोगों को तमाम तरह की परेशानियों से जूझना पड़ता है।

### इस तरह से होता है मिलावट



असली मिठाइयां मंहगी पड़ती हैं इसलिए बहुत से हलवाई मिठाइयां बनाने के लिए नकली या मिलावटी मावे और पनीर का इस्तेमाल करते हैं। नकली और मिलावटी में फर्क ये है कि नकली मावा शकरकंद, सिंघाड़े, मैदे, आटे, वनस्पति घी, आलू, अरारोट को मिलाकर बनाया जाता है। इसी तरह पनीर बनाने के लिए सिंथेटिक दूध का इस्तेमाल किया जाता है। मिलावटी मावे उसे कहा जाता है, जिसमें असली मावे में नकली मावे की मिलावट की जाती है। मिलावट इस तरह की जाती है कि असली और नकली का फर्क नजर नहीं आता। इसी तरह सिंथेटिक दूध यूरिया, कास्टिक सोडा, डिटर्जेन्ट आदि का इस्तेमाल किया जाता है। सामान्य दूध जैसी वसा उत्पन्न करने के लिए सिंथेटिक दूध में तेल मिलाया जाता है,जो घटिया किस्म का होता है। झाग के लिए यूरिया और कास्टिक सोडा और गाढ़ेपन के लिए डिटर्जेंट मिलाया जाता है।

### ऐसे पहचानें नकली मिठाइयों को



फूड विशेषज्ञों के मुताबिक थोड़ी.सी मिठाई या मावे पर टिंचर आयोडीन की पांच.छह बूंदें डालें। ऊपर से इतने ही दाने चीनी के डाल दें। फिर इसे गर्म करें। अगर मिठाई या मावे का रंग नीला हो जाए, तो समझें उसमें मिलावट है। इसके अलावा, मिठाई या मावे पर हाइड्रोक्लोरिक एसिड यानी नमक के तेजाब की पांच.छह बूंदें डालें। अगर इसमें मिलावट होगी, तो मिठाई या मावे का रंग लाल या हल्का गुलाबी हो जाएगा। मावा चखने पर थोड़ा कड़वा और रवेदार महसूस हो, तो समझ लें कि इसमें वनस्पति घी की मिलावट है। मावे को उंगलियों पर मसल कर भी देख सकते हैं अगर वह दानेदार है, तो यह मिलावटी मावा हो सकता है।

### जानिये फैक्ट फाइल के आंकड़ों को

दिवाली पर सूखे मेवे और चाकलेट देने का चलन भी तेजी से बढ़ा है। चॉकलेट का कारोबार बहुत तेजी से बढ़ रहा है। फू ड नेविगेटर.एशिया की रिपोर्ट की मानें, तो साल 2005 में भारत में चॉकलेट का उपभोग 50 ग्राम प्रति व्यक्ति था, जो साल 2013.14 में बढ़कर 120 ग्राम प्रति व्यक्ति हो गया। एक अन्य रिपोर्ट की मानें तो पिछले साल देश में चॉकलेट का 58 अरब रुपये का कारोबार हुआ था, जिसके साल 2019 में बढ़कर 122 अरब रुपये होने की संभावना है। चॉकलेट की लगातार बढ़ती मांग की वजह से बाजार में घटिया किस्म के चॉकलेट की भी भरमार है। मिलावटी और बड़े ब्रांड के नाम पर नकली चॉकलेट भी बाजार में खूब बिक रही हैं। इसी तरह जमाखोर रखे हुए सूखे मेवों को एसिड में डूबोकर बेच रहे हैं। इसे भी घर पर जांचा जा सकता है। सूखे मेवे काजू या बादाम पर पानी की तीन.चार बूंदें डाल, फिर इसके ऊपर ब्लू लिटमस पेपर रख दें। अगर लिटमस पेपर का रंग लाल हो जाता है, तो इस पर एसिड है।

### सेहत पर पद सकता है बुरा असर

इतना ही नहींए रंग.बिरंगी मिठाइयों में इस्तेमाल होने वाले सस्ते घटिया रंगों से भी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। अमूमन मिठाइयों में कृत्रिम रंग मिला, जाते हैं। जलेबी में कृत्रिम पीला रंग मिलाया जाता है, जो नुकसानदेह है। मिठाइयों को आकर्षक दिखाने वाले चांदी के वर्क की जगह एल्यूमीनियम फॉइल से बने वर्क इस्तेमाल लिए जाते हैं। इसी तरह केसर की जगह भुट्टे के रंगे रेशों से मिठाइयों को सजाया जाता है। चिकित्सकों का कहना है कि मिलावटी मिठाइयां सेहत के लिए बेहद नुकसानदेह हैं। इनसे पेट संबंधी बीमारियां हो सकती हैं। फूड प्वाइज्निंग का खतरा भी बना रहता है। लंबे अर्से तक खाने पर किडनी और लीवर पर बुरा असर पड़ सकता है। आंखों की रौशनी पर भी बुरा असर पड़



सकता है। बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास अवरुद्ध हो सकता है। घटिया सिल्वर फ़ॉएल में एल्यूमीनियम की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों के ऊतकों और कोशिकाओं को नुकसान हो सकता है। दिमाग पर भी असर पड़ता है। ये हड्डियों तक की कोशिकाओं को डैमेज कर सकता है। मिठाइयों को पकाने के लिए घटिया किस्म के तेल का इस्तेमाल किया जाता हैए जो सेहत के लिए ठीक नहीं है। सिंथेटिक दूध में शामिल यूरिया, कास्टिक सोडा और डिटर्जेंट आहार नलिका में अल्सर पैदा करते हैं और किडनी को नुकसान पहुंचाते हैं। मिलावटी मिठाइयों में फॉर्मेलिन, कृत्रिम रंगों और घटिया सिल्वर फॉएल से लीवर, किडनी, कैंसर, अस्थमैटिक अटैक, हृदय रोग जैसी कई बीमारियां हो सकती हैं। इनका सबसे ज्यादा असर बच्चों और गर्भवती महिलाओं पर पड़ता है। सूखे मेवों पर लगा एसिड भी सेहत के लिए बहुत ही खतरनाक है। इससे कैंसर जैसी बीमारी हो सकती है और लीवरए किडनी पर बुरा असर पड़ सकता है।

## राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी शिखा जैन का चयन



**राजनांदगांव।** शतरंज की राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी प्रतिभास्थली स्कुल डोंगरगढ़ की छात्रा कु शिखा जैन को राष्ट्रीय शतरंज में चयनित होने पर डोगरगढ़ चैस क्लब द्वारा छात्रा को विशेष सम्मान दिया जाएगा व राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा जो डोगरगढ़ में 25 दिसम्बर को आयोजित है उस शतरंज स्पर्धा का प्रवेश शुल्क व अन्य व्यय डोगरगढ़ चैस क्लब द्वारा शिखा जैन को ससम्मान दिया जाएगा।

## स्वयं सेवकों का एक दिवसीय कैम्प आयोजित

पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com

शिकारी महका में एक दिवसीय कैम्प का आयोजन प्राचार्य केएल टाण्डेकर के मार्गदर्शन में शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया के रासेयो के स्वयं सेवकों द्वारा एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ग्राम पंचायत के सरपंच रेवती सिन्हा, आंनदराम सिन्हा, लखन सिन्हा,डेमेन्द्र राजपूत अन्य ग्रामवासी की उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र का पूजन किया गया। सरपंच रेवती सिन्हा ने स्वच्छता ही सेवा पर अपना उद्बोधन दिया एवं महती कार्य हेतु अपनी शुभकामनाये दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवकों द्वारा गांव के प्रमुख गलियों नलकूप के आस .पास की सफ ाई, नालियों की सफ ाई, सार्वजनिक स्थलों की सफ ाई का कार्य किया गया एव लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक होने का संदेश नारों के माध्यम से दिया गया ।



**कैडेटों ने रैली निकालकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा**

**राजनांदगांव। एनसीसी कैडेटों ने शुक्रवार को रैली निकालकर अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एनसीसी कैडेटों की मांग है कि उन्हें शासकीय नौकरी के लिए उम्र में दो वर्ष की छूट और 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए।**

## गांधी विचार पदयात्रा के समापन में मायूस हुए कांग्रेसी

### समापन में गिनती के लोग रहे, प्रशासन के लोग गंभीरता से नहीं लिया, जनपद सीईओ पर उतारा गुस्सा

पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के हर ब्लॉक मुख्यालय में महात्मा गांधी की विचार पदयात्रा का आयोजन 11 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया गया। खुज्जी विधानसभा में भी ब्लॉक अध्यक्ष चुम्मन साहू के नेतृत्व में गांधी विचार पदयात्रा का आयोजन क्षेत्र के मोक्ष धाम सांकरदहरा से 11 अक्टूबर को प्रारंभ किया गया था। जिसका समापन 17 अक्टूबर को छुरिया के जनपद कार्यालय प्रांगण में हुआ। यह यात्रा सांकरदहरा से प्रारंभ होकर खुर्सीटिकुल, अछोली, चिरचारी खुद, तुमड़ीलेवा, पांडुका, आतरगांव, पदगुड़ा, बादराटोला, खुर्सीपार, बागद्वार, बेलरगोंदी, चिरचारी, हर्राटोला, जोशीलमती, गैंदाटोला, गहीराभेडी, हैदलकोड़ो, पांडेटोला, भोलापुर, शिकारीमहका, हालेकोसा, घोघरे ग्राम में भ्रमण करते हुए 17 अक्टूबर को छुरिया पहुंची। समापन कार्यक्रम की व्यवस्था को देखकर कांग्रेसियों में जनपद प्रशासन के प्रति गुस्सा फूट पड़ा।



### खाली कुर्सियों पर जताई शर्मिंदगी

चुम्मन साहू ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि हमारा संगठन गाँव.गाँव जाकर 7 दिनों तक कई लोगों की अस्वस्थता के बावजूद भूखे प्यासे रहकर महात्मा गांधी के विचारों को पहुंचाने मे अहम भूमिका निभाएं हैं। आज समापन कार्य म में खाली कुर्सियों को देखकर मुझे शर्मिंदगी महसूस हो रही है। यह जनपद प्रशासन की जिम्मेदारी थी कि लोगों को इस कार्य म में शामिल किया जाए क्योंकि यह राजनीतिक कार्य म नहीं था। उन्होंने कहा कि सीईओ की शिकायत जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष तथा मुख्य मंत्री के पास की जाएगी। पीसीसी मेंबर सिद्दीक मेमन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जनपद के सीईओ, महिला बाल विकास विभागए राजस्व विभाग को कोसते हुए कहा कि 15 साल से जमे अधिकारी, अधिकारी राज चला रहे हैं। नाथूराम गोडसे को माला पहनाने वाले जब तक रहेगें तब तक ऐसे ही कुर्सी खाली रहेगी। यहां बापू की एक तस्वीर भी नहीं लगाई गई। भूपेश बघेल के आदेश का उल्लंघन किया गया है। समापन कार्य म में पूर्व विधायक प्रकाश यादव, राहुल तिवारी, लादूराम तुमरेकी, पुष्पा सिन्हा, सूर्य कुमार खिलाड़ी, विपिन यादव, राजकुमारी सिन्हा, डुमेशवर साहू आदि ने भी अपना विचार व्यक्त किए।

### हुआ ऐतिहासिक स्वागत

इससे पूर्व गांधी विचार पदयात्रा का समूचे गांव में ऐतिहासिक स्वागत किया गया । गांधी विचार पदयात्रा के माध्यम से उपस्थित नेताओं ने समूचे ग्रामवासियों को गांधी जी के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए सत्य और अहिंसा के माध्यम से आगे बढ़ने को प्रेरित किया। गांव को स्वच्छ बनाए रखने भाईचारा एकता कायम रखने के लिए उत्साहित किया ताकि गांव में खुशहाली का माहौल सदैव बना रहे और गांव निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहें। छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना नरवा गरवा घुरवा बाड़ी के महत्व को बताते हुए उसके क्रियान्वयन के लिए समूचे ग्राम वासियों को नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना से जुड़कर आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया।

उक्त पदयात्रा कार्यक्रम में खुज्जी विधायक छन्नी साहू, पूर्व विधायक भोलाराम साहू,मेंबर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सिद्धीक मेमन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चुम्मन साहू,जिला कांग्रेस संयुक्त महामंत्री रितेश जैन, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी,सचिव जिला कांग्रेस कमेटी विपिन यादव, महामंत्री जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग तरुण सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया राजकुमारी सिन्हा, महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी यशवंत तिवारी, जनपद सदस्य डूमेश्वर साहू, मिथिलेश ठाकुर, पार्षद सुनील लारोकर, विधायक प्रतिनिधि एकनाथ सिन्हा, समाजसेवी मनोज सिन्हा, राजकुमार सिन्हा, सूर्य कुमार खिलाड़ी, चंदू साहू, उमेश साहू, शकील कुरेशी, लादूराम तुमरेकी, ऋ षि हिरवानी, विजय साहू, लालचंद साहू, गौतम चुरेंद्र, नरेंद्र साहू, राम गुलाल धावड़े, प्रताप धावड़, गिरधारी साह, कामता प्रसाद गंगबेर, देव पन्द्रो,पन्ना साहू, प्रहलाद मिश्रा, सुरेश शर्मा, प्रकाश शर्मा, भीखम देवांगन, शिखर अग्रवाल, राम कुमार साहू, मे पूरन नेताम, लेख चंद वर्मा, घुरउ राम वर्मा के साथ अन्य सभी ग्रामवासी यात्रा में सम्मिलित होकर यात्रा को सफ ल बनाने में अहम भूमिका निभाए हैं । तरुण सिन्हा ने आभार व्यक्त किया।

## 29 करोड़ के कार्यों का प्रभारी मंत्री ने किया अनुमोदन

- प्रभारी मंत्री अकबर की अध्यक्षता में डीएमएफ की शासी निकाय की प्रथम बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



वन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में आयोजित जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ के शासी निकाय की प्रथम बैठक में वित्तीय वर्ष 2019.20 के लिए 29 करोड़ 48 लाख रूपए के 350 कार्यों का अनुमोदन किया गया। प्रभारी मंत्री अकबर ने सभी कार्यों के संबंध में व्यापक विचार.विमर्श करने के बाद अनुमोदन दिया। इनमें प्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्र के लिए 22 करोड़ रूपए के 151 कार्य तथा अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्र के लिए 7 करोड़ 47 लाख रूपए के 199 कार्य शामिल हैं। राज्य सरकार की नई नीति के आधार पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कुपोषण एवं एनीमिया निवारण, स्वच्छता, अधोसंरचना विकास, जनकल्याण और सतत जीविकोपार्जन से संबंधित कार्यों का अनुमोदन किया गया। बैठक में उपस्थित डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू और खैरागढ़ विधायक देवव्रत सिंह ने विकास से संबंधित सुझाव भी दिए।

प्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्र में पेयजल के लिए 5 करोड़ 41 लाख 87 हजार रूपए के 58 कार्यों, स्वास्थ्य के लिए 4 करोड़ 86 लाख 50 हजार रूपए के 39 कार्यों, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के लिए 2 करोड़ 75 लाख रूपए के 4 कार्यों,शिक्षा के लिए 8 करोड़ 26 लाख 65 हजार रूपए के 44 कार्यों, स्वच्छता के लिए 10 लाख रूपए के दो कार्यों, अधोसंरचना विकास के लिए 60 लाख रूपए के 4 कार्यों का अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्र में पेयजल के लिए 81 लाख रूपए के 23 कार्यों,स्वास्थ्य के लिए 17 लाख 50 हजार रूपए के 6 कार्यों,कृषि के लिए 1 करोड़ 86 लाख रूपए के 4 कार्यों, सतत जीविकोपार्जन के लिए 1 करोड़ 80 लाख रूपए के 3 कार्यों, जनकल्याण के एक कार्य के लिए 35 लाख रूपए, अधोसंरचना विकास के लिए 2 करोड़ 33 लाख रूपए के 158 कार्यों तथा ऊर्जा के लिए 14 लाख 20 हजार रूपए के 4 कार्यों का अनुमोदन किया गया है।

जिला कलेक्टर एवं सदस्य सचिव जयप्रकाश मौर्य ने बैठक में जिला खनिज न्यास संस्थान के नये नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि न्यास में उपलब्ध कुल राशि के 60 प्रतिशत काम उच्च प्राथमिकता के और 40 प्रतिशत काम अन्य प्राथमिकता के कार्यों में व्यय किया जाना है। इसके साथ ही कुल व्यय का 20 प्रतिशत से ज्यादा राशि निर्माण संबंधी कार्यों में खर्च नहीं की जा सकेगी।



पायनियर

## पार्षद का पंचनामा

**नेशनल पायनियर** हिंदी अखबार के माध्यम से आप कर सकते हैं अपने वार्ड के मौजूदा **पार्षद का पंचनामा**। यहां दिए गए विवरण को पूरा करके बताएं अपने मौजूदा पार्षद का रिपोर्ट कार्ड।

आप यह फार्म भरकर हमें इस पते पर या दिए गए नंबरों पर वाट्सएप्प कर सकतें हैं..

**और हां, भेजिए जरुर क्यूंकि देश का विकास आपके मोहल्ले के विकास से ही शुरु होता है.**

**कार्यालय पायनियर**
वीआईपी रोड, महेश नगर सबरस होटल के सामने,
राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ - 491441
फोन 07744 - 223976

**07744 - 223976** (इसी नंबर पर वाट्सएप्प करें।)

पायनियर अखबार आज जिस वार्ड का पंचनामा करने जा रहा है वह वार्ड क्रं. 03, मोतीपुर वार्ड है। आरक्षण के बाद इस वार्ड से अनुसूचित जातिवर्ग (SC) की पुरुष प्रत्याशी हो सकते हैं।

**वार्ड का क्रमांक 03 - मोतीपुर वार्ड**
**वर्तमान पार्षद का नाम : धीरज घोड़ेसवार / दल : भाजपा**

1. क्या आप अपने पार्षद के अब तक के कार्यकाल से संतुष्ट हैं ?
   **हां** ☐ **नहीं** ☐
2. आपके वार्ड में मौजूदा पार्षद का काम कैसा रहा ?
   **अच्छा** ☐ **काम-चलाऊ** ☐ **बेकार** ☐
3. क्या आप दोबारा भी मौजूदा पार्षद को ही पार्षद देखना चाहते हैं ?
   **हां** ☐ **नहीं** ☐ **कभी नहीं** ☐
4. आने वाले चुनाव में आपके वार्ड का लोकप्रिय पार्षद प्रत्याशी कौन हो सकता है? (नाम लिखें)
   1. ________ 3. ________
   2. ________ 4. ________
5. क्या है आपके वार्ड का प्रमुख चुनावी मुद्दा?
   1. ________ 3. ________
   2. ________ 4. ________

# अबकारी मंत्री पर भाजपा प्रवक्ता के फेसबुक पोस्ट से विवाद, कांग्रेस ने की माफी की मांग

- भाजपा ने किया बस्तर का और आदिवासियों का अपमान
- फोटोशाप का दुरूपयोग कर छवि धूमिल करने की साजिश की

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com




भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने अपने फेसबुक पर मंत्री कवासी लखमा की तस्वीर को लेकर छन्नी पर चांद की जगह शराब की बोतल का दीदार करते हुए दिखाया- मचा बवाल भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने एक बार फिर विवादित पोस्ट अपने फेसबुक पर किया है जिससे बवाल मच गया है। करवा चौथ के त्यौहार पर प्रदेश के आबकारी मंत्री कवासी लखमा की तस्वीर को लेकर छन्नी पर चांद की जगह शराब की बोतल का दीदार करते हुए दिखाया है। कांग्रेस ने इसे धार्मिक आस्था पर चोट और आदिवासी नेता का अपमान बताया है। आईटी एक्ट के तहत इसकी शिकायत कांग्रेस करने जा रही है। चित्रकोट चुनाव के बीच इस प्रकार के विवादित पोस्ट करके आदिवासी नेता लखमा को बदनाम करने की साजिश है। लेकिन राजनीति में इतने निम्न स्तर का पोस्ट सिर्फ पब्लिसिटी के लिए ही है। गौरीशंकर इससे पहले भी कई मामलों में विवादित रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास के द्वारा सोशल मीडिया में आदिवासी मंत्री कवासी लखमा के छायाचित्र को एडिट कर शेयर कर अपमान करने की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा की सहज सरल सौम्य लोकप्रिय वरिष्ठ आदिवासी नेता कवासी लखमा जी का अपमान भाजपा के नेता सड़क से लेकर सदन तक करते आ रहे हैं उनका उपहास उड़ाते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने फोटोशाप का इस्तेमाल कर आदिवासी नेता की छवि धूमिल किया है ये आदिवासी नेता का अपमान, बस्तर का भी अपमान है। भाजपा प्रवक्ता ने फोटोशाप के जरिये आदिवासियों की छवि को शराब पीने वाले बनाने की साजिश की ही है साथ ही हिन्दु धर्म के रीति रिवाजो का भी अपमान किया है। सोशल मीडिया के जरिये भाजपा का आदिवासी विरोधी चरित्र हुआ बेनकाब। भाजपा प्रवक्ता ने फोटोशाप का दुरूपयोग कर आदिवासी नेता की छवि धूमिल करने की साजिश कर भाजपा ने खुद अपनी जड़ खोदने का काम किया है बस्तर से भाजपा अब समाप्त होगी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि आरएसएस और भाजपा का वास्तविक चरित्र ही है जो सोशल मीडिया में हमेशा दिखता है जब आरएसएस और भाजपा से जुड़े लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से लेकर देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के फोटोशाप के जरिये अपमानित एवं उनका चरित्र हनन करते है। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने सहज सरल भोले भाले लोकप्रिय वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री कवासी लखमा के छायाचित्र को एडिट कर करवाचैथ के पुण्य पर्व पर सोशल मीडिया में शेयर कर कवासी लखमा जी का अपमान तो किया ही है साथ ही पति की दीर्घायु एवं उन्नति के लिये करवाचैथ का व्रत रखने वाले बहनों का भी उपहास उड़ाया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि राजनीति में विरोध लोकतंत्र का दिया हुआ अधिकार है।

# मुख्यमंत्री बघेल ने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भेजा 'राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव' का आमंत्रण

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को राजधानी रायपुर में आगामी दिसम्बर माह में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। मुख्यमंत्री बघेल ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र भेजकर आमंत्रित किया है।

बघेल ने अपने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आगामी 27, 28 एवं 29 दिसम्बर 2019 को राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का पहली बार आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के जनजातीय समूहों को भागीदारी के लिए तथा पड़ोसी देशों के अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों को प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया है। श्री बघेल ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से उनके राज्य के श्रेष्ठ जनजातीय नृत्य दलों को इस नृत्य महोत्सव में भेजने और इस आयोजन में उनकी स्वयं की गरिमामय उपस्थिति का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने पत्र में छत्तीसगढ़ की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए लिखा है कि जनजातीय बहुल छत्तीसगढ़ राज्य आदिवासी संस्कृति से जीवंत है, जिसे प्रकृति का भी अनूठा उपहार मिला है। यहां प्राकृतिक संसाधनों और जैव विविधता की संपन्नता है, वहीं यह राज्य संस्कृति की दृष्टि से भी समृद्ध है। यहां के पहनावा, रहन-सहन, खानपान और भाषा-बोली की विविधता में राज्य की बहुरंगी संस्कृति झलकती है, जिसका महत्वपूर्ण भाग यहां के जनजातीय समुदाय के सदस्य हैं।

बघेल ने प्रदेश की जीवनदायनी पावन नदियों का उल्लेख करते हुए लिखा है कि छत्तीसगढ़ को महानदी, शिवनाथ, हसदेव, अरपा, केलो, रेण, महान, इंद्रावती, शबरी जैसी नदियों का वरदान मिला है। हम धान के कटोरा के रूप में पहचाने जाने के साथ दलहन-तिलहन उपजाते कृषक संस्कृति का सम्मान करने वाले प्रदेश हैं।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
न्यूरो सर्जरी विभाग
- सिर की गंभीर चोट
- रीढ़ की हड्डी की गंभीर चोट
- ब्रेन ट्यूमर एवं स्पाइन ट्यूमर सर्जरी
- एंडोस्कोपिक ब्रेन सर्जरी
- माइक्रोस्कोप एवं एंडोस्कोप (दूरबीन) व्दारा ऑपरेशन
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# गांधी विचार यात्रा 146 ब्लाकों में हुई संपन्न

- 11 से 17 अक्टूबर तक प्रदेश भर चला पदयात्रा का कार्यक्रम
- 3600 किमी की दूरी तय करके 15000 गांवों तक पहुंची यात्रा

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com






गांधी विचार पदयात्रा 11 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी 298 ब्लाकों में पदयात्रा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पदयात्रा में शामिल सभी पदयात्रियों ने 3600 किमी की दूरी पदयात्रा कर 15000 से अधिक गांवों में पहुंच कर तय की। गांधी के विचारों, आदर्शो एवं उनके द्वारा चलाये गये कार्यक्रमों को जन-जन तक हमारे कार्यकर्ता लेकर गये। रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम सबको सम्मति दे भगवान की गूंज से गांव-गांव तक गांधी विचारों का संदेश पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ताओं ने किया।

4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक कंडेल से गांधी मैदान रायपुर तक पदयात्रा का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। मुख्यमेत्री भूपेश बघेल 4 अक्टूबर को कंडेल धमतरी में पदयात्रा का शुभारंभ किया एवं समापन गांधी मैदान में किया, लगभग 74 किमी की पदयात्रा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कांग्रेसजनों के साथ पूरी की। कंडेल से गांधी मैदान तक गांधी विचार यात्रा कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के साथ प्रतिदिन कोई न कोई केबिनेट मंत्री और विधायकगण, कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही। पदयात्रा के माध्यम से महात्मा गांधी के विचारों के पाम्पलेट, राज्य सरकार की 9 माह की उपलब्धियां कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं समग्र विकास की अवधारणा लेकर चलने वाली, राज्य सरकार की एवं कांग्रेस पार्टी के इतिहास से आमजन को जोड़ने का काम किया गया।

11अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक की पदयात्रा में गांव के साथ-साथ शहरों में भी कांग्रेसजनों ने आम लोगों तक पहुंच कर गांधी संदेश पहुंचाने का पवित्र काम किया। जगह-जगह नुक्कड़ सभा, आम सभा, घर-घर जनसंपर्क किया और गांधी के आदर्शो और विचारों से नई पीढ़ी के नौजवानों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण काम किया। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी यात्रा से स्वयं जुड़ते जाते थे और एक गांव से दूसरे गांव, एक वार्ड से दूसरे वार्ड तक यात्रा को आगे पहुंचाया जाता था। यह क्रम लगातार 7 दिनों तक प्रदेश के सभी 146 ब्लाकों में अनवरत चलता रहा। गांधी विचार पदयात्रा में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राष्ट्रीय सचिव चंदन यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा, सभी मंत्रीगण, विधायकगण, मोर्चा संगठनों, युवा कांग्रेस, एन.एस.यु.आई., महिला कांग्रेस, सेवादल एवं सभी प्रकोष्ठ, विभाग के पदाधिकारी, जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षगण शामिल हुये।

# छत्तीसगढ़ पुलिस शहीद जवानों के परिजनों के सदैव साथ : डीजीपी



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने आज पुलिस ट्रांजिट हॉल में शहीद पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के परिजनों से मिलकर शहीदों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुये उनका कुशल-क्षेम पूछा. पुलिस महानिदेशक श्री अवस्थी ने शहीदों के परिवार जनों को आश्वस्त करते हुये कहा कि उनके दुख-सुख में छत्तीसगढ़ पुलिस सदैव उनके साथ है और भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की समस्या या कठिनाई आती है तो पुलिस विभाग उसे हल करने का गंभीरता से प्रयास करेगा. उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर को ÷पुलिस स्मृति दिवस÷ के अवसर पर आयोजित होने वाले शोक-श्रद्धांजली कार्यक्रम में भाग लेने के लिये राज्य पुलिस में शहीद हुये पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के परिजन राजधानी रायपुर आये हुये हैं।

19 October PIONEER BAZAAR 2019

ITR TDS GST
इनकम टैक्स रिटर्न फाईल मात्र 500/-
GST नम्बर / रिटर्न फाईल- TDS रिफंड
संपर्क करें शेखर गुप्ता 9300755544 9425165464
हमारे Tax Expert आपकी मदद करनें हेतु तैयार हैं।
देवेन्द्र नगर, रायपुर
WWW.ONLYTDS.COM

लोन लोन लोन लोन
50 हजार से 50 करोड़ तक के होम, मोर्टगेज एवं इंडस्ट्रियल लोन, प्रॉपर्टी टेकओवर, कंस्ट्रक्शन, सीसी लिमिट, पशुपालन, पोल्ट्रीफार्म, डेयरीफार्म, एग्रीकल्चर एवं बड़े-छोटे व्यापारों के लिए बिज़नेस व पर्सनल लोन आदि नेशनल एवं प्राइवेट बैंकों द्वारा फाइनेंस कराया जाता है। अधिक जानकारी के लिए
संपर्क- 8770775909, रायपुर। शर्तें लागू

होमलोन व मार्डगेजलोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रियकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होमलोन ब्याज दर मात्र 8.85 %*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 10 %*
*शर्ते लागू
- कोई छुपा खर्च नही
- कोई कमीशन नहीं
- फास्ट प्रोसेसिंग
- घर बैठे सुविधा
वर्तमान होम लोन, मार्डगेज लोन एवं सी सी लिमिट को ट्रांसफर कराएँ कम ब्याज दर पर कोई प्रोसेसिंग शुल्क नही लिया जायेगा।
Shri Siddhi Vinayak Finance
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, RAIPUR (C.G.)
Mo.9329002356

दोना पत्तल मशीन
सेमी आटोमेटिक मशीन में दोना पत्तल बनाओ और बना हुआ माल हमे वापस देकर एक निश्चित आय का साधन बनावें। पिछले 11 वर्षों का विश्वनीय संस्थान
नोट:- कोर्ट एग्रीमेन्ट वालो से सावधान रहे। कादम्बरी ट्रेडर्स हिरापुर रोड, महोबा बाजार अंडर ब्रिज के पास रायपुर
मो:8982606073, 9424215173

Toner Toner Toner Toner Toner Toner
12a Cartridge@400/-* (Compatible)
12a Refilling @200/-*
12a Refilled Cartridge @300/-*
On spot refilling also available
*Condition Apply
Callaway
Ajit Tower, Ramsagarpara, Raipur
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध
9827146567, 7723917757, 9329846567, 9303903469

15 वर्षो से विश्वसनीय अब तक हजारों संतुष्ठ ग्राहक
गंजापन से आजादी मात्र 1 घंटे में
लेटेस्ट सिलिकान बॉडिंग
Free Demo
बिना सर्जरी के अमेरिकन, (ट्रांसपेरेंट पैच) तकनीक से
मनचाहा हेयर स्टाईल पायें
Man & Woman
Before After
हेयर एण्ड केयर विविंग प्वांइट
रायपुर शॉप नं.-19, प्रथमतल समवेत शिखर परिसर, एकात्म परिसर के सामने रजबंधा मैदान, रायपुर, मो.: 98271-03630, फोन: 0771-6451630
बिलासपुर ए-214, सी.-1 श्रीनारायण प्लाजा, दूसरी मंजिल, श्रीकांत वर्मा मार्ग के सामने, लिंक रोड, बिलासपुर, मो.: 93006-60864, 98271-03630

Contact for Advertisement- 7723917757, 9827146567, 9329846567, 9303903469

# भिलाई में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में सरस्वती कला केंद्र के कलाकारों ने मारी बाजी

## संचालिका एन.रोहिणी को मिला फाइन आर्ट में प्रथम स्थान

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

नृत्यधाम कला समिति द्वारा भिलाई में 11 से 17 अक्टूबर तक आयोजित इंटरनेशनल कल्चर हारमनी 'देश राग' में रायपुर सरस्वती कला केंद्र के कलाकारों ने विभिन्न कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. सरस्वती कला केंद्र के कलाकारों ने नृत्य, संगीत और चित्रकला में शीर्ष तीन स्थानों में अपनी जगह बनाई वहीं केंद्र की संचालिका एन. रोहिणी ने फाइन आर्ट में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ उन्हें बेस्ट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया. राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्पर्धा में विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें रायपुर के रायपुर सरस्वती कला केंद्र से संगीत में जूनियर कैटेगरी में स्नेह कुमारी प्रथम स्थान, सब जूनियर में वी. विनीत राव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया. सरस्वती कला केंद्र की संचालिका को फाइन आर्ट सीनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान मिला साथ ही कला के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें बेस्ट अवार्ड व प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# राज्यपाल ने ली विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक



**रायपुर।** राज्यपाल अनुसुईया उइके ने आज राजभवन के कांफ्रेंस हॉल में समस्त विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सोनमणि बोरा, उच्च शिक्षा विभाग की सचिव अलरमेलमंगई डी., विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अतिरिक्त सचिव देवस्वरूप, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, उपस्थित हुए।

# नगरीय-निकाय चुनावों के लिए जिला स्तर पर सभी तैयारियों को निश्चित समय सीमा में पूर्ण करें : रामसिंह

- राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर रामसिंह ने दिए निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्य निर्वाचन आयोग ने आगामी नगरीय चुनावों के लिए जिला स्तर पर सभी तैयारियां निश्चित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं । राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री ठाकुर रामसिंह ने यह निर्देश आज रायपुर में राज्य के सभी जिलों से आये उप जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में दिये । बैठक में निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की गयी । बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग की सचिव कु. जिनेविवा किंडो और अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे ।

बैठक में नगरपालिकाओं में अंतिम प्रकाशन के बाद मतदाताओं की संख्या , निर्वाचन के लिए उपलब्ध मतदान सामग्री , अतिरिक्त आवश्यक सामग्री , अमिट स्याही की आवश्यकता , मतपत्र के लिए कागज , उपलब्ध वाहन इत्यादि की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गयी । बैठक में राज्य की नगरपालिकाओं में मतदान केन्द्र , संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की संख्या के बारे में भी चर्चा की गयी । बैठक में मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण और कंट्रोल रूम आदि के बारे में भी उप जिला निर्वाचन अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गयी।

श्री बालाजी
हॉस्पिटल मोवा, रायपुर
मध्यभारत के अनुभवी एवं सुप्रसिद्ध कार्डियक सर्जन
बीटिंग हार्ट बाईपास सर्जरी
2,00,000/-
अब मात्र 1,60,000/-*
कार्डियक चेकअप मात्र 5,55*/-
एंजियोग्राफी मात्र 8,999*/-
*नियम व शर्ते लागू
आयुष्मान से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध
दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
9926191294,9340098466

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित
संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403